जबलपुर
शनिवार 21 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-4
वर्ष : 20, अंक : 293
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 25
न्यून. 15

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

माइक्रोसॉफ्ट कंपनी का बड़ा ऐलान

## भारत समेत ग्लोबल साउथ में एआई पर 4 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी

**एआई से जुड़े स्टार्टअप्स को भी फायदा मिलेगा**


ब्रैड स्मिथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में चल रहे एआई इंपैक्ट समिट 2026 के दौरान बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने कहा है कि वह इस दशक के अंत तक यानी 2030 तक करीब 50 अरब डॉलर एआई से जुड़े इंफ्रा और स्किल डेवलपमेंट पर खर्च करेगी। भारतीय रुपए में देखें तो यह रकम करीब 4 लाख करोड़ रुपए बैठती है। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमेन और प्रेसीडेंट ब्रैड स्मिथ ने मंच से कहा कि एआई का फायदा अभी दुनिया में बराबर नहीं बंटा है। कुछ देशों में एआई तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन कई देशों में इसकी पहुंच अभी भी कम है।

**डेटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रा पर फोकस**

कंपनी का फोकस एआई डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रा और लोकल लेवल पर एआई स्किल बढ़ाने पर रहेगा। साथ ही टीचर्स और स्टूडेंट्स को भी एआई से जोड़ने की योजना है ताकि आने वाले समय में ज्यादा लोग एआई टूल्स का सही तरीके से इस्तेमाल कर सकें।

*नई दिल्ली में की इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट- 2026 में सहभागिता*

# मप्र में तैयार किया जाएगा एआई का पूरा नया ईको सिस्टम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को नवाचार के साथ सबके विकास, सामाजिक समरसता, सुशासन और देश-प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साधन के रूप में अपनाना होगा। एआई के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ेगी, निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और आम नागरिक तक योजनाओं का लाभ भी अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि हम निर्भय होकर एआई से प्रदेश के विकास की सभी संभावनाओं पर काम करेंगे। शीघ्र ही मध्यप्रदेश स्टेट एआई मिशन लांच करेगा, जो शासन प्रणाली, सार्वजनिक सेवाओं और आर्थिक अवसरों को तकनीक आधारित रूप में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

- प्रदेश में एआई बेस्ड डेटा सेंटर की स्थापना के लिए निवेशक आमंत्रित
- निर्भय होकर एआई से विकास की सभी संभावनाओं पर करेंगे काम



**मप्र के ईको सिस्टम के होंगे 5 मुख्य हिस्से**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में एआई का पूरा नया ईको सिस्टम तैयार किया जाएगा। इस ईको सिस्टम के 5 मुख्य हिस्से होंगे। पहला, कम्प्यूटर इंफ्रॉस्ट्रक्चर- इसमें साझा जीपीयू और डेटा सेंटर होगा। दूसरा, टैलेंट डेवलपमेंट- इसमें कॉलेजों में एआई की पढ़ाई और इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन किया जाएगा।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### एनएसयूआई के अध्यक्ष बनाए गए विनोद जाखड़



**नई दिल्ली।** राजस्थान में एनएसयूआई इकाई के अध्यक्ष रहे विनोद जाखड़ को कांग्रेस ने एनएसयूआई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह वरुण चौधरी का स्थान लेंगे। वह राजस्थान में छात्र संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पार्टी युवा और दलित समीकरणों साध रही है।

### सिहोरा में पथराव के बाद 49 गिरफ्तार



**जबलपुर।** सिहोरा तहसील में गुरुवार रात दुर्गा मंदिर और मस्जिद के बीच आरती-अजान को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पथराव और मारपीट के बाद इलाके में कर्फ्यू जैसे हालात हैं। अब तक 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### सोना 850 रुपए चढ़कर 1.59 लाख रुपए पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 850 रुपये बढ़कर 1,59,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 2.64 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,58,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर बंद हुई थी। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 2,64,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रहीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 30.83 डॉलर यानी 0.62 प्रतिशत बढ़कर 5,027.13 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## 'पैक्स' का मतलब है शांति और स्थिरता... जबकि 'सिलिका' का मतलब सिलिकॉन... जो आधुनिक कंप्यूटर चिप्स के लिए बेहद जरूरी रॉ मेटेरियल

अमेरिका संग पैक्स सिलिका में शामिल हो गया भारत

# चिप व मिनरल 'सप्लाई चेन' होगी सेफ, चुनिंदा देशों पर निर्भरता खत्म


अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगर यह भावना 1947 से बनी रहती, तो हम सभी कल्पना कर सकते हैं कि भारत की विकास दर में कितनी तेजी आई होती। कोई बात नहीं, भले ही यह 2014 से हो। अब, आपकी पीढ़ी इस विकास दर का लाभ उठाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में भारत-अमेरिका के बीच ऐतिहासिक अलायंस हुआ। भारत शुक्रवार को अमेरिका के नेतृत्व वाले पैक्स सिलिका अलायंस में शामिल हो गया। यह गठबंधन सेमीकंडक्टर (चिप), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और महत्वपूर्ण मिनरल की ग्लोबल सप्लाई चेन को सुरक्षित और मजबूत बनाने के मकसद से बनाया गया है। अमेरिका ने दिसंबर 2025 में पैक्स सिलिका की शुरूआत की थी। पीएएक्स का अर्थ है शांति और स्थिरता, जबकि सिलिका का मतलब सिलिकॉन है, जो आधुनिक कंप्यूटर चिप्स के लिए बेहद जरूरी रॉ मेटेरियल है।

**इस समझौते पर हस्ताक्षर के समय भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर, अमेरिका के मंत्री जैकब हेलबर्ग और भारत के आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद थे**


भारत के पैक्स सिलिका पहल में शामिल होने की घोषणा की गई

***ट्रंप प्रशासन में मंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा कि कई देश आर्थिक दबाव और ब्लैकमेल का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है। यह पहल तकनीक और सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाकर देशों की समृद्धि बढ़ाएगी***

**गठबंधन में शामिल हैं यह प्रमुख देश**

*इस घोषणा पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, यूएई, सिंगापुर, इस्त्राइल, कतर और ग्रीस शामिल हैं। जबकि कनाडा, यूरोपीय संघ, नीदरलैंड्स और ताइवान जैसे देश इसमें भागीदार के रूप में जुड़े हैं। अब भारत के शामिल होने से यह समूह और अधिक मजबूत हो गया है।*

**चीन पर निर्भरता कम करने की रणनीति**

हालांकि, आधिकारिक तौर पर यह नहीं कहा गया है कि यह गठबंधन चीन के तकनीकी प्रभुत्व को कम करने के लिए बनाया गया है, लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि इसका मकसद यही है। ग्लोबल सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में चीन की बड़ी भूमिका रही है, ऐसे में भारत इस क्षेत्र में नए किंग के रूस में उभर सकता है।

**यह साझेदारी आजादी, ताकत और जीत का चुनाव**

अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के शामिल होने को बहुत अहम बताया। सर्जियो गोर ने कहा यह साझेदारी आजादी, ताकत और जीत का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह तय करेगा कि भविष्य की तकनीक बंगलूरू और सिलिकॉन वैली में बनेगी या निगरानी वाले देशों में। ट्रंप प्रशासन में मंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा कि कई देश आर्थिक दबाव और ब्लैकमेल का सामना कर रहे हैं।


विरोध प्रदर्शन करते हुए

भारत मंडपम में एआई समिट के दौरान

## कांग्रेस का 'टी-शर्ट लेस' प्रदर्शन, भाजपा ने कहा- ये छवि खराब करने की साजिश

- *4 कांग्रेसी गिरफ्तार, साजिश सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज*
- *मुख्य आरोपी की पहचान बिहार के सोनपुर जिले के कृष्णा हरि के रूप में*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मंडपम में एआई समिट के दौरान 20 से 30 यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन पर दिल्ली पुलिस ने एक्शन लिया है। मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाएगा। एफआईआर में कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं, जिसमें साजिश और अन्य अपराध शामिल हैं। आरोपियों ने पुलिस के साथ काफी देर तक हाथापाई की और विरोध किया। दिल्ली पुलिस अब इस घटना के पीछे की बड़ी साजिश की जांच कर रही है। चारों में मुख्य आरोपी की पहचान बिहार के सोनपुर जिले के कृष्णा हरि के रूप में हुई है।

सीएम डॉ. यादव बोले

**कांग्रेस की राष्ट्र विरोधी विचारधारा उजागर**

नई दिल्ली में चल रहे एआई इंपैक्ट में कांग्रेसियों के प्रदर्शन पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि किया गया हंगामा, देश की प्रगति से उपजी बेचैनी का प्रतीक है। जब दुनिया, भारत की तकनीकी क्षमता को स्वीकार कर रही है।

**राहुल के घर रची गई साजिश : भाजपा**

*घटना के विरोध में भाजपा ने शनिवार सुबह 10 बजे कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि यह प्रदर्शन सड़क स्तर का नहीं बल्कि राहुल गांधी के आवास पर योजना बनाकर किया गया।*

मोबाइल का पैटर्न लॉक खुलवाया जा रहा

### इंडिगो एयरलाइंस के फ्लाइट मैनेजर ने घर में लगाई फांसी

**भोपाल।** परवलिया सड़क में शीतल स्टार सिटी कॉलोनी में इंडिगो के एयरलाइंस मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश उनकी पत्नी ने फर्स्ट फ्लोर पर कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मोबाइल का पैटर्न लॉक खुलवा रही है। परिजन के बयान और मोबाइल की जांच के बाद ही आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा।


■ दुपट्टे के सहारे पंखे पर लटक कर दी जान

पार्टी हाई कमान को भेजा पत्र

### उप नेता प्रतिपक्ष कटारे ने पद से दिया इस्तीफा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को सौंपा है। इस संबंध में संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने बताया कि हेमंत कटारे ने इस्तीफे में पारिवारिक दायित्वों एवं समय की कमी का उल्लेख किया है।


■ लिखा -परिवार की जिम्मेदारी मैं नहीं संभाल पा रहा

हल्दी-मेहंदी और महिला संगीत होगा

### महाकाल का शाही रिसेप्शन 26 को, पूरे शहर को न्योता

**उज्जैन।** उज्जैन में महाशिवरात्रि पर बाबा महाकाल के दर्शन के बाद शहर में एक बार फिर बड़े उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। यह विवाह महोत्सव 16 फरवरी को बाबा महाकाल का 26वां शाही रिसेप्शन और भव्य नगर भोज होगा। यह कार्यक्रम महाकाल आरती परिवार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। यह आयोजन का 26वां साल है। इस बार भी आयोजन नरसिंह घाट के सामने स्थित कुमावत धर्मशाला में संपन्न होगा।


■ नगरकोट से निकलेगी बारात

## मैहर में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान हादसा



*विजयवर्गीय के खिलाफ था प्रदर्शन*

*दोषियों पर एफआईआर की तैयारी*

**पुतला 'छीनते' समय भड़की आग में टीआई ही झुलस गए**

**मैहर।** यहां कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान हादसा हो गया। शुक्रवार सुबह कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका जा रहा था। पुतला दहन को रोकने और उसे छीनने की कोशिश कर रहे ट्रैफिक टीआई विक्रम सिंह पाठक अचानक भड़की आग की चपेट में आ गए। इस घटना में टीआई कमर व पीठ के पास से गंभीर रूप से झुलस गए, जिसके बाद उन्हें मैहर के सिविल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। गौर हो कि मंत्री विजयवर्गीय ने विधानसभा में कार्यवाही के दौरान नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता उमंग सिंघार को औकात में रहने जैसी बात कही थी।

सुविधा के अनुसार स्टेशन चुन सकेंगे

## ट्रेन छूटने से 15 मिनट पहले तक बदल सकेंगे बोर्डिंग स्टेशन

यात्रियों को राहत के लिए बनाया यह प्लान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेल में सफर करने वाले यात्रियों की अच्छी खबर है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्डिंग स्टेशन बदलने के नियमों में बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। मौजूदा प्रक्रिया के तहत ट्रेनों के तय समय से करीब 10 से 20 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट बनना शुरू हो जाता है। यात्रियों को ज्यादा सुविधा देने के लिए रेलवे बोर्ड ने सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम को इस प्रस्ताव की व्यावहारिकता जांचने को कहा है। इसके तहत सामान्य ट्रेनों में यात्री चार्ट तैयार होने से करीब तीस मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। जबकि प्रीमियम ट्रेनों जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस में यह सुविधा ट्रेन रवाना होने या चार्ट बनने से सिर्फ 15 मिनट पहले तक मिल सकती है।

*विधायक सोहनलाल बाल्मीक ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले से लगभग 933 बच्चियां लापता*

*बाल्मीक का दावा-मप्र से 2 लाख 74 हजार 311 महिलाएं-बालिकाएं गायब*

## 6 महीने से लापता दो बच्चियों का अब तक सुराग नहीं मंत्री पटेल ने कहा-दो टीमें नागपुर और इंदौर भेजी गईं


सोहनलाल


नरेंद्र शिवाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा जिले के अंबाड़ा की दो नाबालिग बच्चियों के अचानक गायब होने के छह महीने बीतने के बाद भी वापस नहीं आने का मुद्दा विधानसभा में उठा। राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जवाब में कहा कि बच्चियों को वापस लाने के लिए एसपी ने 9 सदस्यीय विशेष विवेचना दल का गठन किया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए 25 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की गई है। मानव दुर्व्यापार की आशंका को दृष्टिगत दो टीमें नागपुर व इंदौर भेजी गई है। यह टीमें होटलों, लॉज, किराए के मकान, औद्योगिक क्षेत्र में लगातार तलाश कर रही है। इस मामले को लेकर कई सदस्यों व सभापति अर्चना चिटनीस ने त्वरित कदम उठाने को कहा। छिंदवाड़ा जिले के विधायक सोहनलाल बाल्मीक ने ध्यानाकर्षण में दो बच्चियों के लापता होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि छिंदवाड़ा जिले में लगभग 933 बच्चियों का आज तक पता नहीं चल पाया।



**मिशन वात्सल्य पोर्टल में दर्ज कर विवेचना जारी**

राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि दोनों बालिकाएं स्कूल न जाकर ऑटो रिक्शा से जुन्नारदेव क्षेत्र तक गई थीं। इन संभावित मार्गों पर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण किया गया। तत्काल रेडियो मैसेज से सभी जिलों के थाना, चौकियों को सूचित कर व्यापक स्तर पर पतासाजी के लिए निर्देशित किया गया। गुमशुदा बालिकाओं की जानकारी मिशन वात्सल्य पोर्टल में दर्जकर उनके फोटो, पंपलेट जिले सहित अन्य जिलों एवं सोशल मीडिया माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित किए गए हैं।

बांग्लादेश सरकार का बड़ा फैसला

## भारत के साथ वीजा सेवाएं बहाल, भारत भी उठाएगा कदम

एजेंसी ▶▶ ढाका/नई दिल्ली

भारत-बांग्लादेश रिश्तों में सुधार की दिशा में पहला कदम उठाते हुए दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन ने शुक्रवार को भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दीं। करीब दो महीने पहले इन सेवाओं को रोक दिया गया था। एक दिन पहले ही भारत के एक वरिष्ठ वाणिज्य दूतावास अधिकारी ने कहा था कि नई दिल्ली भी जल्द बांग्लादेश में सभी वीजा सेवाएं बहाल करेगी। दिसंबर में दोनों देशों के रिश्तों में तेज गिरावट के बाद वाणिज्य दूतावास और वीजा सेवाएं रोक दी गई थीं।


■ दोनों देशों के बीच रिश्तों में सुधार की उम्मीद

बंगाल में आगामी चुनाव पर सियासी हलचल तेज

# सत्ताधारी टीएमसी ने प्रत्याशियों को चुनने की शुरुआती प्रक्रिया शुरू की, 'कुछ बड़े' सदस्यों के चुनावी क्षेत्रों में फेरबदल होगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने उम्मीदवारों को चुनने की शुरुआती प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व इस बार कई बड़ें फैसले ले सकती है। इसके तहत राज्य मंत्रिमंडल के कुछ बड़े सदस्यों और पार्टी के अनुभवी विधायकों के चुनाव क्षेत्रों में बदलाव किया जा सकता है। इस बीच सियासी रणनीतिकारों का मामना है कि मुख्यमंत्री ममता को भाजपा से कड़ी टक्कर मिल सकती है। इसी के मद्देनजर सीएम ममता राजनीतिक सर्जरी में जुट गई है।

**अनुभवी चेहरों की सीटें बदलेंगी सीएम ममता**

बुधवार - गुरुवार को 2 दिवसीय बैठक भी कर चुकीं

### विधायकों के टिकट कटने और सीट बदलने पर मंथन



सीएम ममता बेनर्जी की सांसदों के साथ बैठक

### ममता के आवास पर हुई अहम बैठकें

कालीघाट स्थित सीएम ममता बनर्जी के आवास पर बुधवार और गुरुवार को दो दौर की अहम बैठकें हुईं। इसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया। आगामी चुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों के चयन पर प्रारंभिक चर्चा हुई।

बैठक में विचार किया गया कि मंत्रियों और अनुभवी विधायकों को इस बार नई सीटों से चुनाव लड़ाया जाए। कुछ मौजूदा विधायकों को दोबारा टिकट न देने पर भी बात हुई। ऐसे विधायकों को संगठन के काम में लगाया जाएगा। नेतृत्व का पूरा जोर इस बात पर है कि उम्मीदवारों की सूची में पुराने दिग्गजों और नए चेहरों के बीच एक सही संतुलन बनाया जाए।

### राज्यसभा चुनाव की रणनीति भी तैयार

बंगाल से 16 मार्च को होने वाले 5 राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन पर भी चर्चा शुरू हो गई है। टीएमसी कम से कम 4 सीटें जीतने की तैयारी में है, जबकि भाजपा को एक सीट से ही संतोष करना पड़ेगा। तीन सीटें पार्टी के नेताओं की होंगी, जबकि एक गैर-राजनीतिक चेहरा होगा।

### गोखले के नाम पर संशय



फिलहाल टीएमसी के राज्यसभा सांसदों में साकेत गोखले, ऋतब्रत बेनर्जी और सुब्रत बख्शी शामिल हैं। वहीं मौसम बेनजीर नूर पहले ही इस्तीफा देकर कांग्रेस में लौट चुकी हैं, जिससे एक सीट खाली है। सूत्रों का कहना है कि इस बार चारों सीटों पर बदलाव संभव है। सबसे बड़ी चर्चा एक वरिष्ठ पत्रकार को राज्यसभा भेजे जाने को लेकर है। साकेत गोखले को दोबारा मौका मिलने की संभावना कम है।

#### ऋतब्रत विधानसभा में उतरेंगे

ऋतब्रत बेनर्जी को लेकर संकेत हैं कि उन्हें विधानसभा चुनाव में



उम्मीदवार बनाया जा सकता है। मौसुम नूर की सीट पर किसी अल्पसंख्यक महिला को मौका दिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

#### सुब्रत पर फैसला ममता करेंगी

वरिष्ठ नेता सुब्रत बक्शी के भविष्य पर अंतिम फैसला ममता लेंगी।



विधानसभा चुनाव से पहले यह राज्यसभा चुनाव टीएमसी के लिए संगठनात्मक पुनर्संरचना और रणनीतिक संतुलन साधने का अहम अवसर है।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन कल

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन जल्द होने जा रहा है।



फिलहाल कुल 82.15 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में से 55 किलोमीटर का हिस्सा न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक चालू है। घोषणा की है कि बाकी हिस्से का उद्घाटन 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इससे समय की बचत होगी।

### कोचिंग सेंटर में आग 90 छात्र बाल-बाल बचे

**हैदराबाद।** हैदराबाद में शुक्रवार सुबह एक कोचिंग सेंटर में आग लग गई। यह अमीरपेट स्थित



मैत्रीवनम नाम के एक अपार्टमेंट में आग लगी, इस दौरान कुछ छात्र अंदर फंस गए थे, लेकिन दो दमकल गाड़ियां और बचाव दल मौके पर पहुंचे और छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### गैंगरेप के दोषियों को सुनाई फांसी की सजा

**दौसा।** महिला से गैंगरेप और फिर उसकी निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में अदालत ने कड़ा फैसला



सुनाया है। इस मामले में दोनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋतु चौधरी ने शुक्रवार को सजा सुनाई। कोर्ट ने सजा पर फैसला सुरक्षित रखा था।23 अप्रैल 2022 को जयपुर निवासी महिला अपने पीहर आ रही थी।

### कुंद्रा को बिटकॉइन मामले में जमानत


**नई दिल्ली।** बिजनेसमैन से एक्टर बने राज कुंद्रा को शुक्रवार को 150 करोड़ रके बिटकॉइन स्कैम मामले



में जमानत मिल गई है। पीएमएलए के तहत विशेष न्यायालय ने राज कुंद्रा को शुक्रवार को जमानत दे दी है। साथ ही इस मामले में जांच की जा रही है। कुंद्रा के वकील प्रशांत पाटिल ने अदालत को बताया कि जांच के दौरान उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया था।

### बॉलीवुड डायरेक्टर भट्ट को जमानत

**उदयपुर।** 30 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी



पत्नी श्वेतांबरी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट को कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है और साथ ही दोनों पक्षों को मध्यस्थता के जरिए मामले को सुलझाने की सलाह दी है। 13 फरवरी को अंतरिम जमानत दी थी।

---

## पश्चिम बंगाल एसआईआर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

# हाईकोर्ट से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का निर्देश, साथ ही समन्वय भी सुनिश्चित किया जाए

## पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों की नियुक्ति नही की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में निर्वाचन आयोग की तरफ से कराए जा रहे एसआईआर)को लेकर उपजे विवाद के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को कई अहम निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि एसआईआर के काम में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि न्यायिक अधिकारियों को राहत दें और बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए पूर्व न्यायाधीशों को नियुक्त करने की दिशा में काम करें। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन के लिए पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों की नियुक्ति न करने का भी संज्ञान लिया। एसआईआर में न्यायिक अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच जारी गतिरोध को देखते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने समन्वय कर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने और अनुकूल कार्य वातावरण बनाने का निर्देश दिया।

**प्रक्रिया पर गतिरोध दूर किया जाए**

एसआईआर में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें

### नियमित सुनवाई पर असर की आशंका



कोर्ट ने कहा कि बंगाल में असाधारण हालात के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। इस निर्देश से नियमित अदालतों में मामलों की सुनवाई प्रभावित हो सकती है, समय एसआईआर प्रक्रिया में लगेगा।

### याचिका पर सुनवाई और पक्षकारों की दलीलें

सीएम ममता बेनर्जी की ओर से दाखिल याचिका पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने सुनवाई की। राज्य की ओर से कपिल सिब्बल ने पैरवी की।

**राज्य सरकार के रवैए पर नाराजगी**

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के रुख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वह ईआरओ-एईआरओ के लिए योग्य अधिकारियों की व्यवस्था करने में विफल रही है।

### भड़काऊ बयानों पर सख्त टिप्पणी

कोर्ट ने भड़काऊ और धमकी भरे भाषणों के मामलों पर भी कड़ी टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसे बयान अक्सर चुनाव के दौरान दिए जाते हैं और आरोप-प्रत्यारोप का माहौल दो संवैधानिक संस्थाओं- चुनाव आयोग और राज्य सरकार- के बीच भरोसे की कमी दर्शाता है। डीजीपी से हलफना मामांगा। अगली सुनवाई मार्च में होगी।

### कोर्ट ने ये निर्देश दिए

- दावे और आपत्तियों का फैसला अब सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारी करेंगे।
- सीजेएम को हटाकर अन्य उपयुक्त न्यायिक अधिकारियों/पूर्व जजों को लगाया जाए।
- बंगाल सरकार द्वारा पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों को तैनात न करने पर गंभीर नाराजगी जताई।
- चुनाव आयोग को 28 फरवरी को बंगाल की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है।
- जरूरत पड़ने पर बाद में पूरक (सप्लीमेंट्री) सूची भी जारी की जा सकती है।
- प्रशासन एसआईआर प्रक्रिया में लगे न्यायिक अधिकारियों को लॉजिस्टिक सहायता और सुरक्षा प्रदान करे।
- न्यायिक अधिकारियों की मदद के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर और राज्य सरकार के अधिकारी भी तैनात रहेंगे।
- मुख्य न्यायाधीश अधिकारियों के साथ एक बैठक करें, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके।
- अदालत का आदेश माना जाए और जिला प्रशासन व पुलिस को उनका पालन करना होगा।

दुबई में बेटे की मौत और मां की गुहार

### प्रवासी मजदूर की मौत पर केंद्र से जवाब तलब

दुबई में मजदूरी करने गए बेटे की मौत के बाद उसकी पार्थिव देह भारत लाने की मांग को लेकर एक मां ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। अदालत ने नोटिस जारी किया और अगली तारीख 16 मार्च तय की है। मां ने अपने बेटे के अंतिम संस्कार के लिए उसकी देह भारत लाने की अनुमति मांगी है।

### बाबरी नाम पर मस्जिद निर्माण रोकने की मांग ठुकराई, दलील भी खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने बाबर के नाम पर किसी भी मस्जिद के बनने या उसका नाम रखने पर रोक लगाने की



मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस दलील को भी खारिज कर दिया कि ऐसी संरचनाएं एक 'क्रूर हमलावर' का सम्मान करती हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने शुक्रवार को एक थोड़ी देर सुनवाई के बाद याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

---

## सिलचर में गृहमंत्री शाह की हुंकार

# तीसरी बार सरकार बनाइए, हम एक-एक घुसपैठिए को निकालेंगे

सिलचर से असम विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया



सीएम हिमंता सरमा ने किया स्वागत

एजेंसी ▶▶ सिलचर

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने सिलचर से असम विधानसभा चुनाव 2026 का शंखनाद करते हुए 'घुसपैठ' और 'अतिक्रमण' को मुख्य मुद्दा बना दिया है। शाह ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि पिछली सरकारों की ढुलमुल नीतियों के कारण सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं, जिससे घुसपैठियों ने असम के युवाओं के रोजगार और गरीबों के राशन पर डाका डाला।उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में हुई कार्रवाई की सराहना करते हुए स्पष्ट किया कि भाजपा का 'तीसरा कार्यकाल' भी होगा।

### घुसपैठ की आग कांग्रेस ने फैलाई, इन्हें वोट बैंक बनाया

शाह ने कहा कि असम दशकों तक घुसपैठ की आग में झुलसा है, जिसका मुख्य कारण कांग्रेस का 'वोट बैंक' प्रेम था। उन्होंने दावा किया कि पहले की सरकारों ने जानबूझकर सीमाएं खुली छोड़ीं, जिससे अवैध प्रवासियों ने राज्य की जनसांख्यिकी को बदल दिया। शाह ने भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में सीमाओं पर निगरानी को अभेद्य बनाया है। यदि जनता तीसरी बार आशीर्वाद देती है, तो तकनीक और सख्त कानून के जरिए हर एक घुसपैठिए को वापस भेजा जाएगा।

### सरमा सरकार को सराहा

### लाखों एकड़ भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की 'एक्शन मोड' वाली कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने लाखों एकड़ सरकारी और वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जमीन घुसपैठियों के कब्जे में थी, जिसे अब असम के वास्तविक हकदारों को लौटाया जा रहा है। शाह ने दो टूक शब्दों में कहा कि असम की पवित्र भूमि पर किसी भी अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कछार जिले में शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने शासनकाल के दौरान कोई विकास कार्यक्रम शुरू नहीं किया। अब प्रतिदिन 14 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है, जो देश में सबसे अधिक है।

---

## सीएम योगी की बड़ी घोषणा

# शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को किया मालामाल, सैलरी बढ़ाई


एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी ने शिक्षा मित्रों की सैलरी बढ़ाने का ऐलान किया है।



अब उन्हें 10 हजार की जगह 18 हजार रुपये हर महीने मिलेगा। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी। योगी ने कहा, जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनाए जाएंगे। इसके लिए 580 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार देंगे। शिक्षकों के लिए पांच लाख कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए व्यापक सुधारों और नई घोषणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सशक्तीकरण, शिक्षक कल्याण और छात्र सुविधाओं को अभूतपूर्व प्राथमिकता दी गई है।

### सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के करतब



**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में सारंग और सूर्य किरण एयर शो से पहले भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी) ने जल महल के ऊपर करतब दिखाए।

---

## गुजरात के वलसाड में भीषण सड़क हादसा

कपराड़ा तालुका इलाके में हादसा

# ट्रक में घुसी कार, दुर्घटना में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ वलसाड

गुजरात के वलसाड जिले के कुंभघाट इलाके में एक भीषण सड़क दुर्घटना में 7लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक के बीच हुई इस भीषण टक्कर में एक ही परिवार के 7लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2महिलाएं भी शामिल हैं। जिले के कपराड़ा तालुका के दुर्घटना बहुल्य इलाके में ये हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार तेज गति से चल रहे ट्रक और कार के बीच भीषण टक्कर में हादसा हुआ। इस खबर ने इलाके में सनसनी फैला दी। लोग कपराड़ा के अंबा जंगल गांव के रहने वाले थे।

### चकनाचूर हुई कार, मौके पर ही 5 ने तोड़ा



कुंभघाट के पास एक मोड़ पर कार सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद मौके पर ही 5लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल 2लोगों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

**कानूनी कार्रवाई करने में जुटी पुलिस**

इससे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों और महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस शवों का पोस्टमार्टम कराने की कोशिश में जुटी है।

---


## कम दबाव के क्षेत्र की वजह से मौसम में आया बदलाव

# देश के कई राज्यों में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी

## मौसम विभाग ने 21-22 फरवरी को तमिलनाडु-केरल में संभावना जताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से दक्षिण भारत में कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।विभाग के अनुसार, 21 व 22 फरवरी को दक्षिण तमिलनाडु, दक्षिण केरल में कुछ जगहों पर भारी बारिश होने वाली है। 7 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 22 फरवरी को उत्तराखंड, 23 फरवरी को विदर्भ में, 23 और 24 फरवरी को छत्तीसगढ़, ओडिशा में, 20 और 23 फरवरी को केरल, माहे में, 21 से 24 फरवरी को दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में, 22 से 24 फरवरी को तटीय और उत्तर आंतरिक कर्नाटक में गरज और बिजली गिरने की संभावना है। 22 व 23 फरवरी को जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, 22-24 फरवरी को उत्तराखंड में छिटपुट बारिश व बर्फबारी होने वाली है।



### महाराष्ट्र में फिलहाल बदलाव की गुंजाइश नहीं

महाराष्ट्र में अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने वाला नहीं है। उसके बाद इसमें दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। गुजरात में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। देश के बाकी हिस्सों में मिनिमम टेम्प्रेचर में भी कोई बड़ा बदला नहीं आएगा।

**उत्तराखंड, हिमाचल में तेज हवा का अलर्ट**

देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम की अलग तस्वीर है। कहीं बारिश तो कहीं बादल छाए रहेंगे। गुलाबी ठंड तो कहीं तापमान में उछाल दिखेगा। उत्तराखंड, हिमाचल,में बारिश और तेज हवा का अलर्ट जारी किया गया है।

### पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में बादल और हल्की बारिश के भी आसार

पूर्वी भारत में फिलहाल तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बादल और हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में भी हल्की बारिश के आसार हैं। महाराष्ट्र और गुजरात में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ सकता है।

---

## मोची की दुकान पर रुके राहुल

# रामचेत की मौत पर जताया शोक, बिटिया को चाकलेट दी

एजेंसी ▶▶ गुप्तारगंज

यूपी के सुल्तानपुर में कोर्ट में बयान दर्ज कराकर लौटते समय राहुल गांधी अयोध्या-प्रयागराज हाईवे के गुप्तारगंज स्थित रामचेत मोची की दुकान पर रुके। उन्होंने रामचेत के परिवार से बात की। उनके बेटे से परिवार का हाल जाना। इसके बाद लखनऊ के लिए निकल गए। राहुल ने विधायक नगर चौराहा स्थित रामचेत मोची के बेटे राघव दुकान पर थे। वे करीब सात मिनट उनकी दुकान पर रुके। रामचेत की मौत पर श्रंद्धाजलि अर्पित की। बेटे राघव से कहा कि वह रामचेत की मृत्यु पर



नहीं आ पाए। राघव की बिटिया श्रद्धा को अपनी गोदी में उठाया। उसे चाकलेट दी और दुलार किया। राघव को आश्वासन दिया कि जब भी जरूरत पड़ेगी वह उनकी मदद के लिए खड़े हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी में राहुल ने शुक्रवार को सुल्तानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया।

## पीएम मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ की बैठक

# भारत केंद्रित समाधान विकसित करने पर विमर्श

### मातृभाषा में उच्च शिक्षा के लिए एआई उपकरणों के विस्तार की अपील


पीएम नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ शुक्रवार को बैठक की और कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। पीएम के साथ आयोजित गोलमेज बैठक में 16 एआई एवं डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ तथा संस्थापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। पीएम कार्यालय (सेवा तीर्थ) के बयान के अनुसार, पीएम मोदी ने मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर दिया, दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा और भारत की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) को सरल एवं व्यापक डिजिटल नवाचार का उदाहरण बताते हुए भारतीय कंपनियों पर विश्वास जताया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने की बात भी कही और भारतीय स्टार्टअप में निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। बैठक में एब्रिज, अदालत एआई, ब्रेनसाइट एआई, क्रेडो एआई, एका केयर, ग्लीन, इनोगल, इनवीडियो, मिको, ओरिजिन, प्रोफेज, रासेन, रुब्रिक, सैटश्योर, सुपरनोवा और सायफा एआई के सीईओ व संस्थापक उपस्थित थे।

*मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर*

*एआई दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा*



पीएम नरेंद्र मोदी एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ

**स्वास्थ्य क्षेत्र में करें एआई का प्रयोग**

*पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का उपयोग उन्नत 'डायग्नोस्टिक्स', 'जीन थेरेपी' और रोगी रिकॉर्ड प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने के लिए किया जा रहा है, ताकि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने एवं जलवायु जोखिम प्रबंधन के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) और 'अंडरवॉटर इंटेलिजेंस' का उपयोग किया जा रहा है। बैठक में साइबर सुरक्षा, नैतिक एआई, अंतरिक्ष, स्थानीय भाषा के माध्यम से न्याय एवं शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने तथा पारंपरिक प्रणालियों के आधुनिकीकरण से उद्यम उत्पादकता मजबूत करने वाले स्टार्टअप भी शामिल थे।*

### कृषि व पर्यावरण में बढ़ाएं एआई का उपयोग

पीएम मोदी ने कृषि व पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में एआई प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा करते हुए फसल उत्पादकता और उर्वरक उपयोग की निगरानी के जरिये मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा करने की संभावनाओं पर विचार साझा किए। भारतीय भाषाओं एवं संस्कृति के महत्व पर बल देते हुए मोदी ने मातृभाषा में उच्च शिक्षा के लिए एआई उपकरणों के विस्तार का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने नवप्रवर्तकों को साहसिक जोखिम उठाने और प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए बधाई दी।

### सर्बिया के राष्ट्रपति ने की भारत की सराहना

भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर सर्बिया के राष्ट्रपति



अलेक्जेंडर वुसिक ने आयोजन की सफलता के लिए भारत को बधाई दी और एआई के क्षेत्र में भारत की पहल की सराहना की। राष्ट्रपति वुसिक ने कहा कि एआई मुद्दा अब पारंपरिक मीडिया और सोशल नेटवर्क्स में भी प्रमुख विषय बन गया है, जो अपने आप में बड़ी सफलता है। भारत ने एआई के बुनियादी ढांचे, डेटा सेंटर और कंप्यूटर समेत विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश शुरू किया है। सर्बिया भी, एक छोटा देश होने के बावजूद, इसी दिशा में प्रयास कर रहा है।

### भारत एआई इनोवेशन का ग्लोबल हब बनेगा: पिचाई

गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बैठक के बाद सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत एआई के साथ एक असाधारण रास्ता तय करने वाला है।



उन्होंने कहा कि एआई के फायदे हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है और इसमें अमेरिका-भारत साझेदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत में शुरू हुए कई इनोवेशन वैश्विक स्तर पर प्रोडक्ट्स को बेहतर बना रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म ने दुनिया भर में डिजिटल भुगतान को नई दिशा दी है।

### पीएम मोदी ने अलग-अलग देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के दौरान भारत के पीएम नरेंद्र मोदी अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर रहे हैं। पीएम मोदी ने लिकटेंस्टीन के वंशानुगत राजकुमार, एलोइस फिलिप मारिया के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात की। पीएम मोदी स्लोवाकिया गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से भी मिले।

### स्लोवाकिया के साथ रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा में होगा सहयोग

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई इंपैक्ट समिट के मौके पर स्लोवाक रिपब्लिक के प्रेसिडेंट पीटर पेलेग्रिनी के साथ द्विपक्षीय मीटिंग की।



उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा की और व्यापार और निवेश, डिजिटल टेक्नोलॉजी, रक्षा, अंतरिक्ष, एनर्जी, कल्चर और लोगों के बीच लिंकेज जैसे क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया कि दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि एआई को डेमोक्रिटाइज किया जाना चाहिए, ताकि इसका फायदा सिर्फ कुछ लोगों को ही नहीं, बल्कि आम लोगों को भी हो। हमने व्यापार और निवेश में ठोस नतीजों पर भी फोकस किया और इनोवेशन, सुरक्षित टेक्नोलॉजी और टैलेंट में गहरे सहयोग पर भी, जिसमें एनर्जी क्षेत्र में एकेडमिक और एक्सपर्ट एक्सचेंज शामिल हैं।

### लिकटेंस्टीन के साथ व्यापार और निवेश में करेंगे सहयोग

पीएम नरेंद्र मोदी ने लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस फिलिप मारिया के साथ बैठक की।



उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और भारत और लिकटेंस्टीन के बीच गहरे सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए, खासकर व्यापार, निवेश, एआई, इनोवेशन और स्किल डेवलपमेंट जैसी नई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, जो भारत-ईएफटीए टीईपीए की रफ्तार पर बन रहा है।

### भारत के पास अविश्वसनीय अवसर: क्रिस्टियानो एमॉन

सेमीकंडक्टर विनिर्माता क्वालकॉम के अध्यक्ष एवं सीईओ



क्रिस्टियानो एमॉन ने कहा कि एआई से एक बुनियादी बदलाव आएगा जिससे नए उपकरण, अनुभव एवं सेवाएं विकसित होंगी और एक 'विशाल अवसर' पैदा होगा जो इस परिवर्तन से लाभ उठाने के लिए भारत को एक 'अविश्वसनीय' मौका प्रदान करता है इंटरनेट के शुरुआती दौर को पीछे छोड़ते हुए सीधे मोबाइल इंटरनेट को अपनाने वाले भारत जैसे देश के लिए एआई के मामले में भी यही बात 'फिर से सच साबित होने जा रही है'। भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र भी बन रहा है। एआई की मदद से आप इन प्रौद्योगिकियों द्वारा समर्थित बड़े बदलावों का शुरुआत से ही हिस्सा बन सकते हैं।

## एआई से बनेंगे नए रोजगार के अवसर, मिलेगा व्यापक लाभः उपराष्ट्रपति

इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में शामिल सीईओ और प्रतिनिधियों ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस अवसर पर राधाकृष्णन ने कहा कि एआई भविष्य में केवल मौजूदा नौकरियों को बदलने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा और सुशासन जैसे क्षेत्रों में बड़े बदलाव का माध्यम बनेगा। एआई कार्यों की सटीकता बढ़ाता है, कामकाज को सरल बनाता है और समाज को व्यापक लाभ पहुंचाता है। उन्होंने भारत के समावेशी और लोगों पर केंद्रित एआई दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अवसर पहुंचाना है। प्रतिनिधियों ने एआई समिट को सराहा

### भारत बड़े स्तर पर एआई के उपयोग से लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में


विदेशी प्रतिनिधि उपराष्ट्रपति के समक्ष अपने विचार व्यक्त करते हुए

बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि एआई दुनिया के कार्यक्षेत्र को तेजी से बदल रही है और नए अवसर खोल रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे क्षेत्रों में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत बड़ी है और भारत बड़े स्तर पर एआई आधारित नवाचार और उपयोग से लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। प्रतिनिधियों ने इंडिया एआई मिशन द्वारा मजबूत और सहयोगात्मक एआई पारितंत्र बनाने के प्रयासों की सराहना भी की।


### भारत में लाखों छात्रों के लिए एआई क्रिएटिविटी बढ़ाएगा अडोबी: नारायण

अडोबी के चेयरमैन और सीईओ शांतनु नारायण ने कहा कि कंपनी भारत में लाखों छात्रों के लिए रचनात्मकता के अवसर बढ़ा रही है और उन्हें एआई कौशल से सशक्त बना रही है, जिससे पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि वह अपने प्रमुख टूल जैसे अडोबी फायरफ्लाई, फोटोशॉप और एक्रोबैट को भारत के मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से छात्रों को मुफ्त उपलब्ध कराएगी। इससे छात्र एआई-फर्स्ट करियर के लिए तैयार हो सकेंगे। इस टूलकिट के जरिए छात्रों को अडोबी के रचनात्मक और उत्पादकता सॉफ्टवेयर के साथ पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र भी मिलेंगे, जिससे वे पढ़ाई पूरी करने के बाद अलग पहचान बना सकें।



### एआई से वैश्विक वृद्धि 0.8% तेज होने का अनुमान, भारत को लाभः जॉर्जीवा

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा कि एआई के इस्तेमाल से



वैश्विक आर्थिक वृद्धि में करीब 0.8 प्रतिशत तक की तेजी आ सकती है। इस बढ़ोतरी का लाभ भारत को भी मिलेगा और 'विकसित भारत' बनने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ ने इस विषय पर कुछ अध्ययन किया है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है। हमारा अनुमान है कि यह बढ़ोतरी करीब 0.8 प्रतिशत की हो सकती है। तेज आर्थिक वृद्धि होना बहुत अच्छा होता है क्योंकि इससे ज्यादा अवसर और अधिक रोजगार सृजित होते हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### मेडिकल इमरजेंसी में टेस्ला ने बचाई जान

**नई दिल्ली।** एक टेस्ला मालिक ऋषि वोहरा ने अपने पोस्ट में बताया कि कंपनी की ऑटोनॉमस



ड्राइविंग तकनीक ने एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी के दौरान उसकी जान बचा ली। फ्रीवे पर ड्राइव करते समय वह अचानक बेहोश हो गया था, लेकिन कार ने संभावित जानलेवा हादसे को टाल दिया। टेस्ला की फुल सेल्फ ड्राइविंग प्रणाली ने यह पहचान लिया कि वह बेहोश हो चुके हैं।

### लुबना बनीं न्यू जर्सी की मुस्लिम महिला जज

**न्यू जर्सी।** अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य में भारतीय मूल की लुबना काजी ने इतिहास रच दिया है। वह



न्यू जर्सी में नियुक्त होने वाली पहली मुस्लिम महिला जज बन गई हैं। उनकी इस उपलब्धि को न केवल भारतीय समुदाय बल्कि वैश्विक मुस्लिम समाज के लिए भी गर्व का क्षण माना जा रहा है। लुबना काजी की नियुक्ति अमेरिकी न्यायिक प्रणाली में बढ़ती विविधता की दिशा में अहम कदम है।

### नाइजीरिया में उग्रवादियों के हमलों में 33 की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी इलाके में इस्लामी उग्रवादियों द्वारा एक साथ किए गए



हमलों में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता बशीर उस्मान ने कहा कि यह हमला बुधवार को केब्बी प्रांत के बिउ समुदाय पर हुआ। हमलावर सोकोटो प्रांत से आए थे।

## भारत-अमेरिका संबंधों पर अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर का बड़ा बयान

# प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर जल्द होंगे हस्ताक्षर, रुबियो करेंगे दौरा

*सर्जियों गोर ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को लेकर उत्साह जताया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग के व्यापक अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो जल्द ही भारत दौरा करेंगे। हम भारत-अमेरिका संबंधों को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी जल्द हस्ताक्षर होने की संभावना है। भारत एआई इंपैक्ट समिट के मौके पर गोर ने कहा कि यह एक बेहद प्रभावशाली समिट रही है। हमारे दोनों देशों के बीच कई अवसर हैं और हम इस सहयोग को आगे बढ़ाने को लेकर उत्सुक हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच नियमित संवाद बना रहा | भारत अपने ऊर्जा विकल्पों में विविधता लाने पर काम कर रहा है


सर्जियो गोर

### पीएम मोदी और ट्रंप के बीच होगी बैठक

गोर ने संकेत दिया कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच संभावित बैठक उचित समय पर होगी। गोर ने कहा कि इंतजार कीजिए, मुझे विश्वास है कि यह सही समय पर होगी। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात 13 फरवरी 2025 को वाशिंगटन डीसी में हुई थी, जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी की आधिकारिक कार्य यात्रा की मेजबानी की थी। वर्ष 2025 के दौरान दोनों नेताओं के बीच विशेष रूप से व्यापार वार्ताओं को लेकर नियमित संवाद बना रहा।

### एफटीए को लेकर आगे बढ़ेंगे

गोयल ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर कहा कि पहली बार यूरोपीय संघ के सभी 27 देश इस समझौते को जल्द अंतिम रूप देने और आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। यह 140 करोड़ भारतीयों की आर्थिक शक्ति और बढ़ते वैश्विक प्रभाव का परिणाम है। सरकार देशभर में 1000 युवा पुरुषों और महिलाओं को प्रशिक्षित कर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा ताकि वे पूरे देश में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को लोगों तक पहुंचा सकें।

### *यूके और ओमान के साथ एफटीए अप्रैल से होगा लागू*

केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को अप्रैल तक लागू किए जाने की संभावना है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के साथ यूके और ओमान के मुक्त व्यापार समझौते अप्रैल तक लागू किए जाने की संभावना है, जबकि न्यूजीलैंड के साथ एफटीए को सितंबर तक ऑपरेशनल किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### वेनेजुएला से तेल खरीद पर भारत की चर्चा जारी

गोर ने बताया कि भारत अपने ऊर्जा विकल्पों में विविधता लाने पर काम कर रहा है और वेनेजुएला से तेल खरीद के लिए बातचीत चल रही है। गोर ने साफ किया है कि तेल को लेकर एक सहमति बनी है और अमेरिका नहीं चाहता कि कोई भी देश रूस से तेल खरीदे, यह केवल भारत की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट हैं; वह युद्ध की समाप्ति चाहते हैं और शांति की उम्मीद में उन सभी गतिविधियों को खत्म होते देखना चाहते हैं जो इस संघर्ष से जुड़ी हैं।

## एलजी मनोज सिन्हा की चेतावनी

# देश से गद्दारी करने वालों को बख्शेंगे नहीं, उनकी सात पीढ़ियां भी याद रखेंगी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने चेतावनी दी है कि देश के खिलाफ गद्दारी करने वालों और आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद से जुड़े सभी मामलों की गंभीरता से जांच करेंगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कश्मीरी पंडितों की सम्मान के साथ घर वापसी को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि कश्मीरी पंडितों की पूरी इज्जत और सुरक्षा के साथ वापसी पीएम नरेंद्र मोदी का वादा है।

उन्होंने कहा कि अपनी धरती पर अजनबी बन जाना दुनिया के सबसे बड़े दुखों में से एक है। एलजी प्रो. अशोक कौल की किताब कश्मीर-नेटिविटी रीगेंड के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। जम्मू विश्वविद्यालय के राजेंद्र सिंह सभागार में हुए कार्यक्रम में सिन्हा ने कहा कि अपनी धरती पर अजनबी बन जाना दुनिया के सबसे बड़े दुखों में से एक है।


उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

### आतंकियों ने हजारों का खून बहाया

एलजी ने कहा कि युवा पीढ़ी को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने हजारों निर्दोष कश्मीरी मुसलमानों का भी खून बहाया है। कई मामले इतने हृदयविदारक होते हैं कि उन्हें दोहराते समय शब्द लड़खड़ा जाते हैं। पिछले साल से उन परिवारों को न्याय मिलना शुरू हो गया है और अन्य आवश्यक चीजों के साथ-साथ उनकी रोजगार की जरूरतों को पूरा करने के प्रयास चल रहे हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह भरोसा पैदा हुआ कि कश्मीरी पंडित समुदाय की युवा पीढ़ी बिना किसी डर के अपनी जड़ों की ओर फिर से लौट सकती है। सिन्हा ने कहा कि कश्मीरी पंडित समुदाय की जबरदस्त भावना को मैं सलाम करता हूं।

## 50 साल बाद इंसान पहुंचेंगे चांद के करीब

# आर्टेमिस-2 का दूसरा ईंधन परीक्षण सफल, 6 मार्च को लॉन्च की तैयारी

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में गुरुवार की रात नासा के वैज्ञानिकों के लिए बड़ी राहत लेकर आई। नासा ने अपने विशालकाय मून रॉकेट में ईंधन भरने की अंतिम रिहर्सल दोबारा की, जो पिछली बार तकनीकी खराबी के कारण रोकनी पड़ी थी। इस बार टीम ने रॉकेट में 7 लाख गैलन से भी ज्यादा सूपर कोल्ड ईंधन भरा। काउंटडाउन को निर्धारित योजना के अनुसार अंतिम 30 सेकंड तक ले जाया गया, फिर अंतिम 10 मिनट की प्रक्रिया दोबारा दोहराई गई। इस बार हाइड्रोजन का रिसाव बेहद कम और सुरक्षा मानकों के भीतर रहा। यही इस दो दिवसीय अभ्यास का सबसे अहम और चुनौतीपूर्ण हिस्सा था। इंजीनियर अब इस टेस्ट से मिले डेटा की जांच कर रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो मार्च के महीने में ही मिशन को हरी झंडी मिल सकती है। उत्साह की बात यह है कि इस मिशन के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्री, जिनमें अमेरिका और कनाडा के चालक दल शामिल हैं।


नासा स्पेसक्राफ्ट

## बोर्ड ऑफ पीस की बैठक से राष्ट्रपति ट्रंप की ईरान को चेतावनी

# 10 दिन में करें डील, नहीं तो तबाही के लिए रहें तैयार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच अब तक दो बड़ी बैठक हो चुकी है। पहला ओमान में और दूसरा जिनेवा में। दोनों ही बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला। अभी भी दोनों मुल्क अपनी शर्तों को लेकर अड़े हुए हैं। इस बीच अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में बोर्ड ऑफ पीस का पहला उद्घाटन समारोह हुआ।

इस समारोह में बोर्ड में शामिल देश के प्रतिनिधित्व शामिल हुए। इस मंच से एक बार फिर से ट्रंप ने ईरान को चेताया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को लेकर कहा कि अमेरिका को ईरान के साथ एक सार्थक और ठोस समझौता करना होगा। ट्रंप के अनुसार, दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और यह बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।



### स्थायी समाधान निकाले ईरान

*ट्रंप ने साफ किया कि ईरान को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह बात अमेरिकी प्रशासन ने ईरान को पहले ही साफ बता दी है। उनका मानना है कि अमेरिका को ईरान के साथ कुछ जरूरी कदम उठाने होंगे ताकि इस परमाणु हथियार के मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जा सके। ट्रंप ने बताया कि आने वाले लगभग दस दिनों के अंदर स्थिति और अधिक साफ हो जाएगी।*

### वार्ता असफल हुई तो अमेरिका करेगा हमला

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक सलाहकार ने कहा है कि अगर ईरान के साथ परमाणु वार्ता विफल होती है, तो कुछ हफ्तों के अंदर हमले की 90 प्रतिशत संभावनाएं हैं। अमेरिका हफ्तों तक इजराइ के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर ऑपरेशन चल सकता है। इस दौरान कुछ सैन्य और सरकारी ठिकानों को टारगेट किया जा सकता है। साथ ही ईरान के न्यूक्लियर और मिसाइल प्रोग्राम को टारगेट किया जा सकता है और तेहरान की लीडरशिप के लिए बड़ा खतरा पैदा किया जा सकता है।

### ईरान-रूस ने शुरू किया संयुक्त अभ्यास

अमेरिकी हमलों की आशंकाओं के बीच ईरान ने रूस के साथ युद्धाभ्यास शुरू किया है। दोनों देशों की नौसेना ओमान की खाड़ी व उत्तरी हिंद महासागर में उतरीं और ज्वाइंट ड्रिल की। ईरान की सेना, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) और रूस की स्पेशल ऑपरेशन टीमों ने



एक्सरसाइज के दौरान एक हाईजैक किए गए जहाज को छुड़ाने के लिए एक ऑपरेशन किया। इस ड्रिल में ईरान के अलवंद डिस्ट्रॉयर, मिसाइल लॉन्च करने वाले वॉरशिप, हेलीकॉप्टर, लैंडिंग क्राफ्ट, स्पेशल ऑपरेशन टीम और कॉम्बैट स्पीडबोट शामिल थे। यह एक्सरसाइज इस हफ्ते की शुरुआत में होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में आईआरजीसी की ड्रिल के बाद हुई, जिसमें रणनीतिक जलमार्ग को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था।




## विधानसभा में कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बाद माना-कथन उचित नहीं थे

# अडाणी के मुद्दे पर मंत्री विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष उमंग से कहा- लिमिट में रहिए, बाद में जताया खेद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन सुबह से ही हंगामा मचा रहा। दिनभर में पांच बार सदन को स्थगित करना पड़ा। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच तीखी बहस हुई। चर्चा के दौरान सिंघार ने सरकार और अडाणी के बीच समझौते का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अडाणी को बिजली खरीदने के नाम पर अगले 25 साल में 1 लाख से सवा लाख करोड़ रुपए दिए जाएंगे, तब मंत्री ने कहा कि इसका सबूत दें। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उनके पास सबूत हैं और वे दिखा देंगे। इसी दौरान दोनों के बीच तनातनी बढ़ गई।

बहस के दौरान विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष से सीमा में रहने को कहा, जिसके बाद सदन में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। आखिरकार मुख्यमंत्री मोहन यादव को बीच में आकर कहना पड़ा कि जाने-अनजाने में कुछ कहा गया है, तो उसके लिए मैं माफी मांगता हूं। बाद में विजयवर्गीय ने कहा कि आज मैं खुद अपने व्यवहार से प्रसन्न नहीं हूं। इस पर सिंघार ने कहा कि मैं कभी अहम में नहीं आता। अगर मेरी ओर से कुछ हुआ है तो मैं भी खेद व्यक्त करता हूं। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने पक्ष और विपक्ष दोनों का आभार प्रकट किया।

### ओबीसी को 27 नहीं, 13 फीसदी आरक्षण

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो रही है, लेकिन 13 प्रतिशत ही दिया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि 369 सीएम राइज स्कूल के अलावा कितने नए स्कूल खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि पुराने स्कूलों के नाम बदलकर नए काम दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में महंगी बिजली देने की भी बात कही। उन्होंने बालाघाट का जिक्र करते हुए कहा कि नक्सलवाद खत्म होने के दावे के बावजूद वहां घटनाएं हो रही हैं।

## प्रदेश में डायल 108 एंबुलेंस पर 72 महीनों में 868 करोड़ 31 लाख का खर्च

### मध्यप्रदेश में सागर में सर्वाधिक 35 और रीवा में 30 बीएलएस संचालित



मध्यप्रदेश के सभी जिलों में लगी डायल 108 एंबुलेंस के संचालन पर 72 महीनों में राज्य के सरकारी खजाने से 868 करोड़ 31 लाख 46 हजार 775 रुपए खर्च हुए है। प्रदेश में प्रति पांच लाख की आबादी पर एक एएलएस तथा प्रति एक लाख की जनसंख्या पर एक बीएलएस के मान से 1002 डायल 108 एंबुलेंस संचालित है। प्रति एंबुलेंस के संचालन पर राज्य सरकार को लगभग 14 लाख 69 लाख रुपए खर्च होता है। उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने विधायक डॉ विक्रांत भूरिया के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि वर्ष 2019-20 में जनवरी माह में एंबुलेंस के संचालन में कुल 8 करोड़ 86 लाख 98 हजार 717 रुपए खर्च किए गए थे वहीं यह खर्च लगातार बढ़ रहा है। दिसंबर 2025 में एंबुलेंस के संचालन पर 14 करोड़ 75 लाख 56 हजार 684 रुपए खर्च किए गए है । उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 में एंबुलेंस संचालन पर 18 करोड़ 38 लाख रुपए और मार्च 2024 में 18 करोड़ 22 लाख रुपए खर्च किए गए है जो इस 72 महीने की अवधि में सर्वाधिक है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 2021 में अनुबंधित संस्था जेएईएस द्वारा एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में सागर में सर्वाधिक 35 और रीवा में 30 बीएलएस संचालित है। वहीं एएलएस की बात करें तो इंदौर और सागर में सात-सात एएलएस संचालित की जा रही है। प्रदेश में कुल 167 एएलएस और 835 बीएलएस संचालित की जा रही है। जो प्रदेश की आबादी 8 करोड़ 35 लाख 33 हजार 645 के मान से संचालित की जा रही है।

## हजारों अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण का कोई प्रस्ताव नहीं: उदय



मध्यप्रदेश के 55 जिलों में हजारों की संख्या में अतिथि शिक्षक काम कर रहे है। इन अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण का कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह ने विधायक रामनारायण सखवार के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के छतरपुर में सर्वाधिक 3459 अतिथि शिक्षक काम कर रहे है। इसके अलावा सागर में 338, सीधी में 3206, टीकमगढ़ में 3264 अतिथि शिक्षक काम कर रहे है। बड़वानी में सबसे कम 31 और अलीराजपुर में 33 अतिथि शिक्षक काम कर रहे हैं। प्रदेश के कई जिले ऐसे भी है जहां दो हजार से अधिक अतिथि शिक्षक काम कर रहे है। इनमें विदिशा, टीकमगढ़, सिंगरौली, सीधी, शिवपुरी, सिवनी, सीहोर, सतना, रतलाम, राजगढ़, रायसेन, पन्ना, कटनी, झाबुआ, धार, दमोह, दतिया, छतरपुर जिले शामिल है। स्कूलों के उन्नयन का कार्य प्राथमिकता से पूरा करेंगे प्रश्नकाल में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार सभी जिलों में जिला विकास समितियों का गठन किया गया है।

## नलकूप बंद कराने पर अपनी सरकार के मंत्री से भिड़े विश्नोई



जबलपुर जल संकट पर भाजपा विधायक अजय विश्नोई और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच तीखी बहस हुई, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे की जानकारी पर सवाल उठाए। विश्नोई ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि नर्मदा किनारे होने के बाद भी जनता प्यासी है, जबकि मंत्री ने सरकारी दावों का बचाव किया। गुरुवार को उस समय स्थिति असहज हो गई जब सत्ता पक्ष के ही एक वरिष्ठ विधायक ने अपनी सरकार के ही मंत्री को सदन में घेर लिया। जबलपुर के पाटन से बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने जल संकट को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर तीखा हमला बोला। विश्नोई ने आरोप लगाया कि जबलपुर में मां नर्मदा के होने के बावजूद जनता प्यासी है और अधिकारी फाइलों में झूठी योजनाएं दिखाकर सरकार को गुमराह कर रहे हैं। प्यासा है जबलपुर विधायक ने ध्यानाकर्षण के जरिए मुद्दा उठाते हुए कहा कि जबलपुर में जल प्रदाय की योजनाओं को लेकर अधिकारियों ने भारी लापरवाही की है। उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि एशियन डेवलपमेंट बैंक के दबाव में अधिकारियों ने फाइलों पर तो योजनाओं को पूरा दिखा दिया, लेकिन जमीन पर हकीकत कुछ और ही है।

मंत्री की सफाई, अपनी जानकारी दुरुस्त कीजिए विधायक के तीखे तेवरों पर पलटवार करते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि विधायक को अपनी जानकारी दुरुस्त करने की जरूरत है। मंत्री ने दावा किया कि शहर में पर्याप्त पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि शहर में डबल सिस्टम से पानी लिया जा रहा है और मांग से 28 फीसदी ज्यादा पानी दिया जा रहा है।

## कॉलेज प्राचार्य ने हड़पी 60 लाख की राशि, वसूली और एफआईआर का इंतजार





विधानसभा में दूसरे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को और जयवर्धन सिंह ने अनूपपुर के सरकारी कॉलेज पुष्पराजगढ़ के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीपी शाह पर छात्राओं की फीस राशि के दुरुपयोग का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 60 लाख 45 हजार रुपए का निजी इस्तेमाल किया गया, लेकिन शिकायत के बावजूद राशि की वसूली नहीं हो सकी है। प्राचार्य के खिलाफ एफआईआर भी नहीं कराई जा रही है। इस मामले में विधायक जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी न केवल छात्रों से अवैध वसूली करता था, बल्कि उनके साथ मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं। जिसका जवाब देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि अतिरिक्त संचालक की जांच में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद संबंधित व्यक्ति को प्रभारी प्राचार्य पद से हटा दिया गया। विधायक मार्को ने मांग की कि जांच पूरी हो चुकी है, इसलिए प्राचार्य को निलंबित किया जाए। मंत्री ने जवाब दिया कि डॉ. शाह को सस्पेंड किया जा चुका है और वसूली आदेश जारी करने में देरी पर संबंधित को नोटिस भी दिया गया है।

## ख्याली पुलाव की खाली थाली लेकर पहुंचे कांग्रेसी, नेता प्रतिपक्ष बोले- आदमी जिंदा रहने के लिए संघर्ष कर रहा



विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायकों ने थाली लेकर प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार के बजट में आम जनता को कुछ भी नहीं मिला है। यह ख्याली पुलाव वाली सरकार है, जिसने हर वर्ग के साथ धोखा और छलावा किया है। सिंघार ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए कहा था कि उनकी आय दोगुनी होगी। किसान खाली थाली में सपना देख रहा है। एमएसपी नहीं मिल रही है। युवाओं के लिए नौकरियों द्वार खोले जाने की भी बात कही गई थी, बडे-बड़े पोस्टर और विज्ञापन लगे लेकिन पिछले 2 साल से सरकार कोई भर्ती नहीं कर पा रही है। युवा सपना देख रहे हैं कि ख्याली पुलाव की सरकार उन्हें नौकरी देगी। लाडली बहन इंतजार कर रही है कब उन्हें 3000 रुपये मिलेंगे। बिजली के बिल कम नहीं हुए बिजली के बल बढ़ रहे हैं। यही हाल अस्पतालों का है स्टाफ नहीं है, डॉक्टर नहीं है। आदमी जिंदा रहने के लिए संघर्ष कर रहा है।

## परिवहन विभाग ने छह निरीक्षक, आरक्षक चेक पाइंट से हटाए

प्रदेश में चेकपाइंट पर अवैध वसूली की शिकायत पर परिवहन विभाग ने पिछले एक साल में सख्त कार्रवाई की है। वाहन चेकिंग के दौरान शिकायत मिलने पर एक परिवहन निरीक्षक, तीन परिवहन उप निरीक्षक और दो प्रधान आरक्षकों को चेक पाइंट से हटाकर मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच की गई और एक प्रधान आरक्षक एवं दो परिवहन आरक्षकों को निलंबित कर मुख्यालय अटैच किया गया है। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विधायक अजय सिंह के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मऊगंज के हनुमना चेकपोस्ट क्षेत्र में एक दलाल के ट्रक ड्राइवर से वसूली के लिए ट्रक पर चढ़ने का प्रयास करने और ड्राइवर द्वारा पांच किलोमीटर तक लटकाए रखने के वाइरल वीडियो की जांच में यह पाया गया कि यह व्यक्ति परिवहन विभाग से नहीं था। इस मामले में पुलिस थाना हनुमानगंज जिला मऊगंज द्वारा अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### नई आबकारी नीति में बड़ा बदलाव

## अब होली-मुहर्रम पर भी खुली रहेंगी शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की सरकार ने आबकारी नीति में बड़ा बदलाव किया है। इसके बाद विवाद की शुरुआत हो गई है। नई आबकारी नीति के अनुसार छत्तीसगढ़ में होली, मुहर्रम और गांधी निर्वाण दिवस पर शराब की दुकानें खुली रहेंगी। पुरानी नीति में इन मौकों पर दुकानें बंद रहती थीं। पूरे राज्य में इस अवसर पर ड्राई डे होता था। इसे लेकर विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने सरकार की नितियों का विरोध किया है।

वहीं, पहले धार्मिक और राष्ट्रीय मौकों पर व्यवस्था बनाए रखने और सामाजिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए शराब की बिक्री पर रोक थी। मामले ने तूल पकड़ा तो सरकार की तरफ से कहा गया है कि इस कदम का मकसद चुनौतियों के साथ रेगुलेशन को बैलेंस करना है। अन्य मौकों पर राज्य में ड्राई डे ही रहेगा।

### इबादत के लिए बंदों को एक घंटा पहले मिल जाएगी छुट्टी

## मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान पर सरकार का बड़ा तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रमजान के पाक महीने की शुरुआत हो गई है। बीजेपी शासित छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार ने मुस्लिम कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। रमजान के महीने में कर्मचारियों को ऑफिस से एक घंटे पहले नमाज पढ़ने के लिए छुट्टी मिल जाएगी। 19 फरवरी से सभी शासकीय कार्यालयों में यह नियम लागू होगा। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने कहा है कि मुस्लिम धर्म से सबसे पवित्र माह कहा जाने वाला रमजान महीना 19 फरवरी से शुरू हो गया है। इस माह में मुस्लिम समाज के लोग पूरे दिन रोजा रखकर खुदा की इबादत करते हैं। साथ ही हर दिन रात्रि में विशेष नमाज तरावीह का भी आयोजन किया जाता है। इसमें संपूर्ण कुरान का पाठ किया जाता है। उन्होंने कहा कि रमजान को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार ने राज्य समस्त शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों को एक घंटा पूर्व कार्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान की गई है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने किया स्वागत

वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हर जाति, धर्म, पंथ और समाज के आस्था का सम्मान किया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का ही स्वरूप है। वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय का मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर भी इस आदेश की खूब चर्चा हो रही है। आम तौर पर लोगों ने यह धारणा बना रखी है कि बीजेपी की नीति अलग रहती है।

### मारेंगा से बुरुंगपाल जा रहा था ट्रैक्टर, उपचार जारी

## ईंट लेकर जा रहा ट्रैक्टर पलटा, चार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



मारेंगा से बुरुंगपाल ईट लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। घायलों के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मारेंगा में रहने वाले राजू कोहरामी 25 वर्ष, आयते कोहरामी 22 वर्ष, काडे कोहरामी 23 वर्ष व संगीता 4 वर्ष के अलावा अन्य ग्रामीण ट्रैक्टर में ईंट लेकर बुरुंगपाल जा रहे थे। इसी दौरान अचानक बुरुंगपाल मोड़ पर चालक ट्रैक्टर से नियंत्रण खो बैठा। इस घटना में ट्रैक्टर में सवार 4 लोगों को गंभीर चोट आई, जबकि अन्य घायलों को मामूली चोटें आई, सभी घायलों को उपचार के लिए मेकाज लाया गया।

### फ्लाइट सप्ताह में 2 दिन भरेगी उड़ान

## अंबिकापुर से दिल्ली तक हवाई सेवा मार्च से, बिलासपुर में भी होगा स्टॉपेज



एलायंस एयर के प्लेन के दरिमा से पूरा किया ट्रायल रन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से दिल्ली के लिए हवाई सेवा मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू होगी। एलायंस एयर मां महामाया एयरपोर्ट से हफ्ते में दो दिन सोमवार और बुधवार को फ्लाइट चलाएगी। यह उड़ान बिलासपुर होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। 4500 से 6000 रुपए इसका फेयर हो सकता है। फिलहाल एलायंस एयर बिलासपुर से दिल्ली के बीच हफ्ते में तीन दिन सेवा दे रही है। करीब दो साल पहले कंपनी के अधिकारी अंबिकापुर आकर एयरपोर्ट की सुविधाओं का जायजा ले चुके थे। एलायंस एयर 72 सीटर एटीआर विमान का संचालन करेगी।

### 4500 से 6000 रुपए तक हो सकता है किराया

2 साल पहले एलायंस एयर ने अंबिकापुर और बिलासपुर एयरपोर्ट का निरीक्षण किया था। फिलहाल कंपनी बिलासपुर से दिल्ली के बीच मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को उड़ान संचालित कर रही है। अब सोमवार को भी फ्लाइट जोड़ी जाएगी। फ्लाइट का बेस फेयर 4500 से 6000 रुपए के बीच रहने का अनुमान है। बिलासपुर-दिल्ली मार्ग पर सामान्यतः बेस फेयर 4000 रुपये से अधिक रहता है। वर्तमान में एलायंस एयर प्रतिदिन 137 घरेलू उड़ानें संचालित करती है और 57 शहरों को जोड़ती है। कंपनी रायपुर से हैदराबाद और जगदलपुर के लिए भी हवाई सेवा दे रही है।

### 2024 में हुई थी शुरुआत, 6 माह में ही हुई बंद

अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट से दिसंबर 2024 में हवाई सेवा की शुरुआत हुई थी। उड़ान 4.2 योजना के तहत फ्लाई बिग कंपनी ने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा से रायपुर और बिलासपुर के लिए 19 सीटर विमान सेवा शुरू की थी। लेकिन अनियमित उड़ान के कारण यह सेवा केवल 6 महीने ही चल सकी। पिछले छह महीने से अधिक समय से इसका संचालन पूरी तरह बंद है।

### ट्रांसमिशन नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण पर हुई विशेष चर्चा

## जायका की ट्रांसको अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि ▶▶ जबलपुर

जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) की ओर से प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क की सुदृढ़ीकरण के लिए मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी को दिए गए जायका-दो लोन से हुए कार्यों की समीक्षा के लिए मुख्यालय शक्तिभवन जबलपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जायका, जापान की इवैल्यूएटर हिसाए ताकाहाशी एवं जायका के भारतीय प्रतिनिधि कुनाल गुप्ता ने जायका वित्त पोषित विभिन्न कार्यों में एमपी ट्रांसको द्वारा अपनायी गई तकनीकी एवं वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी प्राप्त की। जायका टीम ने लोन समझौते की शर्तों में शामिल पारेषण हानि को कम करने के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2013 में 2.82 प्रतिशत रही पारेषण हानि को वर्ष 2024-25 में घटाकर 2.60 प्रतिशत तक लाना एक बड़ी उपलब्धि है। जायका टीम ने राइट आफ वे (आरओडब्ल्यू ) एवं फारेस्ट अप्रूवल से जुडी चुनौतियों के बावजूद मप्र में ट्रासमिशन नेटवर्क सुदृढ़ीकरण के लिए गए प्रयासों की सराहना की। बैठक में जायका के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं का क्रियान्वयन स्वीकृत योजना एवं तय मानकों के अनुसार होना आवश्यक है। बैठक में सहमति बनी कि टीम की ओर से जायका वित्त पोषित परियोजना के तहत मप्र में एमपी ट्रांसको की ओर से किए गए विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर विस्तृत तकनीकी एवं वित्तीय समीक्षा की रिपोर्ट निर्धारित प्रश्नावली में प्रस्तुत की जाएगी।

## वित्त मंत्री के बंगले को घेरने निकली महिला कांग्रेस, पुलिस प्रशासन ने रास्ते में ही रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश के बजट के विरोध में महिला कांग्रेस ने आज अनूठा प्रदर्शन किया। हाथ ठेले पर खाली थाली रखकर उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव किया। हालांकि पुलिस ने उन्हें शिवाजी नगर चौराहे पर ही रोक दिया। विरोध प्रदर्शन के लिए प्रदेश महिला कांग्रेस की सभी पदाधिकारी शामिल हुई ।

प्रदेश अध्यक्ष रीना रासी ने आरोप लगाया कि बजट में रसोई को राहत देने वाला कोई भी प्रावधान नहीं किया गया। प्रदेश सरकार भले ही महिलाओं के हित की बात करे, लेकिन लाड़ली बहनों को भी राशि बढ़ाकर देने का इसमें प्रावधान नहीं है। प्रदर्शन के लिए महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सुबह प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में एकत्रित हुई। इसके बाद यहां से हाथ ठेले में थमार्कोल से बनाई गई बड़ी थाली रखकर लिंक रोड नंबर एक से वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले की ओर आगे बढ़ी। कुछ दूरी पर ही पुलिस ने इन्हें रोक दिया।

### मप्र और इन्वेस्टर्स मिलकर देश को बढ़ाएंगे आगे, सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू

## क्लाइमेट चेंज से निपटने में लीडर बन कर उभर रहा मध्यप्रदेश: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि क्लाइमेट चेंज के मामले में ठोस और समयबद्ध समाधान पर काम करना आज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की क्लाइमेट चेंज को लेकर प्रतिबद्धताओं में राज्यों का योगदान महत्वपूर्ण है। मध्यप्रदेश क्लाइमेट चेंज से निपटने में सर्वाधिक नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादक बन लीडर की भूमिका में है।

मुख्यमंत्री ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने का विश्वास और सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि राज्य और निवेशक मिलकर देश को नवकरणीय ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे। निवेशकों के साथ हमारा रिश्ता नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापार-व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। डॉ यादव मुंबई में क्लाइमेट वीक-2026 को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग एवं ग्रीन एनर्जी के लिए विख्यात सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के बीच एमओयू हुआ।

डॉ यादव ने मुंबई क्लाइमेट वीक-2026 में की सहभागिता



### मध्यप्रदेश सरकार के नवाचारों की दी जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हरित ऊर्जा उत्पादन के जरिए क्लाइमेट चेंज से निपटने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार के नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत के उन अग्रणी राज्यों में से एक है, जिसने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसने ईवी नीति बनाई, जो क्लाइमेट चेंज की ओर कारगर कदम है। हमारी सरकार मध्यप्रदेश में 300 मेगावाट 4 घंटे सौर-सह एनर्जी स्टोरेज परियोजना, 300 मेगावाट 6 घंटे सौर-सह एनर्जी परियोजना सहित 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा बैटरी आधारित एनर्जी स्टोरेज परियोजना पर काम कर रही है। यह एक नया प्रयोग है। यह भारत की अपनी तरह की पहली परियोजना है।

### नवकरणीय ऊर्जा क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि

*मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि बीते 12 सालों में मप्र की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। सौर ऊर्जा में 48 प्रतिशत और पवन ऊर्जा में 19 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट दुनिया का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है। मध्यप्रदेश में सांची देश की पहली सोलर सिटी बनी है। हमारी सरकार निवेशकों, निजी क्षेत्र और नीति निर्माताओं के साथ मिलकर मप्र को भारत का नवकरणीय ऊर्जा हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम सौर, पवन, एनर्जी स्टोरेज, बायोफ्यूल तथा ग्रीन हाइड्रोजन सहित सभी नवकरणीय टेक्नोलॉजी में वित्तीय एवं नीतिगत प्रोत्साहन भी दे रहे हैं। उन्होंने निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अनंत संभावनाओं का प्रदेश है। यहां निवेश करें, सरकार आपके साथ है। अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा, विद्युत आपूर्ति का एक कारगर, सस्ता और विश्वसनीय विकल्प है। सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन की भारत में निदेशक सुश्री सीमा पॉल ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा के विकास एवं विस्तार में हम मध्यप्रदेश के साझेदार भी हैं और भागीदार भी। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में हम आज मध्यप्रदेश के साथ पार्टनरशिप के लिए एक एमओयू भी कर रहे हैं।*

## हिंसा के बाद कलेक्टर-एसपी ने मोर्चा संभाला, लगाई धारा 144, भारी पुलिस बल तैनात

# दुर्गा मंदिर सिहोरा में पथराव के बाद पुलिस की सख्ती, तनाव बरकरार








## अब तक 49 पर एफआईआर, बस स्टेंड में विहिप का जोरदार प्रदर्शन

**हरिभूमि जबलपुर।** गत दिवस आजाद चौक में मस्जिद के सामने बने दुर्गा मंदिर में एक समुदाय विशेष द्वारा किए गए पथराव के बाद अशांत हुए सिहोरा में अभी भी तनाव बरकरार है पुलिस ने रात में अश्रू गैस के गोले दागकर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के विरोध में सिहोरा पूर्ण रुप से बंद था। तथा पुलिस ने धारा 144 लागू कर दी है एंव स्थिती नियंत्रण में होने का दावा किया है।

### आधा सैकड़ा पर एफआईआर

पुलिस ने अभी तक साक्ष्य संकलन विवेचना एंव सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रात में करीब आधा सैकड़ा दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। जांच के बाद और लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की बात पुलिस ने की है। सभी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें बसों में भरकर जेल भेज दिया गया।पुलिस की पहली प्राथमिकता पूर्ण रुप से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने की है।

### बजरंग दल विहिप ने किया प्रदर्शन

घटना को लेकर बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद सहित हिन्दू समाज के हजारों लोगों ने बाबा शाला कटरा मोहल्ला से विशाल रैली निकाली तथा विभिन्न मांगों को लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा तथा शक्त कार्यवाही की मांग की।

### दोपहर में फिर बिगड़े हालात

पुराने बस स्टेंड में हिन्दू समाज के अनेक लोग प्रदर्शन कर रहे थे तभी दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए। पुलिस कुछ समझ पाती की इसी बीच कुछ लोगों ने बस स्टेंड में रखे अनेक फल के ठेलों को पलटा दिया इसके बाद पुलिस ने सबको खदेड़ा तो भगदड़ मंच गई।

### पुलिस छावनी बना सिहोरा

दंगाइयों को काबू करने और सिहोरा में पुनः शांति कायम करने घटना स्थल आजाद चौक सहित प्रमुख स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात कर सिहोरा को छावनी बना दिया गया है। करीब एक दर्जन थानों के बल के साथ पुलिस लाइन के बल को भी बड़ी संख्या में प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है।

### साजिश के तहत मंदिर में पथराव

विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारीयों का कहना था की साजिश के तहत समुदाय विशेष द्वारा पत्थर एकत्र कर दुर्गा मंदिर में पथराव किया गया एंव वहां मौजूद लोगों से मारपीट की गई। पुलिस को इसकी गहन जांच करनी चाहिए और आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाकर सख्त कार्यवाही करना चाहिए।

## जबलपुर में 'जीरो वेस्ट' स्वास्थ्य शिविर, 200 से अधिक स्वच्छता मित्रों की जांच व सम्मान



**जबलपुर।** राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन और विशेष उपस्थिति में जबलपुर नगर निगम द्वारा अल्ट्रा सफाई समिति के सहयोग से संभाग क्रमांक 06 स्थित मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 'स्वास्थ्य एवं सुरक्षा शिविर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेषता इसकी 'जीरो वेस्ट' कार्यप्रणाली रही। शिविर में 200 से अधिक स्वच्छता मित्रों का विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के बाद आवश्यक परामर्श और दवाइयां भी वितरित की गईं। जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों ने स्वच्छता मित्रों को प्रशस्ति पत्र एवं सुरक्षा किट प्रदान कर उनके योगदान का सम्मान किया। निगमायुक्त अहिरवार और स्वास्थ्य प्रभारी रजनी कैलाश साहू के निर्देशन में कार्यक्रम पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखा गया। आयोजन स्थल पर डिस्पोजल, पॉलीथिन और प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित रहा तथा कचरे के तत्काल प्रसंस्करण की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, ब्रांड एम्बेसडर सुश्री मधु यादव, आराध्य तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अधारताल से ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत रद्दी चौकी के पास ई रिक्शा चोरी हो गया। पुलिस के मुताबिक महाराजपुर निवासी ई रिक्शा चालक दीपक सिंह गौड़ सवारी छोड़कर अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान बैटरी खत्म हो गई। ईरिक्शा को पैदल ला रहा था, थक जाने पर रद्दी चौक के पास ई रिक्शा छोड़कर चला गया। इस बीच रात में उसका ई रिक्शा चोरी हो गया। रिक्शा चालक ने अपना वाहन को ढूंढने के लिए यहां-वहां तलाश करता रहा और कई लोगों से अपने ई रिक्शे की बारे पता करने की कोशिश की पर ई रिक्शे का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। तब उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## नेता-प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी से तीव्र आक्रोश

# कांग्रेस ने विजयवर्गीय के पुतले जलाए



**जबलपुर।** विधानसभा में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ की गई औकात में रहो की गई टिप्पणी के विरोध में जबलपुर कांग्रेस द्वारा सभी ब्लाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन कर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा नेता लगातार कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ गैर-संसदीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। विधानसभा के भीतर नेता प्रतिपक्ष के लिए "औकात में रहो" जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना न केवल पद की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि यह सत्तारूढ़ नेताओं की ओछी मानसिकता और सत्ता के अहंकार को भी प्रदर्शित करता है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद संजय राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत सिंह गुर्जर, टीकाराम कोष्टा, प्रवेन्द्र सिंह चौहान, राजेन्द्र कुशवाहा, अभिषेक यादव, आयोध्या तिवारी, सतोष पंडा, हर्षित यादव, अंजना इनवाती, उमा ठाकुर, ज्योति कोरी, रेखा झारिया, दुर्गा रजक, रीना सोनकर, पिल्लू मिश्रा, गंगा प्रजापति, शुभम शुक्ला, उमेश अवस्थी, रवि केवट, जितेंद्र लोधी, मलखान सिंह और रौशन आनंद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राज्य शिक्षा केंद्र ने परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता को बनाए रखने के लिए जिलों को जारी की एडवायजरी

# प्रदेश में कक्षा 3 से 8 की परीक्षाएं प्रारंभ, परीक्षा केंद्रों और सोशल मीडिया समूहों की करें निगरानी



**जबलपुर।** प्रदेश में कक्षा 3 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं शुक्रवार से प्रारंभ हो गई हैं। परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता को बनाए रखने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को एडवायजरी भी जारी की गई है। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिलों को जारी एडवायजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वर्तमान परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की विषम स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए प्रश्न-पत्रों की प्रिंटिंग एवं वितरण के समय पूर्ण सतर्कता बरती जाए। प्रश्न पत्रों के संबंध में कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भ्रामक सामग्री प्रसारित करने के संबंध में जागरूक रहे। ऐसे मामले संज्ञान में आने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। राज्य शिक्षा केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा पूर्व प्रश्न-पत्र अथवा उससे मिलती-जुलती फर्जी सामग्री साझा करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (IT Act) एवं भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं के तहत गंभीर साइबर अपराध है। यह कृत्य न केवल परीक्षा की गोपनीयता को भंग करता है, बल्कि कम आयु के विद्यार्थियों के मनोबल को भी ठेस पहुंचाता है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके अंतर्गत संचालित परीक्षा केंद्रों और सोशल मीडिया समूहों पर सतत निगरानी रखी जाए। किसी संदिग्ध लिंक, चैनल या मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल राज्य साइबर सेल अथवा स्थानीय साइबर पुलिस थाने को सूचित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को किसी भी भ्रामक वीडियो या तथाकथित 'पेपर लीक' संबंधी दावों पर विश्वास न करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन के सहयोग से संदिग्ध सोशल मीडिया चैनलों एवं समूहों की साइबर फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी और भ्रामक सामग्री अपलोड करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** गोरखपुर थानान्तर्गत कल रात लगभग ९ बजे मांडवा बस्ती के सामने एक युवक को एक बदमाश ने रोककर शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। मना करने पर आरोपी गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने युवक पर चाकू से हमलाकर जांघ में चोट पहुंचा दी। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि शिवाजी नगर मांडवा बस्ती निवासी शंकर बागेन्द्र कल रात लगभग नौ बजे एक आटा चक्की के सामने से जा रहा था तभी उसे अजय विश्वकर्मा मिला और शराब पीने के लिए पैसे मांगना लगा। मना करने पर अजय गालियां देने लगा। गालियां देने से मना करने पर आरोपी ने शंकर पर किसी नुकीली चीज से हमला कर उसके जांघ में गंभीर चोटें पहुंचायी।

विधानसभा में विधायक अभिलाष पाण्डेय ने पूछा था सवाल

## प्रदेश में 3 माह के भीतर लीज होल्ड भूमि होगी फ्री-होल्ड

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में जबलपुर उत्तर-मध्य से विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने क्षेत्र के 5,000 से अधिक परिवारों की लीज होल्ड भूमि को फ्री-होल्ड कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक द्वारा लगाए गए तारांकित प्रश्न पर चर्चा के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आगामी तीन माह के भीतर कार्यवाही पूर्ण करने का बड़ा आश्वासन दिया है। विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने विधानसभा में प्रश्न उठाते हुए कहा कि उत्तर मध्य विधानसभा अंतर्गत सुभद्रा कुमार चौहान, भवानी प्रसाद तिवारी, स्वामी दयानंद सरस्वती एवं राममनोहर लोहिया वार्ड में निवासरत 5 हजार परिवारों को लीज होल्ड भूमि की समस्या का सामना करना पड़ रहा है ,इसके अलावा लीज होल्ड होने से अनेक प्रकार की विसंगतियां एवं नियमों में स्पष्टता न होने की वजह से बेवजह का भटकाव एवं असुविधा का सामना करना पड़ता है,डॉ पाण्डेय ने कहा कि इस विषय में ठोस कदम उठाकर समस्या को दूर किया जाए और नियमों को जनता के लिए सुविधाजनक बनाया जाए। मध्यप्रदेश शासन की ओर से नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नियमों के सरलीकरण के लिए वे स्वयं सभी नगर निगम कमिश्नरों की बैठक लेंगे और 3 महीने में इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

## पैसों की मांग कर मारपीट

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानान्तर्गत कल रात लगभग ९ बजे ९० क्वाटर में दोस्तों के साथ खड़े एक किशोर से एक बदमाश ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की मना करने पर आरोपी ने किशोर पर चाकू से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचायी। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि कल रात चाकू बाजी में गंभीर रूप से घायल किशोर को ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल लाया गया था। जहॉ ९० क्वाटर संजीवनी नगर निवासी सौर्य बुर्रक ने बताया कि रात लगभग ९ बजे वह अपने साथी अक्षय राजपूत सोनू बर्मन के साथ ९० क्वाटर में भाऊ किराना दुकान के सामने खड़ा था तभी मोहल्ले का बदमाश अंशु ठाकुर आया और उससे शराब पीने पैसों की मांग करने लगा। मना करने पर अंशुल ने चाकू से हमला कर सौर्य के पीठ व पसीली में गंभीर चोटें पहुंचा दी।

संकल्प, निष्पक्षता और सामाजिक प्रतिबद्धता को मिला मंच

## 31वां 'अरुणोदय' सम्मान समारोह संपन्न

# तीन दशक की परंपरा ने पत्रकारिता की साख को किया और मजबूत







**जबलपुर।**

वर्ष 1993 से निरंतर आयोजित 'अरुणोदय' सम्मान समारोह का 31वां आयोजन संस्कारधानी में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रभु आराधना एवं दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुए इस समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एन.के. सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कुलपति प्रो. पी.के. मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह एवं राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने वर्चुअल माध्यम से अपने संदेश प्रेषित किए।

### "पत्रकारिता पर तीन ओर से दबाव" : एन.के. सिंह

वरिष्ठ पत्रकार एन.के. सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज पत्रकारिता राज्यसत्ता के दबाव, विज्ञापनदाताओं के प्रभाव और कॉर्पोरेट नियंत्रण जैसी चुनौतियों से जूझ रही है। इमरजेंसी काल से लेकर वर्तमान समय तक प्रेस की स्वतंत्रता निरंतर परीक्षा से गुजरती रही है। उन्होंने निष्पक्षता को पत्रकारिता का सर्वोच्च धर्म बताया।

### "चौथा स्तंभ कमजोर होगा तो ढांचा डगमगाएगा" : महापौर अन्नू

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि यदि चारों स्तंभ मजबूत रहेंगे तभी लोकतंत्र सशक्त रहेगा। उन्होंने डिजिटल और एआई के दौर में तथ्यपरकता एवं विश्वसनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

### एआई युग में विश्वसनीयता सबसे बड़ी चुनौती : कुलपति मिश्रा

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.के. मिश्रा ने कहा कि सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विस्तार के बीच पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। एआई के दौर में विश्वसनीयता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है।

### "पत्रकारिता नौकरी नहीं, जवाबदेही है" : चैतन्य भट्ट

वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट ने पंडित अरुण शुक्ला को याद करते हुए कहा कि उनके लिए पत्रकारिता पेशा नहीं, बल्कि मिशन थी। वे खबर के पीछे छिपे सत्य को सामने लाने का साहस रखते थे। आज के दौर में जनोन्मुखी पत्रकारिता को बचाए रखना आवश्यक है।

### वर्चुअल संदेश: स्मृति और संकल्प का संगम

लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने की शक्ति है। राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने 20 फरवरी को "संकल्प का दिन" बताते हुए कहा कि स्मृतियों को सम्मान में बदलना समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है।

### विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान

समारोह में पत्रकारिता, सामाजिक सेवा एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को मेडल, स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल एवं सम्मान राशि से अलंकृत किया गया। सम्मानितों में राजकुमार रैकवार, आलोक बैनर्जी, रवि अग्रवाल, अरविंद पांडे, अजय क्षेत्री, लाली कोष्टा, आशीष रैकवार, राजेंद्र पांडे, शिवकुमार चौबे, दृष्टि जैन सहित अनेक नाम शामिल रहे।

### पुलिस और मीडिया: "सिक्के के दो पहलू"

6वीं बटालियन के एसपी सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि कई बार क्राइम रिपोर्टर पुलिस से पहले घटनास्थल पर पहुंच जाते हैं। एएसपी पल्लवी शुक्ला ने मीडिया और पुलिस को "सिक्के के दो पहलू" बताते हुए परस्पर सहयोग पर बल दिया।

### 'अरुणोदय डायरी' का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान 'अरुणोदय डायरी' का विमोचन किया गया, जो पंडित अरुण शुक्ला की स्मृतियों को समर्पित है। शुक्ला परिवार ने 31 वर्षों की इस परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराते हुए मुंबई के बाद शीघ्र ही रायपुर में विस्तार की घोषणा की।

### आत्मीय स्वागत और भावपूर्ण वातावरण

आशीष शुक्ला की पुत्री यशिका ईशानी शुक्ला ने आत्मविश्वासपूर्ण स्वागत भाषण देकर आयोजन को आत्मीयता प्रदान की। मंच संचालन एडवोकेट संपूर्ण तिवारी ने किया।अतिथियों का स्वागत सौरभ शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, डॉ. अर्पित शुक्ला, अस्तित्व शुक्ला, कृष्णा शुक्ला, अर्थ शुक्ला, साक्षी शुक्ला, सांझ शुक्ला, आदित्य तिवारी, अंकित शुक्ला, नवनीत जैन,दीनदयाल तिवारी,रवि चौबे,सुरेश वर्मा,अनिल पांडे,राजकुमार भंवरा,प्रेमनारायण पांडे ने किया। अतिथियों का स्वागत शुक्ला परिवार एवं सहयोगियों द्वारा आत्मीयता से किया गया। 31 वर्षों की यह परंपरा अब केवल एक समारोह नहीं, बल्कि संस्कारधानी की सांस्कृतिक धरोहर बन चुकी है—जहां सम्मान, संकल्प और निष्पक्ष पत्रकारिता की मशाल निरंतर प्रज्वलित है।



# दबंगों ने बंद कर दी गांव की सड़क

## ग्रामीण भड़के किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** पनागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 75 के खैरी गांव में एक सड़क आम रास्ते को बंद किए जाने से आक्रोश भड़क गया, यह सड़क गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ती है, आरोप है की भूमाफिया और प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा 40 - 50 साल पुराने इस मार्ग को बंद किया जा रहा है. इसके खिलाफ ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता केवल एक पगडंडी नहीं है, बल्कि सरकारी नक्शे में भी इसे बाकायदा सड़क के रूप में दर्शाया गया है। वर्तमान में स्थिति यह है कि किसी निजी पक्ष द्वारा इस जमीन को खरीदे जाने का दावा किया जा रहा है, जिसके बाद से इस रास्ते को बंद करने की तैयारी की जा रही है। यदि यह रास्ता बंद होता है, तो सैकड़ों ग्रामीणों का संपर्क मुख्य शहर और अन्य जरूरी सुविधाओं से पूरी तरह कट जाएगा।प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तहसीलदार, आरआई और पटवारी जैसे जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में मौन साधे हुए हैं।

# बरगी बांध जल विद्युत गृह ने हासिल किया लक्ष्य

## 39 दिन पहले ही कर लिया 508.08 मिलियन यूनिट का उत्पादन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के रानी अवंती बाई सागर (बरगी बांध) जल विद्युत गृह बरगी ने शुक्रवार को सुबह 7.45 बजे वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक लक्ष्य 508.08 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन को 39 दिनों पूर्व हासिल करने में सफलता पाई है। 90 मेगावाट स्थापित क्षमता के बरगी जल विद्युत गृह का इस दौरान प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ) 93 फीसदी रहा। जल विद्युत गृह का फोर्सड् आउटेज मात्र 0.81 फीसदी व प्लानड या नियोजित आउटेज 4.47 फीसदी रहा। बरगी जल विद्युत गृह ने यह सफलता तकनीकी दक्षता, कुशल संचालन व सुदृढ़ अनुरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हासिल की।

38 वर्ष पुराने जल विद्युत गृह ने 12 हजार घंटे से अधिक किया विद्युत उत्पादन-38 वर्ष पुराने बरगी जल विद्युत गृह की दोनों उत्पादन यूनिट ने सामूहिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12130 घंटे संचालन दर्ज कर निर्धारित उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान बरगी जल विद्युत गृह की प्रथम यूनिट ने 254.89 मिलियन यूनिट व द्वितीय यूनिट ने 253.19 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। जल विद्युत गृह के अभियंताओं व ठेका श्रमिकों द्वारा अपना कार्य ध्यानपूर्वक और सुरक्षित तरह से निष्पादित किया गया जिससे जल विद्युत गृह के परिचालन में किसी भी तरह की कठिनाई उत्पन्न नहीं हुई। यह उपलब्धि कंपनी के लिए परिचालन लागत की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।पिछले वित्तीय वर्ष में भी बरगी ने हासिल किया था लक्ष्य-रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी की 45 मेगावाट की प्रथम यूनिट 3 जून 1988 और 45 मेगावाट की द्वितीय यूनिट 29 नवम्बर 1988 को क्रियाशील हुई थी। बरगी जल विद्युत गृह ने इससे पूर्व पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी विद्युत नियामक आयोग के निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 508 मिलियन यूनिट की तुलना में 509 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया था। लक्ष्य को समयपूर्व प्राप्त करना हमारी कार्यसंस्कृति का परिचायक- प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह द्वारा 39 दिन पूर्व ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक लक्ष्य को हासिल करने की सफलता पर अभियंताओं व कार्मिकों बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में हम अपने अभियंताओं और कार्मिकों की प्रतिबद्धता, दक्षता और टीम भावना के बल पर सकारात्मक विकास पथ पर अग्रसर हैं। प्रत्येक लक्ष्य को समयपूर्व प्राप्त करना हमारी कार्यसंस्कृति का परिचायक बनता जा रहा है और हम सभी गर्व के साथ इन उपलब्धियों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता सुविचारित निर्णय प्रक्रिया, समयबद्ध तकनीकी हस्तक्षेप, प्रभावी अनुरक्षण रणनीति और अभियंताओं व ठेका श्रमिकों के समन्वित प्रयासों से यह सफलता संभव हो पायी है।



# गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता: धनगवां के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, तीन खिलाड़ी जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित

**मझौली।** जिला स्तरीय पारंपरिक खेल गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता में धनगवां सेक्टर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में धनगवां ग्राम से नीरज चौधरी, अमित आदिवासी, अमित भूमिया, गणेश यादव, संजय भूमिया, सागर चौधरी एवं ओम प्रकाश चौधरी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर नीरज चौधरी, अमित आदिवासी एवं अमित भूमिया का चयन आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को लेकर




पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उल्लेखनीय है कि सभी खिलाड़ी आदिवासी जन कल्याण एवं बाल उत्थान समिति, धनगवां के बैनर तले प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। खिलाड़ियों का मार्गदर्शन संस्था की सचिव विनीता आदिवासी द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष श्री नीरज चौधर ने कहा कि "खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की पाठशाला है। हमारा लक्ष्य है कि खेल के माध्यम से धनगवां ग्राम के बच्चे नई पहचान बनाएं, क्योंकि खेल से आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व का विकास होता है।" ग्रामवासियों एवं संस्था के सदस्यों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए मझौली जनपद में होने वाली

# 44वीं तेज चाल प्रतियोगिता कल

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 44 वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 22 फरवरी को किया गया है। यह प्रतियोगिता प्रातः 6.30 बजे रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान से शुरू होगी।60 वर्ष से आयु के प्रतिभागी विशेष रूप से आमंत्रित-तेज चाल प्रतियोगिता में बिजली कंपनियों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों के अलावा उनके पत-पत्नी, माता-पिता, सास-श्वसुर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 60 वर्ष या उससे अधकि आयु के महिला-पुरूषों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है और इन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने पर सम्मानति किया जाएगा। प्रतियोगिता में 65 वर्ष से अधकि आयु वर्ग के बाहरी महिला व पुरूष प्रतिभागियों को भी भाग लेने का अवसर दिया गया है।13 वर्गों में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे-तेज चाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरूष व महिला प्रतिभागियों के लिए 21 वर्ष से 75 वर्ष तक की आयु समूह में कुल दस वर्ग बनाए गए हैं। सुरक्षा विभाग एवं खिलाड़ियों के लिए पृथक से तीन वर्ग बनाए गए हैं। सभी 13 वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। महिलाओं व पुरूषों के लिए पृथक मार्ग-प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए पाण्डुताल मैदान से अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं। महिला एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरूष प्रतिभागियों को पाण्डुताल मैदान से शुरू हो कर एमओ क्वाटर्स, तरंग प्रेक्षागृह, शक्तभिवन का मेन गेट तिराहा, जलपरी रोड, तीन बत्ती तिराहे का चेक पोस्ट तक चल कर वापस उसी मार्ग से पाण्डुताल मैदान तक आना होगा। पुरूष एवं सुरक्षा विभाग के कार्मिक व खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता पाण्डुताल मैदान से शुरू हो कर एमओ क्वाटर्स, तरंग प्रेक्षागृह, शक्तभिवन का मेन गेट तिराहा, जलपरी रोड, तीन बत्ती, नयागांव एरयि स्टोर, हनुमान चौकी एवं इसी मार्ग से वापस पाण्डुताल मैदान पर समाप्त होगी। दौड़ने वाले होंगे अयोग्य-सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता तेज चाल के द्वारा ही पूर्ण करनी होगी और जो प्रतिभागी दौड़ेंगे उन्हें प्रतियोगिता से अयोग्य घोषति कर दिया जाएगा।

# उत्कृष्टता बनाए रखना ही लक्ष्य : तिवारी

## एमपी ट्रांसको में हुआ नवागत अभियंताओं से संवाद

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में नवागत सहायक अभियंताओं के साथ मुख्यालय शक्तिभवन जबलपुर में परिचयात्मक संवाद आयोजित किया गया। प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कहा कि प्रत्येक चुनौती के सामने कंपनी की उत्कृष्टता बनाए रखना ही सभी अधिकारियों का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कठिन चयन प्रक्रिया से यहां तक पहुंचना केवल रोजगार नहीं, बल्कि संस्था की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी है। हाल ही में एम पी ट्रांसको में चयनित 42 अभियंताओं, जिनमें 17 महिला



अभियंता शामिल हैं, को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रशिक्षण अवधि को कार्यालयीन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण बताया और फील्ड प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने का आह्वान किया। श्री तिवारी ने कहा कि सहायक अभियंता संवर्ग कंपनी में सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है, अतः सभी पूरे मनोयोग से दायित्व निभाएं। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश की अग्रणी भूमिका का उल्लेख करते हुए सामूहिक प्रयासों को सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। संचालन अधीक्षण अभियंता श्री राजेश कुमार शर्मा ने किया।

**श्रीमती कमला देवी ओझा-** सैनिक सोसायटी डुमना रोड निवासी श्री शंभूनाथ ओझा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी ओझा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश गुप्ता-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री रमेश गुप्ता (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा गुप्ता-** संजीवनी नगर दुर्गा कॉलोनी निवासी श्री बालकृष्ण गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती उमा गुप्ता (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू लाल खटीक-** खेरमाई वार्ड खटीक मोहल्ला निवासी श्री बाबू लाल खटीक (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कृष्ण कुमार राजोरिया-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री कृष्ण कुमार राजोरिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पूरन लाल किरार-** खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री पूरन लाल किरार (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती वैजंती बाई-** कुदवारी अमखेरा




निवासी श्री जीवन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती वैजंती बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गायत्री द्विवेदी-** साठिया कुआं निवासी श्री हरी दत्त द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री द्विवेदी (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फूला बाई गोल्हानी-** भल्ला कॉलोनी रेतनाका गौरीघाट निवासी श्री नोखे लाल गोल्हानी की धर्मपत्नी श्रीमती फूला बाई गोल्हानी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अर्पित श्रीवास्तव-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव के पुत्र श्री अर्पित श्रीवास्तव (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती ज्योति खुराना-** दत्त एनक्लेव नेपियर टाउन निवासी श्री सुरेश खुराना की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति खुराना (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेश प्रसाद कनौजिया- पेंटीनाका सदर निवासी श्री राजेश प्रसाद कनौजिया (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोज रजक-** प्रेस्टीज टाउन साउथ सिविल लाइन निवासी श्री आरसी रजक की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज रजक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली-** महानद्दा मदनमहल निवासी श्री अमर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रेवा प्रसाद झारिया-** शक्तिनगर बदनपुर निवासी श्री रेवा प्रसाद झारिया (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरन बाई दाहिया-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री रामदास दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती किरन बाई दाहिया (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री खेमचंद पासी-** बगीचा नं. 76 सदर पुलिस थाना के पास निवासी श्री खेमचंद पासी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

## खबर संक्षेप

### टेक्समैको रेल का हुआ आरवीएनएल से करार




**नई दिल्ली।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड और रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने देश की रेल विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह संयुक्त उद्यम भारत और अन्य देशों में उन्नत रेल वाहन पूरी तरह तैयार परियोजनाओं पर काम करेगा।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे टूटकर 90.99 पर बंद



**मुंबई।** अमेरिका-ईरान के परस्पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की वजह से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 31 पैसे टूटकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ।
बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख भी रुपये को समर्थन देने में विफल रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 725.72 अरब डॉलर



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रह गया था।

### ओमनीटेक इंजीनियरिंग का आईपीओ 25 फरवरी को




**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग घटक बनाने वाली कंपनी ओमनीटेक इंजीनियरिंग ने अपने 583 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 216-227 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 फरवरी को खुलेगा और 27 फरवरी को बंद होगा।

### पाक आईफोन विनिर्माण के लिए एप्पल को देगा प्रोत्साहन



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अमेरिकी कंपनी एप्पल को अपने यहां आईफोन का विनिर्माण शुरू करने के लिए प्रोत्साहन देने पर सहमति जताई है। बृहस्पतिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके अलावा एप्पल पाकिस्तान में पुराने आईफोन की मरम्मत कर उसका दोबारा

# रूस, वेनेजुएला व अमेरिका को छोड़ अब 'ओपेक' से आ रहा है भर-भरकर तेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल खरीदार और उपभोक्ता देश है। हमारी अर्थव्यवस्था और दैनिक यातायात पूरी तरह से तेल के सुचारू आयात पर निर्भर है।

- अब भारत के बंदरगाहों पर सऊदी अरब के तेल टैंकरों की कतारें

पिछले कुछ समय से देश की रिफाइनरियों में सबसे ज्यादा रूसी तेल रिफाइन हो रहा था लेकिन अब हवा का रुख पूरी तरह से बदल गया है। अमेरिकी व्यापार समझौते के बाद भारत सरकार ने अपनी तेल खरीद की रणनीति में एक बड़ा बदलाव किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब भारतीय बंदरगाहों पर रूस के बजाय ओपेक देशों, विशेषकर सऊदी अरब के तेल टैंकरों की कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। जानकारों का कहना है कि अगर 'ओपेक' देशों से तेल सही दाम पर मिलता है, तो भारत में डीजल और पेट्रोल के दाम में हल्की नरमी देखने को मिल सकती है। साल 2022 में जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा, तो पश्चिमी देशों ने मॉस्को पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। उस वक्त भारत ने आम जनता की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए सस्ते रूसी तेल की जमकर खरीदारी की थी। एक समय ऐसा था जब भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी महज एक फीसदी हुआ करती थी, जो युद्ध के बाद छलांग लगाकर करीब 40 फीसदी तक पहुंच गई और रूस हमारा सबसे बड़ा सप्लायर बन गया।

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल खरीदार

### सऊदी अरब की फिर से नंबर वन पर वापसी

*रूसी कच्चे तेल की घटती मांग के बीच मध्य पूर्व के देशों ने एक बार फिर भारतीय बाजार पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। सऊदी अरब ने फिर से भारत के सबसे बड़े तेल आपूर्तिकर्ता का ताज पहन लिया है। फरवरी के महीने में सऊदी अरब से होने वाला आयात अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो दिसंबर की शुरुआत में रूस से आयात 10 महीने के निचले स्तर 2.7 बिलियन डॉलर पर था, जो दिसंबर 2024 के मुकाबले 15% कम था।*




### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से बदले हालात

हालांकि, अब हालात बदल चुके हैं। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और अमेरिका के साथ हुए नए व्यापार समझौते के दबाव के कारण भारतीय तेल कंपनियों ने रूस से किनारा करना शुरू कर दिया है। जनवरी 2026 में रूस से भारत का तेल आयात घटकर लगभग 1.1 मिलियन बैरल प्रतिदिन रह गया है। यह नवंबर 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। कुल आयात में भी रूस की हिस्सेदारी सिकुड़कर 21.2 प्रतिशत पर आ गई है और यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में एक-तिहाई कम है।

## आईएमएफ की जॉर्जीवा ने कहा, भारत को लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी

# एआई से वैश्विक वृद्धि 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी नौकरियों के लिए उच्च जोखिम भी मौजूद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 0.8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है और भारत के 'विकसित भारत' बनने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती है। जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी कि एआई से नौकरियां कम होने और वित्तीय स्थिरता पर जोखिम भी उत्पन्न हो सकते हैं।


जॉर्जीवा ने यहां आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में कहा कि वह एआई को लेकर आशावादी हैं, लेकिन इसके प्रभाव को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई को अच्छाई की ताकत या बुराई की ताकत के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

### अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी

जॉर्जीवा ने कहा, /"एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है। हमारा अनुमान 0.8 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी से पहले की तुलना में तेजी से बढ़ेगी। यह नए अवसर और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए शानदार है। भारत के लिए भी यही प्रभाव दिख रहा है और इसका अर्थ है कि भारत का विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।




- जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी, नौकरियां कम होने से वित्तीय स्थिति पर जोखिम
- एआई का प्रभाव अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहे
- एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक



*वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा*
*जॉर्जीवा ने कहा कि सबसे पहले, एआई से कुछ देशों के पास प्रौद्योगिकी होने और कुछ देशों के पास न होने के कारण वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा है। दूसरा, यह वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि एआई अनियंत्रित होने पर वित्तीय बाजारों में संकट पैदा कर सकता है।*

*40 प्रतिशत नौकरियां होंगी प्रभावित*
*जॉर्जीवा ने कहा, /"हमने इस जोखिम को बहुत ऊपर आंका है। हम वास्तव में श्रम बाजार पर एआई के प्रभाव को एक 'सुनामी' की तरह देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई से प्रभावित होंगी, कुछ में सुधार होगा और कुछ खत्म हो जाएंगी।*

### जोखिम के प्रति सचेत रहना होगा

जॉर्जीवा ने कहा कि एआई उन देशों के लिए अधिक अवसर पैदा करता है जो डिजिटल बुनियादी ढांचा, कौशल विकास और एआई को तेजी से अपनाने में आगे हैं। उन्होंने कहा कि देशों को जोखिमों के प्रति सचेत रहते हुए अवसरों को अपनाना चाहिए। उन्होंने एआई से जुड़े तीन प्रमुख जोखिमों को गिनाते हुए कहा, /"मैं एआई को लेकर बहुत आशावादी हूं। हालांकि मैं बहुत भोली भी नहीं हूं, इससे काफी जोखिम भी जुड़े हैं।/"

### दस में से एक नौकरी के लिए कौशल की जरूरत

आईएमएफ के एक अध्ययन के मुताबिक, एआई के कारण अमेरिकी श्रम बाजार पर असर पड़ रहा है। अमेरिका में हर दस में से एक नौकरी के लिए अब अतिरिक्त कौशल की जरूरत है और इस कौशल से लैस लोगों को बेहतर वेतन मिलता है। जॉर्जीवा ने कहा, /"जब लोगों के पास ज्यादा पैसे होंगे, तो वे स्थानीय सेवाओं पर खर्च करेंगे। वे रेस्तरां, मनोरंजन आदि में जाएंगे, जिससे कम-कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी।

*समझने लचीला रुख अपनाना होगा*
*जॉर्जीवा ने कहा कि आईएमएफ देशों के साथ मिलकर यह समझने का काम जारी रखेगा कि एआई में क्या बदलाव हो रहे हैं और भविष्य की नीतियों के लिए इसे कैसे आकार दिया जा सकता है।*

# सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने सात उपायों की घोषणा की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार ने देश के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को सात उपायों की घोषणा की जिनमें ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए ऋण सहायता एवं वैकल्पिक व्यापार साधनों को समर्थन शामिल है।
ये उपाय 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा हैं। इस मिशन के 10 में से तीन घटकों को जनवरी में पहले ही लागू किया जा चुका है। डिजिटल माध्यम से निर्यात करने वालों को समर्थन देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने ब्याज अनुदान एवं आंशिक ऋण गारंटी के साथ ऋण सुविधाएं शुरू करने की घोषणा की है।'डायरेक्ट ई-कॉमर्स क्रेडिट' सुविधा के तहत 50 लाख रुपये तक सहायता 90 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ उपलब्ध होगी।

- ये उपाय 25,060 करोड़ रुपए के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा
- मिशन के 10 में से तीन घटकों को जनवरी में पहले ही लागू किया जा चुका

'ओवरसीज इन्वेंटरी क्रेडिट' सुविधा के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये तक सहायता 75 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ दी जाएगी। इस पर 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा जो प्रति आवेदक सालाना अधिकतम 15 लाख रुपये तक सीमित रहेगा।

**M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
Office of the Chief Engineer (T&C), Block No. 4, Shakti Bhawan, Rampur Jabalpur (M.P.)-482008, Phone : 0761-2702210, 2702203, 2702202, E-mail : ce.tnc@mptransco.nic.in

**TENDER NOTICE**

Following Tender is invited under T&C wing of MPPTCL:-

| Tender Specification No. | Name of Work | EMD (In Rs.) | Tender Cost i/c GST | Due Date of Opening of Tender Online |
|---|---|---|---|---|
| TS-02/ 2026 | Deployment of Six Number outsourced Computer Operators through manpower providing agency. | 38,600/- | 1,180/- | 13.03.2026 |

For further detail & downloading of tender document, please visit our website www.mptransco.in.
//SAVE ELECTRICITY// M.P. Madhyam/124568/2026

# दिसंबर तक 14 पीएलआई योजनाओं में 28,748 करोड़ रुपए हुए वितरित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए शुरू की गई 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन' (पीएलआई) योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दवा समेत 14 क्षेत्रों को अब तक 28,748 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सरकार ने वर्ष 2021 में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के इरादे से 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएलआई योजनाओं की घोषणा की थी। दिसंबर, 2025 तक पीएलआई योजना के तहत 14 क्षेत्रों में कुल 836 आवेदनों को मंजूरी दी जा चुकी थी जिनमें कुल 2.16 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इन क्षेत्रों में 20.41 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कुल बिक्री और 8.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ। इन योजनाओं से 14.39 लाख से अधिक लोगों को रोजगार भी मिला है। मंत्रालय ने कहा, /"पीएलआई योजनाओं के तहत 31 दिसंबर, 2025 तक 28,748 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।/पीएलआई योजना शुरू होने से वित्त 2020–21 के बाद से मोबाइल फोन के आयात में लगभग 77 प्रतिशत की कमी आई है। अब देश की 99 प्रतिशत से अधिक मांग स्थानीय उत्पादन के माध्यम से पूरी की जा रही है।

- सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने योजना शुरू की
- 14 क्षेत्रों में कुल 836 आवेदनों को मंजूरी दी जा चुकी थी

# बुनियादी क्षेत्रों में उत्पादन जनवरी में चार फीसदी घटा



**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर जनवरी में घटकर चार प्रतिशत रह गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इन बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर एक साल पहले जनवरी, 2025 में 5.1 प्रतिशत थी जबकि दिसंबर, 2025 में यह 4.7 प्रतिशत रही थी। जनवरी 2026 में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जनवरी अवधि में इन आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 2.8 प्रतिशत बढ़ा।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-बालाघाट ( म. प्र. )**

क्रमांक/निविदा/2025-26 / 917 बालाघाट दिनांक 12/02/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट के अन्तर्गत उपस्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति किये जाने हेतु ऑनलाइन ई – निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदाओं से संबंधित समस्त विवरण, जिसमें उपकरणों एवं शर्तों का उल्लेख है, को https://gem.gov.in पोर्टल में देखकर निविदा में भाग लिया जा सकता है । उक्त निविदाओं को निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन भरना होगा । निविदा के दस्तावेजों को अंतिम तिथी दिनांक 12 मार्च 2026 सायं 05:00 बजे तक ऑनलाइन जमा किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी प्रस्ताव को दिनांक 13 मार्च 2026 दोप 04:00 बजें जिला निविदा सह क्रय समिति के समक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कक्ष में खोला जावेगा, निविदाकार स्वयं उपस्थित रह सकते है । निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकारी जिला क्रय समिति का होगा ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला - बालाघाट म.प्र.
G-26117/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला ( म.प्र.)**
दूरभाष - 07642-252443 ई-मेल- eephedmal@mp.nic.in फेक्स - 07642-253622

निविदा क्रमांक 121 से 122 / 2025-26 / नि.शाखा / लो.स्वा.या. / 2026 मण्डला, दिनॉक 12.02.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है । निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

Name Of Work :- Balance Work Of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Various Villages of Various Block of Distt Mandla M.P. based on installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line system, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Errection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.

| NIT No. | Tender ID No. | Name of Villeges | Name of Block | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | End Date of Submission | Bid Opening Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 121/ 25-26 | 2026 PHED 482100_1 | Mehar Seoni, Katang seoni, Kohka and Kohani | Niwas | 56.63 | 56630 | 10000 | 24-02-2026 | 26-02-2026 | 09 Months season |
| 122/ 25-26 | 2026 PHED 482100_1 | Chari, Dungariya, Jhulpur, Keolari and Mohgaon | Nainpur | 167.63 | 167630 | 15000 | 24-02-2026 | 26-02-2026 | |

नोट :- निविदा प्रत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है ।

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मण्डला (म.प्र.)
G-26135/25

# शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 316 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी निकली
- निफ्टी 25,550 अंक के हुआ पार

शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला।बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों ने एक दिन पहले की भारी गिरावट के बाद जोरदार वापसी की।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर**

NIT No.05/2026/Centralized Tender / G / CE (B ) / Date 17/02/2026
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_483284_1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में पी. जी. सीट उन्नयन कार्य में फर्नीचर प्रदाय करने का कार्य । ( प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 402.14 | 402140.00 | 15000.00 | 4 |
| 2 | 2026_PWPIU_483289_1 | सामुदायिक भवन हॉथीताल जिला जबलपुर का निर्माण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) | जबलपुर | 199.69 | 199690.00 | 12500.00 | 12 |
| 3 | 2026_PWPIU_483292_1 | सभी विभाग के छोटे-छोटे कार्य एवं सभी विभाग के परफारमेंस गारंटी में मरम्मत कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) | जबलपुर | 300.00 | 300000.00 | 15000.00 | 18 |
| 4 | 2026_PWPIU_483294_1 | लोक निर्माण विभाग (भवन) जबलपुर के अंतर्गत भवनों के डी. पी. आर. तैयार करने का कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 50.00 | 50000.00 | 10000.00 | 12 |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 20.02.2026 समय 9.00 से दिनांक 06.03.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग जबलपुर
G-26115/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 40/व.ले.लि./2025-26 **निविदा सूचना** भोपाल, दिनांक 09.02.2026
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_PWDRB_481070_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.- 22 के जी एवं आई टाईप शासकीय आवास गृहों में ए. आर./एस.आर./अनुरक्षण का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 65.00 | 65000.00 |
| 2 | 2026_PWDRB_481071_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-22 के एच टाइप एवं भरत नगर के आई टाइप शासकीय आवास गृहों में ए. आर./एस. आर./अनुरक्षण का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 63.00 | 63000.00 |
| 3 | 2026_PWDRB_481072_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-23 के जी एवं आई टाइप शासकीय आवास गृहों में ए. आर. / एस. आर. / अनुरक्षण का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 61.00 | 61000.00 |
| 4 | 2026_PWDRB_481073_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-23 के एफ एवं एच टाइप शासकीय आवास गृहों में ए. आर. / एस. आर. / अनुरक्षण का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 58.00 | 58000.00 |
| 5 | 2026_PWDRB_481074_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत केन्द्रीय जेल के विभिन्न शासकीय आवासीय गृहों में ए. आर. / एस. आर. / अनुरक्षण का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 49.00 | 50000.00 |
| 6 | 2026_PWDRB_481075_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं. - 22 के शासकीय आवास गृहों में रंगाई-पुताई एंव पेटिंग का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 42.00 | 50000.00 |
| 7 | 2026_PWDRB_481076_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. - 23 के शासकीय आवास गृहों में रंगाई-पुताई एंव पेटिंग का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 41.00 | 50000.00 |
| 8 | 2026_PWDRB_481077_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं. - 22 के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 46.00 | 50000.00 |
| 9 | 2026_PWDRB_481079_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-23 के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 47.00 | 50000.00 |
| 10 | 2026_PWDRB_481080_1 | जेल उपसंभाग क्र -3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गतें लघुमूल / डिपाजिट का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 95.00 | 95000.00 |
| 11 | 2026_PWDRB_481081_1 | जेल उपसंभाग क्रं - 3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत निर्माण भवन में साधारण मरम्मत / विशेष मरम्मत / अनुरक्षण / उन्नयन कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 95.00 | 95000.00 |
| 12 | 2026_PWDRB_481082_1 | उपसंभाग क्रं - 2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय बंगला क्रमांक ई-25, ई - 36,45 बंगलो में लघुमूल गौड कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 36.73 | 50000.00 |
| 13 | 2026_PWDRB_481083_1 | उपसंभाग क्रं-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय बंगला क्रमांक ई-44, 45 बंगलो में लघूमूल गौड कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 31.55 | 50000.00 |
| 14 | 2026_PWDRB_481084_1 | नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. भोपाल अंतर्गत उपसंभाग क्र. -3 के शाहपुरा बावडिया रोड नं. 2, 3 एवं 130 फीट चौडा मार्ग कोटरा सुल्तानाबाद में पी. बी. एम. सी. का कार्य ।(समूह - अ ) | द्वितीय आमंत्रण | 458.50 | 458500.00 |
| | | योग:- | | 1188.78 | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 27.02.2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकता है।

G-26147/25 "स्वच्छता ही सेवा"
कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)

## चिंतन

# एसआईआर: कोई भी योग्य छूटे नहीं और अयोग्य शामिल न हो

पश्चिम बंगाल में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पैदा हुआ टकराव अब केवल प्रशासनिक मतभेद नहीं रहा, यह लोकतंत्र की विश्वसनीयता की सीधी परीक्षा बन चुका है। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का अभूतपूर्व हस्तक्षेप बताता है कि हालात साधारण नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि मतदाता सूची से कोई योग्य नागरिक छूटे नहीं और अयोग्य उसमें शामिल न हो। यह निर्देश भर नहीं, लोकतांत्रिक मर्यादा की अंतिम रेखा है। मतदाता सूची में शुचिता और पारदर्शिता के लिए शीर्ष अदालत ने एसआईआर की निगरानी के लिए सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। शीर्ष अदालत ने राज्य की निर्वाचित सरकार और चुनाव आयोग के बीच भरोसे की कमी पर जो टिप्पणी की, वह सबसे ज्यादा चिंताजनक है। जब चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था और राज्य सरकार आमने-सामने खड़ी दिखें, तो नुकसान किसी एक पक्ष का नहीं, पूरे लोकतंत्र का होता है। अदालत को सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों की निगरानी में प्रक्रिया चलाने का आदेश देना पड़ा। यह असाधारण व्यवस्था है, जो बताती है कि संस्थागत संवाद की डोर कितनी कमजोर हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और उनकी पीठ ने साफ किया कि न्यायिक अधिकारियों के आदेश अदालत के आदेश माने जाएंगे और कलेक्टर-एसपी उन्हें लागू कराएंगे। सवाल यह है कि क्या चुनावी प्रक्रिया इतनी अविश्वसनीय हो गई है कि उसे पटरी पर लाने के लिए न्यायपालिका को प्रत्यक्ष भूमिका निभानी पड़े? यदि हां, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। अदालत ने 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट्री सूची की छूट भी दी। यह संतुलन का प्रयास है कि समयबद्धता भी रहे और त्रुटि-सुधार का रास्ता भी खुला रहे, लेकिन असली सवाल यह है कि दावे और आपत्तियां तार्किक निष्कर्ष तक क्यों नहीं पहुंच पा रहीं? क्यों आरोप-प्रत्यारोप का दौर प्रक्रिया पर हावी है? मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी कि हमें राज्य सरकार से सहयोग की उम्मीद थी, सिर्फ नाराजगी नहीं, निराशा का संकेत है। अदालत ने यह भी कहा कि वह सूक्ष्म पर्यवेक्षक नहीं है। यानी रोजमर्रा के प्रशासनिक काम में दखल देना न्यायपालिका का काम नहीं। पर जब जवाब देने में देरी हो, तथ्यों की स्पष्टता न हो और गतिरोध बना रहे, तब अदालत को आगे आना पड़ता है। न्यायिक अधिकारियों की तैनाती अस्थायी समाधान हो सकती है, स्थायी इलाज नहीं। इससे लंबित अदालती मामलों पर असर पड़ेगा, अंतरिम राहत के मामलों को अन्य अदालतों में स्थानांतरित करना पड़ेगा। मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए केवल न्यायिक आदेश काफी नहीं। बूथ स्तर पर सत्यापन की पारदर्शी प्रक्रिया, दावों-आपत्तियों की खुली सुनवाई, आदेशों का सार्वजनिक प्रकाशन और तकनीक का प्रभावी उपयोग, ये सब मिलकर ही भरोसा बहाल कर सकते हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना कोई भी व्यवस्था अधूरी है। यह भी याद रखना होगा कि अदालत का हस्तक्षेप किसी एक पक्ष की जीत या हार नहीं है। यह लोकतंत्र को पटरी पर रखने की कोशिश है। शीर्ष कोर्ट ने जो कहा, वह मूलभूत सिद्धांत है। अब समय की मांग है कि सियासत से ऊपर उठकर पारदर्शिता, जवाबदेही और सहयोग को प्राथमिकता दी जाए। लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता की आस्था है; उसे टूटने नहीं देना ही हर संवैधानिक संस्था की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।



विश्लेषण
राजेश माहेश्वरी

# रास चुनाव में बढ़ेगी एनडीए की ताकत

राज्यसभा में एक बड़ा बदलाव इस साल होने वाला है। पूरे साल में करीब 72 से 75 सीटें खाली हो रही हैं, जो अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में रिटायरमेंट से होंगी। अभी फरवरी 2026 में राज्यसभा की कुल 245 सीटों में बीजेपी की 103 हैं, कांग्रेस की 27, तृणमूल कांग्रेस की 12, आप की 10, डीएमके की 10, बीजेडी की 7, वाईएसआरसीपी की 5 और एआईएडीएमके की 7 सीटें हैं। नॉमिनेटेड 7 हैं और कुल एनडीए की ताकत 121 के आसपास है, जबकि इंडिया ब्लॉक के पास 80 सीटें हैं। आने वाले चुनावों से यह आंकड़ा काफी हिलने वाला है। कुल मिलाकर, 2026 राज्यसभा में एनडीए और मजबूत होगा, जो विधेयकों को पास कराने में आसानी देगा।

राज्यसभा में एक बड़ा बदलाव इस साल होने वाला है। पूरे साल में करीब 72 से 75 सीटें खाली हो रही हैं, जो अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में रिटायरमेंट से होंगी। अभी फरवरी 2026 में राज्यसभा की कुल 245 सीटों में बीजेपी की 103 हैं, कांग्रेस की 27, तृणमूल कांग्रेस की 12, आप की 10, डीएमके की 10, बीजेडी की 7, वाईएसआरसीपी की 5 और एआईएडीएमके की 7 सीटें हैं। नॉमिनेटेड 7 हैं और कुल एनडीए की ताकत 121 के आसपास है, जबकि इंडिया ब्लॉक के पास 80 सीटें हैं। आने वाले चुनावों से यह आंकड़ा काफी हिलने वाला है।

राज्यसभा की इन 37 सीटों में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र से सात सीटें खाली हो रही हैं, जिन पर चुनाव है। महाराष्ट्र की सात राज्यसभा सीटों में से बीजेपी के पास दो और शरद पवार की एनसीपी के पास 2 राज्यसभा सीटें हैं। इसके अलावा कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और आरपीआई के पास एक-एक सीटें है। नंबर गेम्स के अनुसार सत्तारूढ़ एनडीए को 7 से 9 सीटों का फायदा होने की उम्मीद है, जिससे उनकी ताकत 145 तक पहुंच सकती है। वहीं, इंडिया ब्लॉक को 5 सीटों का नुकसान हो सकता है, जो उनकी संख्या को 75 के आसपास ला देगा। सबसे पहले आगामी 16 मार्च को 37 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जो 10 राज्यों से हैं। महाराष्ट्र से 7, ओडिशा से 4, तमिलनाडु से 6, पश्चिम बंगाल से 5, असम से 3, बिहार से 5, छत्तीसगढ़ से 2, हरियाणा से 2, हिमाचल प्रदेश से 1 और तेलंगाना से 2 सीटें। ये सीटें अप्रैल में खाली हो रही हैं। साल के बाकी चुनावों में और 35-38 सीटें शामिल होंगी, जो कुल 22 राज्यों से हैं, जैसे उत्तर प्रदेश से 10, कर्नाटक से 4, गुजरात से 4, आंध्र प्रदेश से 4 सीटें। राज्यसभा की वोटिंग के बाद 37 नए सांसद जुड़ेंगे। दस राज्यों की खाली सीटों में कांग्रेस के लिए हिमाचल एक बड़ा ठौर होगा। इस साल 72 सीटों पर चुनाव होंगे और इस तरह भाजपा का पलड़ा थोड़ा सा और भारी हो सकता है। हाल के विधानसभा चुनावों ने एनडीए की पोजीशन मजबूत की है। मसलन, महाराष्ट्र में एनडीए के 228 विधायक हैं (बीजेपी 131, शिवसेना-शिंदे 57, एनसीपी-अजित 40), जो 7 सीटों में से 4-5 जीत सकता है यानी पहले से ज्यादा। बिहार में एनडीए को एक एक्स्ट्रा सीट मिल सकती है, जहां पहले से 3 थे, अब 4 हैं। आंध्र प्रदेश में 3 गेन, गुजरात में 1, ओडिशा में 2, राजस्थान में 1। ये गेन विधानसभा स्ट्रेंथ से आते हैं, जैसे महाराष्ट्र में एनडीए ने 2025 चुनाव जीता, बिहार में एनडीए मजबूत, हरियाणा और झारखंड में बीजेपी। हालांकि, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में 1-1 सीट का नुकसान हो सकता है। राज्यसभा के सदस्य (सांसद) राज्य की विधानसभा के चुने हुए विधायकों की वोटिंग से चुने जाते हैं। यानी, केंद्र में कौन सी पार्टी मजबूत होगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि हर राज्य की विधानसभा में किस पार्टी के कितने विधायक हैं। अगर विधानसभा में आपकी पार्टी की ताकत बढ़ती है, तो राज्यसभा में भी आपकी सीटें बढ़ती हैं। राज्यसभा की सीटें हर राज्य में तय होती हैं। चुनाव में जीतने के लिए, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या में वोट चाहिए, जिसे 'क्वोटा' कहते हैं। राज्यसभा के सदस्य विधानसभा के इलेक्टेड मेंबर्स चुनते हैं, इसलिए हर राज्य में विधायकों की संख्या से कोटा तय होता है। यह



इसलिए है कि हर सीट के लिए वोट्स बराबर बंटें और कोई पार्टी ज्यादा वोट्स से ज्यादा सीटें जीत सके। अगर किसी उम्मीदवार को कोटा से एक वोट भी कम मिला, तो वो हार जाता है। कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को सबसे ज्यादा नुकसान होगा क्योंकि 5 से 6 सीटें कम हो सकती हैं। जैसे गुजरात में कांग्रेस की 1 सीट खत्म हो सकती है, पश्चिम बंगाल में तृणमूल को लॉस, कर्नाटक में कांग्रेस को 1 कम। बीजेडी ओडिशा में 1-2 कम, वाईएसआर सीपी आंध्र में 3 कम, सीपीआई एम पश्चिम बंगाल से 1 कम। ये पार्टियां जहां विधानसभा में कमजोर हुईं, वहां सीटें गंवाएंगी। वहीं, फायदे वाली पार्टियां एनडीए दल की हो सकती हैं। इनमें बीजेपी को 7-9 सीटों का फायदा हो सकता है यानी कुल एनडीए 145 तक पहुंच सकती है। कांग्रेस को डीएमके तमिलनाडु में 1-2 एक्स्ट्रा सीट का फायदा हो सकता है, लेकिन ओवरऑल इंडिया गठबंधन डाउन रहेगा। महाराष्ट्र में 7 राज्यसभा सीटों पर चुनाव है, जिसमें से एनडीए के 6 सीटें मिल सकती है तो विपक्षी गठबंधन महायुति के सिर्फ एक सीट मिलने की संभावना है। राज्य में कुल 286 विधानसभा सीटें है, जिसमें से 2 सीटें खाली हैं। इस लिहाज से एक राज्यसभा सीट के लिए 37 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। मौजूदा समय में बीजेपी के पास 131, शिंदे की शिवसेना के पास 57 और अजित पवार की एनसीपी के पास 40 विधायक हैं। एनडीए के 235 विधायक बन रहे हैं, जिनके दम पर 6 सीटें आसानी से जीत सकती है। बीजेपी चार सीटें तो शिंदे और अजित पवार की पार्टी एक-एक सीट जीत सकती है। शरद पवार की एनसीपी के 10, उद्धव ठाकरे के 16 और कांग्रेस के 20 विधायक हैं। इस तरह तीनों दलों के कुल 46 विधायक। सीपीआई (एम) और एसके (एम) का एक-एक विधायक है। अन्य छोटे दलों और निर्दलीयों का समर्थन मिलने पर यह संख्या कुछ बढ़ सकती है। ऐसे में एक सीट विपक्ष को मिल सकती है। शरद पवार, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस में से किसी एक दल को यह सीट मिल सकती है, जिसके चलते शरद पवार की सीटें और उद्धव ठाकरे के लिए सियासी नुकसान होगा। बिहार की पांच राज्यसभा सीट पर चुनाव होने हैं, जिसमें एनडीए आसानी से 4 सीटें जीत सकती है और एक सीट विपक्ष को मिल सकती है।

तमिलनाडु में मौजूदा विधानसभा की स्थिति के लिहाज से डीएमके आसानी से चार सीटें जीत लेगा और एक सीट एआईएडीएमके भी बचा ले जाएगा, लेकिन एक सीट पर मुकाबला हो सकता है। ऐसे ही पश्चिम बंगाल की पांच सीटों में से टीएमसी अपनी चारों सीटें बचा लेगी, लेकिन यहां पर एक सीट सीपीएम को खोनी पड़ सकती है, जो बीजेपी के खाते में जा सकती है। ओडिशा में चार सीटों में से बीजेपी 3 सीटें आसानी से जीत लेगी और एक सीट से बीजेडी को संतोष करना पड़ सकता है। एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, अभिषेक मनु सिंघवी और प्रियंका चतुर्वेदी का कार्यकाल खत्म हो रहा है। इसके अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह से लेकर उपेंद्र कुशवाहा का भी टर्म पूरा हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे (कर्नाटक) के लिए री-इलेक्शन की कोशिश हो रही है, लेकिन स्पेकुलेशन है कि वह नहीं लौटेंगे। दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश) को कमलनाथ की जगह थर्ड टर्म नहीं मिलेगा। एचडी देवगौड़ा (कर्नाटक) जेडीएस के पास नंबर नहीं है, इसलिए रिटायरमेंट संभव है। शरद पवार (महाराष्ट्र) टर्म एंड, एनसीपी शरद पवार कमजोर, रंजन गोगोई (नॉमिनेटेड) मार्च में रिटायर, परिमल नथवानी (आंध्र) बीजेपी सेकंड टर्म नहीं देगी, बिकाश रंजन भट्टाचार्य सीपीआईएम। कुल मिलाकर, 2026 राज्यसभा में एनडीए और मजबूत होगा, जो विधेयकों को पास करने में आसानी देगा। विपक्ष को रणनीति बदलनी पड़ेगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
डा. विवेक बाल्याण




# पीओके की मुक्ति का संकल्प और भुला दिया गया नरसंहार

भारत का इतिहास केवल तिथियों और राजनीतिक निर्णयों का क्रम नहीं, बल्कि स्मृतियों, बलिदानों और अधूरे राष्ट्रीय दायित्वों की जीवंत धारा है। जम्मू–कश्मीर तथा पाकिस्तान अधिक्रांत जम्मू–कश्मीर (पीओके) से जुड़ा प्रश्न इसी अधूरे दायित्व का सबसे संवेदनशील और पीड़ादायक अध्याय है। अखंड भारत की अवधारणा केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सभ्यतागत एकता का भाव है। इसमें काराकोरम से कन्याकुमारी तक की भूमि, जन और परंपरा एक सूत्र में बंधी रही है, किंतु 1947 के विभाजन ने इस चेतना को गहरी चोट पहुंचाई, जब पाकिस्तान ने योजनाबद्ध तरीके से जम्मू–कश्मीर पर आक्रमण किया। इसे लंबे समय तक "कबायली हमला" कहकर प्रस्तुत किया गया, जबकि ऐतिहासिक साक्ष्य यह स्पष्ट करते हैं कि यह पाकिस्तानी सेना द्वारा संचालित 'ऑपरेशन गुलमर्ग' के अंतर्गत सैन्य आक्रमण था। इसका उद्देश्य केवल भूभाग पर कब्ज़ा नहीं, बल्कि जम्मू–कश्मीर की मूल सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को समाप्त करना था। इसी आक्रमण के परिणामस्वरूप पीओके के क्षेत्रों जैसे मुज़फ़्फ़राबाद, मीरपुर, कोटली, भिंबर, राजौरी और बारामूला में 1947 का वह भयावह नरसंहार हुआ, जिसे इतिहास में वह स्थान नहीं मिला, जिसका वह हकदार था। जहां हज़ारों निर्दोष हिंदू और सिखों की निर्मम हत्या की गई, महिलाओं और बच्चियों का अपहरण, बलात्कार और तस्करी हुई। नगर उजाड़ दिए गए और लोगों को केवल उनकी धार्मिक पहचान के कारण मौत के घाट उतार दिया गया। मीरपुर, जो कभी शिक्षा और सांस्कृतिक उन्नति के केंद्र के साथ-साथ व्यापार का भी बड़ा केंद्र था। नरसंहार और बंदी शिविरों का प्रतीक बन गया, जहां हजारों लोगों को अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया। वहीं राजौरी में 10 नवम्बर 1947 को दिवाली के दिन हुआ नरसंहार मानव इतिहास की सबसे पीड़ादायक घटनाओं में से एक है। अपमान और अत्याचार से बचने के लिए परिवारों को स्वयं अपने प्रियजनों की हत्या जैसे असहनीय निर्णय लेने पड़े, जो इतिहास में दर्ज एक मौन जौहर है। यह हिंसा केवल जनसंहार तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके साथ ही भारत की सनातन संस्कृति पर भी सीधा आक्रमण हुआ, जब शारदा पीठ जैसे महान ज्ञान केंद्र, प्राचीन मंदिरों, गुरुद्वारों और बौद्ध स्थलों को योजनाबद्ध रूप से नष्ट किया गया या अपवित्र किया गया, जिससे पीओके में भारत की सांस्कृतिक स्मृतियों को मिटाने का प्रयास हुआ। इस समूचे घटनाक्रम का परिणाम यह हुआ कि लगभग बारह लाख से अधिक लोग अपने ही देश में विस्थापित होकर रह गए। स्वतंत्रता के बाद इस अन्याय के विरुद्ध राष्ट्रवादी शक्तियों ने निरंतर संघर्ष किया, जिसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान एक निर्णायक मोड़ बना और "एक देश, एक विधान, एक निशान" का विचार राष्ट्रीय चेतना का आधार बना।

इसी क्रम में 22 फ़रवरी 1994 को भारतीय संसद ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर यह स्पष्ट किया कि पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ा किए गए जम्मू–कश्मीर के सभी क्षेत्रों को मुक्त कराना भारत का संकल्प है। यह विषय लंबे समय तक अकादमिक, मीडिया, राजनीतिक विमर्श के साथ-साथ राष्ट्रीय विमर्श से बाहर रहा। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35A के निरस्तीकरण ने जम्मू–कश्मीर के संवैधानिक एकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। इससे समान अधिकार, सामाजिक न्याय और विकास की नई संभावनाएं बनीं और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस निर्णय की वैधता स्वीकार किए जाने से यह प्रक्रिया और सुदृढ़ हुई। इसके साथ ही यह प्रश्न और अधिक स्पष्ट हो गया कि क्या राष्ट्रीय संकल्प केवल वर्तमान केंद्र शासित प्रदेशों तक सीमित रहेगा या पीओके और अन्य क्षेत्र जो पाकिस्तान और तक भी पहुंचेगा। पीओके का प्रश्न केवल भूमि का नहीं, बल्कि 1947 के नरसंहार के पीड़ितों को न्याय देने, विस्थापितों को सम्मान और भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्स्थापित करने का प्रश्न है। 22 फ़रवरी का संकल्प का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि इतिहास को भुलाकर राष्ट्र मजबूत नहीं बनते। आज आवश्यकता है कि पीओके के मुद्दे को संवेदनशीलता, तथ्य और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाया जाए ताकि यह दिन केवल स्मरण का नहीं, बल्कि उस अधूरे राष्ट्रीय संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में ठोस विचार और कार्य का प्रतीक बन सके। जब तक पीओके में बसे भारतीय मूल के लोगों और वहां से विस्थापितों को न्याय, पहचान और संवैधानिक अधिकार नहीं मिलते, तब तक अखंड भारत की कल्पना और भारत का संकल्प अधूरा ही रहेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## अंतःकरण की आवाज से जीवन का मार्गदर्शन



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## समर्पित भक्त का वास वैकुण्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछा- आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## सटीक



गुवाहाटी में 87वें सीआरपीएफ दिवस परेड के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान सटीक निशाना साधते दिखे

## आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो। यह ऐसी टैक्नोलॉजी है जो कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा बनाई जाती है और यह इनसान की तरह बहुत से काम भी कर सकती है। इस तकनीक का सबसे बड़ा नुकसान यह होगा कि यह रोजगार निगल जाएगी। *– प्रवीण उपाध्याय, भिलाई*

## ट्रेंड

### जीवंत ग्राम कार्यक्रम



पहले सीमावर्ती गांवों को न केवल उनकी भौगोलिक स्थिति बल्कि विकास में पिछड़ेपन के कारण भी अंतिम गांव कहा जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने जीवंत ग्राम कार्यक्रम के तहत उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें पहले गांवों में बदल दिया।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### कांग्रेस ने शर्मसार किया



जब पूरा विश्व भारत के वैश्विक नेतृत्व, नवाचार और प्रौद्योगिकी दृष्टि की सराहना कर रहा है, तब राहुल गांधी और कांग्रेस एक बार फिर देश को शर्मसार करने की राजनीति में लिप्त दिखे, जिसमें सत्ता की भूख इतनी गहरी है कि राष्ट्रीय सम्मान भी दांव पर लगाने से इन्हें गुरेज नहीं है।
**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### सिंगकॉन के निधन से दुःख



शिलांग से लोकसभा सांसद डॉ. रिकी ए.जे. सिंगकॉन के निधन से गहरा दुःख व्यक्त करते हैं। मेघालय की जनता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता



हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति के लिए एक बेहद प्रतिस्पर्धी दौड़ में हैं। हमें "नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता" और "जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता" से आगे बढ़कर "करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता" की ओर बढ़ना होगा।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर

# पोलैंड रूस से लगती सीमा पर बिछाएगा बारूदी सुरंग

पोलैंड अपनी पूर्वी सीमा पर रूस के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बारूदी सुरंग बिछाएगा। यह जानकारी देश के उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने शुक्रवार को को दी। पोलैंड विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौते से आधिकारिक तौर पर अलग हो गया है। वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी, जिसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई। पोलैंड ने 2012 में इसकी पुष्टि की थी और 2016 में अपने सभी बारूदी सुरंग नष्ट कर दिये थे। हालांकि शुक्रवार को उसने संधि से हटने की घोषणा करते हुए कहा कि वह इन हथियारों का निर्माण फिर से शुरू करने की योजना बना रहा है। जालेव्स्की ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, 'ये बारूदी सुरंग नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) के पूर्वी हिस्से में, पोलैंड के उत्तर में रूस के साथ और पूर्व में बेलारूस के साथ लगती सीमा पर लगाई जाएंगी।



## ऑफ बीट

# मानव जैसे घरेलू रोबोट अब बाजार में, बदलेगा जीवन

पिछले वर्ष नॉर्वे–अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनी वनएक्स ने एक अनोखे उत्पाद की घोषणा की– 'दुनिया का पहला मानवनुमा रोबोट, जो घरेलू जीवन को बदलने के लिए बनाया गया है।' कुल 168 सेंटीमीटर लंबा और 30 किलोग्राम वजनी 'नियो' नामक इस रोबोट की कीमत लगभग 20,000 अमेरिकी डॉलर है और यह कपड़े तह करने और बर्तन धोने जैसी घरेलू गतिविधियों को स्वचालित ढंग से करने का दावा करता है। नियो में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली अंतर्निहित है, लेकिन जटिल कार्यों के लिए कंपनी का एक कर्मचारी वर्चुअल रियलिटी हेलमेट पहनकर उसे दूरस्थ रूप से नियंत्रित करता है। इस दौरान ऑपरेटर घर के भीतर, रोबोट जो भी देखता है, उसे देख सकता है और यह प्रक्रिया भविष्य में सीखने के लिए रिकॉर्ड भी की जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वर्ष अन्य घरेलू मानवनुमा रोबोट भी बाजार में आ सकते हैं। हालांकि, नियो उन चुनौतियों को उजागर करता है जो हालिया एआई उछाल में देखने को मिली हैं–भारी प्रचार के साथ सीमित क्षमताओं वाले उत्पाद, गोपनीयता से जुड़े छिपे जोखिम और पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य दूरस्थ कर्मचारी। मानव जैसी मशीनों की कल्पना प्राचीन मिथकों से जुड़ी रही है, लेकिन उन्हें व्यावहारिक उपभोक्ता उत्पाद के रूप में देखना अपेक्षाकृत नया विचार है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ब्रिटेन ने अमेरिका को एयरबेस देने से किया इनकार, ट्रंप नाराज

**ब्रिटेन की कीएर स्टार्मर सरकार ने ईरान पर संभावित हमलों के लिए ब्रिटिश वायु सेना (आरएएफ) के ठिकानों का इस्तेमाल करने के अमेरिकी अनुरोध को ठुकरा दिया है। इस फैसले के बाद ब्रिटेन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है, जिसका सीधा असर चागोस द्वीप समूह के भविष्य पर पड़ सकता है।**

एजेंसी ▶▶ लंदन

अमेरिका और ईरान बीच सैन्य तनाव चरम पर है। इसके चलते मिडिल ईस्ट में महायुद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस बीच ब्रिटिश सरकार ने अमेरिका के अनुरोध को यह कहते हुए इनकार कर दिया कि इस तरह के हमले में भागीदारी अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो सकता है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटेन ने विशेष रूप से ग्लॉस्टरशायर के पास स्थित रॉयल एयर फोर्स बेस फैयरफोर्ड और हिन्द महासागर में स्थित डियेगो गार्सिया को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी. ये सैन्य ठिकाने संयुक्त रूप से ब्रिटेन और अमेरिका द्वारा उपयोग किए जाते रहे हैं, लेकिन किसी भी हमले के लिए औपचारिक अनुमति देना आवश्यक है।

■ दोनों सहयोगी राष्ट्रों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का कड़ा रुख

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटिश सरकार के इस रुख की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि अमेरिका को डियेगो गार्सिया तथा फैयरफोर्ड जैसे ठिकानों की आवश्यकता हो सकती है ताकि ईरान से संभावित सुरक्षा खतरों का सामना किया जा सके। उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री की योजना पर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह गलत फैसला हो सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय कानून का करेंगे पालन

*ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सैन्य कार्यवाही में भाग लेने से पहले वह अंतरराष्ट्रीय कानून और अपनी नीतियों का कठोर पालन करेगी। उसने यह भी कहा है कि पिछले वर्षों में उसने अमेरिका के ईरान पर सीधे हमलों में प्रत्यक्ष भागीदारी करने से इनकार किया है और केवल अपनी संपत्तियों और सहयोगी बलों की रक्षा तक ही अपनी भूमिका सीमित रखी है।*



### क्या है चागोस द्वीप समूह विवाद

यह विवाद ब्रिटेन की चागोस द्वीप समूह को मॉरिशस को सौंपने की योजना के इर्द-गिर्द जारी बातचीत से भी जुड़ा हुआ है। ब्रिटेन इस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने और डिएगो गार्सिया को 99 साल के लिए लीज पर वापस लेने की योजना बना रहा है, जिसके लिए 35 बिलियन पाउंड की राशि की चर्चा है। डिएगो गार्सिया यूके-यूएस का ज्वाइंट मिलिस्ट्री बेस बना रहेगा। यह हिंद महासागर में स्थित एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक बेस है। ब्रिटेन और अमेरिका के बीच डियेगो गार्सिया बेस पर लंबे समय से साझेदारी रही है और इसके माध्यम से दोनों देशों को मध्य पूर्व तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सैन्य संचालन में सहयोग मिला है। मौजूदा संधियों के तहत डिएगो गार्सिया से हमले के लिए अमेरिका को केवल ब्रिटेन को सूचित करने की आवश्यकता है, लेकिन आरएएफ बेस के उपयोग के लिए स्पष्ट अनुमति अनिवार्य है। लेकिन मॉरिशस के साथ ब्रिटेन के सौदे पर ट्रंप ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे बड़ा गलती बताया था।

### इधर, ट्रम्प ने किया मैक्रों का मैसेज लीक, छिड़ा विवाद

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि देशों के बीच रिश्तों में सम्मान बहुत जरूरी होता है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों नेताओं के बीच हुए प्राइवेट मैसेज लीक कर दिए। भारत के तीन दिन के दौरे पर आए मैक्रों ने भारतीय पॉडकास्टर राज शमानी के शो में यह बात कही। उनसे पूछा गया कि उनके निजी मैसेज लीक होने पर उन्हें कैसा लगा। इस पर मैक्रों ने सीधे ट्रम्प का नाम लेकर कुछ नहीं कहा, लेकिन इतना जरूर कहा कि कूटनीति में एक-दूसरे का सम्मान जरूरी है। मैक्रों ने कहा कि देश आपस में सहमत हों या असहमत, लेकिन अपनी बात सम्मान के साथ रखनी चाहिए। असहमति जताना गलत नहीं है, लेकिन उसका तरीका सही होना चाहिए। मैक्रों ने ट्रम्प पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ नेता आगे बढ़ने के बजाए पीछे जाते हुए दिख रहे हैं। ट्रम्प ने 20 जनवरी को मैक्रों का निजी मैसेज लीक किया था। उस मैसेज में मैक्रों ने ट्रम्प से कहा था कि वे समझ नहीं पा रहे हैं कि ट्रम्प ग्रीनलैंड को लेकर क्या करना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### एप्स्टीन फाइल : पूर्व राजकुमार एंड्रयू रिहा



**लंदन।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के भाई और पूर्व राजकुमार एंड्रयू माउंटबेटन-विंडर को रिहा कर दिया गया है। गुरुवार को पुलिस ने एंड्रयू को उनके 66वें जन्मदिन पर पद के दुरुपयोग के चलते गिरफ्तार किया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। टेम्स वैली पुलिस बल ने बताया कि पूर्व राजकुमार को गुरुवार शाम को रिहा किया गया। एंड्रयू को गुरुवार तड़के उनके घर से उन जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार किया था जो जेफ्री एप्स्टीन से उनके संबंधों की जांच कर रहे हैं।

### यूपी : शिक्षामित्रों को मिलेगा 18 हजार मानदेय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2026 से शिक्षामित्रों को 18,000 प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। अभी तक उन्हें 10,000 मिलते थे। यह बढ़ी हुई राशि 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। सीएम ने बताया कि अनुदेशकों का मानदेय भी बढ़ाकर 17,000 प्रति माह कर दिया गया है। इसके साथ ही शिक्षकों को 5 लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षामित्र संविदा पर काम कर रहे हैं।

### बिटकॉइन स्कैम : राज कुंद्रा को मिली जमानत



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और फेमस बिजनेसमैन राज कुंद्रा के लिए राहत की बड़ी खबर सामने आई है। मुंबई की स्पेशल पीएमएलए (पीएमएलए) कोर्ट ने करोड़ों रुपये के कथित बिटकॉइन स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज कुंद्रा को जमानत दे दी है। बता दें कि पिछले काफी समय से इस कानूनी पेचीदगी को लेकर कुंद्रा चर्चा में थे, लेकिन अब कोर्ट के इस फैसले ने उन्हें फिलहाल बड़ी राहत पहुंचा दी है। इस मामले में उन पर 150 करोड़ रुपये के हेरफेर के आरोप लगे थे, जिसकी जांच ईडी कर रही थी।

विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने जारी किया वीडियो

# बलूचों की कैद में रो रहे मुनीर के सैनिक बोले, पाक सरकार को हमारी परवाह नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में जो हालात चल रहे हैं, वो किसी से छिपे नहीं हैं। यहां न सिर्फ बीएलए ने पाकिस्तानी फौज के दांत खट्टे कर रखे हैं बल्कि कई सैनिकों को अपने कब्जे में भी ले रखा है। विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में कुछ पाकिस्तानी सैनिक घुटनों के बल बैठे नजर आ रहे हैं और अपनी जान बख्शने की भीख मांग रहे हैं। बीएलए के मीडिया विंग हक्काल मीडिया की ओर से वीडियो जारी किया गया है।

**रोते सैनिक बोले- हम पाकिस्तान के लिए लड़ते रहे, लेकिन आज सेना हमें अपना नहीं मान रही**

**पाक सरकार ने कहा था- उसका कोई भी सैनिक नहीं है लापता**




### यह कह रहा रोते हुए सैनिक

वीडियो में एक सैनिक रोते हुए कह रहा है कि वह पाकिस्तान के लिए लड़ता रहा, लेकिन आज सेना उसे अपना नहीं मान रही। सैनिक कह रहा है- 'मेरे पास पाकिस्तानी सेना का आईडी कार्ड है, फिर क्यों कहा जा रहा है कि मैं पाकिस्तानी सैनिक नहीं हूं।' वीडियो में बेतहाशा रो रहे सैनिक अपील कर रहे हैं कि उन्हें किसी तरह से छुड़ा लिया जाए। यह वीडियो पाकिस्तान की सेना के उस बयान को सीधी चुनौती देता है, जिसमें कहा गया था कि उसके कोई भी सैनिक लापता नहीं हैं और न ही किसी उग्रवादी संगठन की हिरासत में हैं।

### दशकों से चल रहा आंदोलन

बलूचिस्तान में कई दशकों से विद्रोही आंदोलन चल रहा है। विद्रोही संगठन राजनीतिक उपेक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को लेकर असंतोष जताते रहे हैं। हाल के वर्षों में हिंसा बढ़ी है, जिसमें सड़क किनारे बम धमाके, सुरक्षा काफिलों पर हमले और सरकारी प्रतिष्ठानों पर बड़े हमले शामिल हैं। मार्च, 2025 में बीएलए पर जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक करने का भी आरोप लगा था, जिससे देश की सुरक्षा चिंताएं और बढ़ गई थीं। पाकिस्तान सरकार बीएलए को उग्रवादी संगठन मानकर बातचीत से इनकार करती है।

### पाकिस्तान की कोई टिप्पणी नहीं

पाकिस्तानी सेना और सरकार ने अब तक इस वीडियो या दावों पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सेना ने इन सैनिकों को 'अपना' मानने से इनकार किया है, जिससे बीएलए इसे प्रोपेगेंडा के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। वीडियो को बलूचिस्तान पोस्ट जैसे इंडिपेंडेंट न्यूज पोर्टल और बीएलए के ऑफिशियल चैनल हक्काल के जरिए सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। यह वीडियो बलूचिस्तान में लंबे समय से चल रहे अलगाववादी आंदोलन को हवा दे रहा है।

### 17 पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों को पकड़ा था

*हिंदुस्तान की रिपोर्ट की मुताबिक, बीएलए का दावा है कि उसने ऑपरेशन हीरोफ 2.0 के दौरान कुल 17 पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों को पकड़ा था। शुरुआती जांच के बाद 10 को रिहा कर दिया गया, लेकिन 7 सैनिक अभी भी उनकी हिरासत में हैं। संगठन ने पाकिस्तान सरकार को अपने कैदियों की रिहाई के बदले इन सैनिकों की अदला-बदली का प्रस्ताव दिया था और इसके लिए 7 दिन की समय-सीमा तय की थी। पाकिस्तान सरकार को 22 फरवरी तक का वक्त दिया गया है। इस नए वीडियो में बीएलए ने कहा है कि समय-सीमा में अब सिर्फ कुछ दिन बचे हैं। वे इसे पाकिस्तानी सेना पर तंज कसने के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से इन सैनिकों के गायब होने या हिरासत में होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।*

कोर्ट में पेश होकर बोले राहुल गांधी

# हाइलाइट होने के लिए मुझ पर केस, सीडी से भी छेड़छाड़



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए बयान और मानहानि के मुकदमे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को अपने पक्ष रखने के लिए यूपी की सुल्तानपुर कोर्ट में पेश हुए। राहुल गांधी ने कोर्ट में कहा कि राजनीतिक द्वेष की भावना से मेरी और मेरी पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए सत्ता पक्ष की तरफ से यह साजिश रची गई है।

राहुल ने कहा कि सीडी सत्यापित नहीं है, इसमें छेड़छाड़ की गई है। मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप गलत और बेबुनियाद हैं। मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया है। कहा कि मेरा आशय किसी का अपमान करने का नहीं था। कहा कि हमारी छवि खराब करने के लिए दुर्भावना वश केवल हाईलाइट होने के लिए मेरे खिलाफ यह मुकदमा दायर किया गया है। राहुल गांधी के साथ इस दौरान कोर्ट में अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल के अलावा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### परिवाद हुआ था दायर

भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर किया था। पिछली सुनवाई में अदालत ने उन्हे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने का अंतिम मौका दिया था। फिलहाल राहुल गांधी इस मामले में जमानत पर हैं। राहुल की पेशी को देखते हुए कोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल की पहले से तैनाती की गई थी। बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता भी इस दौरान कोर्ट के बाहर पहुंचे। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि उनका बयान कोर्ट नंबर 19 में हुई है। अब अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी।

### 9 मार्च को होगी अगली सुनवाई

राहुल गांधी पर परिवाद दाखिल कराने वाले विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि 2018 में राहुल गांधी ने बंगलुरु की प्रेस कांफ्रेंस में अमित शाह को हत्या का अभियुक्त बताया था। इसी से क्षुब्ध होकर विजय मिश्रा ने परिवाद दाखिल किया था। प्रथमदृष्टया कोर्ट ने केस को स्वीकार किया था। 313 के मामले में स्वयं उपस्थित होना था। आज वह खुद उपस्थित हुए और कहा कि इस बारे में हम साक्ष्य उपलब्ध कराएंगे। राहुल गांधी ने सभी आरोपों से इनकार किया है। अपने पक्ष में बयान और सफाई साक्ष्य उन्हें उपलब्ध कराना होगा। इसके लिए जो भी दस्तावेज हों वह दाखिल कर सकते हैं। यह भी कहा कि मेरा केस बहुत मजबूत है। इस मामले में दो साल तक की सजा का प्रावधान है।

# कहीं पथराव कहीं आग, शिवाजी जयंती पर 3 राज्यों में तनाव

वर्तमान में नियंत्रण में बताई जा रही स्थिति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के तीन अलग-अलग राज्यों कर्नाटक, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटों के भीतर सांप्रदायिक तनाव की खबरें सामने आई हैं। शिवाजी जयंती के जुलूस और धार्मिक प्रार्थनाओं के दौरान हुई इन झड़पों ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। हालांकि पुलिस की मुस्तैदी के कारण किसी भी अप्रिय घटना की खबर नहीं है और वर्तमान में तीनों स्थानों पर स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।



### एमपी में मंदिर परिसर में तोड़फोड़ के बाद बवाल

जबलपुर के संवेदनशील सिहोरा तहसील में गुरुवार रात उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब एक दुर्गा मंदिर परिसर में कथित तौर पर तोड़फोड़ की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब मंदिर में शाम की आरती और पास की मस्जिद में नमाज का समय एक ही था। एक युवक ने कथित तौर पर मंदिर की ग्रिल को नुकसान पहुंचाया, जिससे दो समूहों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और पत्थरबाजी शुरू हो गई।

**कर्नाटक में जुलूस पर पथराव, एसपी घायल :** कर्नाटक के बागलकोट में शिवाजी जयंती के जुलूस के दौरान हिंसा भड़क उठी। जब यह जुलूस पंका मस्जिद के सामने से गुजर रहा था, तब कथित तौर पर पथराव किया गया। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, मस्जिद के पास डीजे पर 'मंदिर बनाएंगे' जैसे गाने बजाने को लेकर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद तनाव बढ़ा।

### आंध्र प्रदेश में नारेबाजी पर विवाद

हैदराबाद के अंबरपेट इलाके में भी शिवाजी जयंती के जुलूस और रमजान की प्रार्थना के दौरान झड़प देखने को मिली। जब जुलूस एक मस्जिद के पास से गुजर रहा था, तब वहां मौजूद लोगों ने तेज संगीत और नारेबाजी पर आपत्ति जताई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हुई। अंबरपेट की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया। किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की खबर नहीं है।

# कैप्चा का झंझट खत्म, फटाफट बुक कर पाएंगे ट्रेन टिकट

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईआरसीटीसी ने ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए मोबाइल ऐप व वेबसाइट में सुधार किया है। आईआरसीटीसी के अनुसार ऐप व वेबसाइट में लोडिंग प्रक्रिया को सरल बनाया गया। साथ ही मेनू विकल्प को फिर से अलाइन किया गया है। इनपुट में आसानी के लिए फार्म फील्ड को फिर से लाया गया है। साथ ही लॉगिन स्क्रीन पर अब कैप्चा नहीं होगा। ट्रेन लिस्ट अब अवधि के बजाय प्रस्थान समय के हिसाब से चुनी जाएगी। साथ ही फिल्टर दिखाएं/छिपाएं विकल्प को फिर से शुरू किया गया है।



### तकनीक का कैसे होगा इस्तेमाल?

आइआरसीटीसी ने इससे पहले साल 2025 में कई बदलाव किए गए हैं। इनमें गलत इस्तेमाल रोकने के लिए तकनीक का इस्तेमाल, 3.03 करोड़ संदिग्ध यूजर आइडी को बंद करना, राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर 3.99 लाख संदिग्ध पीएनआर की जानकारी देना।

### सर्वर पर कम होगा ट्रैफिक लोड

आइआरसीटीसी के अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए आधार सत्यापन के जरिए तत्काल और अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) बुकिंग को मजबूत किया गया। इससे वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट की उपलब्धता में काफी सुधार हुआ है। साथ ही स्थैतिक सामग्री को हटाने और सर्वर पर सीधे ट्रैफिक लोड को कम करने के लिए एक सामग्री डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) लागू किया गया है। सिस्टम पर गलत इरादे वाले और शक वाले स्वचालित कोशिशों को कम करने के लिए उन्नत एंटी (बीओटी) तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इनकी मदद से यात्रियों के साथ हो सकने वाले फर्जीवाड़े को कम किया गया।

# मुख्य न्यायाधीश देंगे छात्रों को उपाधि, 50 करोड़ की लागत से बनेगा नया ऑडिटोरियम



**रायपुर।** हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का नवां दीक्षांत समारोह 22 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा दीक्षांत भाषण देंगे। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के मुख्य अतिथि होने के कारण विवि प्रशासन द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। समारोह में प्रवेश केवल आमंत्रण के आधार पर होगा। इस बार भी एचएनएलयू का दीक्षांत विवि परिसर में आयोजित ना होकर बीते सत्रों की तरह वीपीआई रोड स्थित एक निजी होटल में रखा गया है। दीक्षांत समारोह का प्रसारण विश्वविद्यालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। सीजेआई के अलावा छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं विवि के कुलाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश व विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य पीएस नरसिम्हा तथा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

■ हिदायतुल्लाह विधि विवि का 9वां दीक्षांत कल

### अबूझमाड़िया समुदाय पर शोध

शुक्रवार को हुई प्रेसवार्ता में दीक्षांत समारोह में चर्चा के अलावा विवि प्रबंधन ने बीते सत्र में हासिल उपलब्धियों पर भी बात की। कुलपति डॉ.वीसी विवेकानंदन ने बताया, हेल्थ शील्ड कार्यक्रम के अंतर्गत संकाय एवं कर्मचारियों के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति सीमा 9,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए की गई है। एक करोड़ रुपए की निधि के साथ 'स्टाफ करुणा कोष नीति' प्रारंभ की गई है। शोध क्षेत्र में विश्वविद्यालय को जलवायु परिवर्तन संबंधी विधायी अध्ययन परियोजना तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा 'अबूझमाड़िया समुदाय' पर एक प्रमुख शोध परियोजना स्वीकृत हुई है। 'प्रोजेक्ट जस्टिस कनेक्ट' के लिए 3.35 करोड़ रुपए का अनुदान भी प्राप्त हुआ है।

### विवि में अब रिसर्च हब एंड स्पोक ब्लॉक

दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें कुलाधिपति स्वर्ण पदक, सर्वश्रेष्ठ उत्तीर्ण विद्यार्थी के लिए विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद स्वर्ण पदक तथा विभिन्न स्मृति स्वर्ण पदक शामिल हैं। 6 शोधार्थियों को पीएचडी प्रदान की जाएगी। मास्टर ऑफ लॉ करने वाले 88 छात्रों को स्नातकोत्तर उपाधि तथा 148 विद्यार्थियों को विधि स्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नए सभागार परिसर का शिलान्यास भारत के मुख्य न्यायाधीश करेंगे। इसके अलावा नवस्थापित 'रिसर्च हब एंड स्पोक' ब्लॉक का उद्घाटन भी होगा। इसमें 30 अनुसंधान कक्ष एवं एक बोर्ड कक्ष शामिल है।

अफगानिस्तान में तालिबान का आया नया कानून

# पति को पत्नी को मारने की खुली छूट, बस हड्डी न टूटे

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान में जब से तालिबान का शासन आया है महिलाओं के ख़िलाफ़ और सख्त से सख्त क़ानून लाए जा रहे हैं। महिलाओं के मानवाधिकार का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। अब तो एक ऐसा नया क़ानून लाया गया है जिसमें महिलाओं को 'गुलाम' के बराबर मानने का प्रावधान है। तालिबान के दंड संहिता में पति को पत्नी को मारने की छूट दी गई है। बस हड्डी न टूटे और खुला घाव न हो इसका ध्यान रखना होगा।

**दुनियाभर के मानवाधिकार संगठन हुए हैरान**

इतना ही नहीं, घरेलू हिंसा साबित करने पर भी पति को अधिकतम 15 दिन की सजा हो सकती है। तालिबान की ओर से शासित अफगानिस्तान में एक नई दंड संहिता लागू की गई है, जो करीब 90 पेजों का दस्तावेज है। इस संहिता पर तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा के हस्ताक्षर हैं और इसे जल्द ही अदालतों में वितरित किया जाएगा। महिलाओं को शिकायत का अधिकार तो है, लेकिन इसके लिए कड़ी शर्तें रखी गई हैं, जैसे घावों का अदालत में दिखाना और पति या पुरुष संरक्षक के साथ आना।



### ऐसे तय होगी सजा

नए कानून के तहत अपराध की सजा व्यक्ति की सामाजिक स्थिति के अनुसार तय होगी। यदि कोई धार्मिक विद्वान अपराध करता है तो उसे केवल चेतावनी या सलाह दी जाएगी। सामाजिक अभिजात वर्ग के सदस्यों को अदालत में बुलाया जा सकता है, जबकि मध्यम वर्ग को जेल की सजा हो सकती है। निचले वर्ग के लिए जेल के साथ-साथ शारीरिक दंड का भी प्रावधान है। महिलाओं को इस कानून में 'गुलाम' के समान दर्जा दिया गया है। पति या 'मालिक' को सीमित सजा देने की छूट दी गई है, बशर्ते हड्डी न टूटे और खुला घाव न हो. इस प्रावधान पर महिला अधिकार संगठन गंभीर चिंता जताते हैं।

# निगमायुक्त ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

**जबलपुर। शहर की विकास व्यवस्था और जन-समस्याओं के निराकरण को लेकर नगर निगम प्रशासन अब पूरी तरह से प्रतिबद्ध है । नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने निगम के सभी विभागीय प्रमुखों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सीएम हेल्पलाइन, स्वच्छता अभियान और वर्तमान में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ली।**



आयुक्त श्री अहिरवार ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि नागरिकों की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए।। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए और संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

स्वच्छता अभियान को लेकर आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कचरा संग्रहण और परिवहन की व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित किया जाए।

निगमायुक्त ने मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों और वार्डों में भी सफाई का स्तर ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए।

बैठक के दौरान आयुक्त ने अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि सभी विभागीय प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि जितने भी निर्माण या विकास कार्य चल रहे हैं, वे अपनी तय समय-सीमा में पूर्ण हों। उन्होंने कहा कि कार्य की गति के साथ-साथ गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए।



## श्रीमद भागवत कथा मनोकामना ज्ञान यज्ञ के लिए निकाली कलश स्थापना यात्रा

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा में श्रीमद भागवत कथा मनोकामना ज्ञान यज्ञ, पावन श्री कृष्ण लीला प्रसंग का आयोजन होगा, कार्यस्थल राम लीला मैदान, बाई का बगीचा घमापुर में, कथा का समय 2:00 बजे से हरि इच्छा तक, श्रीमद् भागवत कथा 18 से 24 फरवरी तक चलेगी, आयोजक समिति सनातनी हिंदू धर्म रक्षक संगठन, कथा वाचक पंडित अभिषेक चौबे अभिरामदास महाराज होंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 18 फरवरी को कलश स्थापना, 19 फरवरी को कपिल मुनि अवतार, सती चरित्र, 20 फरवरी को 52 अवतार, ध्रुव चरित्र, 21 फरवरी को कृष्ण जन्मोत्सव, 22 फरवरी को महारास एवं रुक्मणी मंगल, 23 फरवरी सुदामा चरित्र, फूल होली एवं व्यास, 24 फरवरी को पूर्ण पूर्णाहुति कथा का समापन, 25 फरवरी को कन्या भोज एवं हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## 'संगीतमय सप्ताह ज्ञान यज्ञ' चलेगा 27 तक

**जबलपुर।** जबलपुर के न्यू नर्मदा नगर में आज से एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई है। नगर के निवासी लवकुश तिवारी ने जानकारी दी कि उनके माता-पिता रविंद्र-कुसुम तिवारी के सानिध्य में 'संगीतमय सप्ताह ज्ञान यज्ञ' का आयोजन किया जा रहा है। यह ज्ञान यज्ञ 20 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक चलेगा जिसमें चित्रकूट से पधारे कथा व्यास गोकरण शास्त्री अपने मुखारबिंद से भक्तजनों को भागवत कथा के माध्यम से रसपान करवाएंगे, यह आयोजन लवकुश तिवारी के निजी निवास, न्यू नर्मदा नगर, जबलपुर में हो रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में राघवेंद्र तिवारी, कुसुम तिवारी और प्रीति तिवारी सहित पूरा परिवार बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने और आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है। इस आयोजन से क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है।



## साहू समाज का वृहद परिचय सम्मेलन 17 मई को, पत्रिका 'प्रयास' विमोचित

**जबलपुर।** संस्कारधानी की लोकप्रिय पत्रिका 'प्रयास' के संयोजन, जिला साहू समाज जबलपुर,श्री साहू वैश्य नगर सभा जबलपुर एवं साहू महिला मंडल जबलपुर की सहभागिता से इस वर्ष भी पत्रिका का 16वां अंक प्रकाशित किया जा रहा है। प्रयास पत्रिका के संपादक रमेश साहू ने बताया कि आगामी 17 मई 2026 को एक दिवसीय परिचय सम्मेलन प्रभात साहू पूर्व महापौर के संयोजन और आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है। सर्व साहू समाज से अपेक्षा है कि सम्मेलन में सम्मिलित होकर वैवाहिक रिश्ते और समाज को मजबूत करने में सहयोग करें।

## रमज़ान का पहला अशरा शुरू, आज पहला जुमा

**जबलपुर।** पवित्र माह रमज़ान शरीफ के पहले रोज़े की शुरुआत जुमेरात को हुई। शाम निर्धारित समय पर मस्जिदों से अज़ान की आवाज़ गूंजते ही रोजेदारों ने खजूर और पानी से इफ्तार कर अल्लाह का शुक्र अदा किया। मुस्लिम बहुल इलाकों में मस्जिदों की मीनारें हरी और लाल रोशनी से जगमगा उठीं।



रमज़ान के साथ पहला अशरा (रहमत का अशरा) शुरू हो गया है। इस माह में तीन अशरे होते हैं— पहला रहमत का, दूसरा मगफिरत (गुनाहों की माफी) का और तीसरा जहन्नम से आज़ादी का माना जाता है।मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा क़ादरी ने अपील की कि मुस्लिम समुदाय अधिक से अधिक समय इबादत में लगाए, फिज़ूलखर्ची से बचे और जरूरतमंदों की मदद करे। उन्होंने साहिबे-निसाब लोगों से ज़कात जल्द अदा करने का आग्रह किया।

### अफ्तार-ए-आम का आयोजन

बहोराबाग स्थित हजरत कासिम बाबा की दरगाह में पहले रोज़े पर अफ्तार-ए-आम हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने सामूहिक इफ्तार किया। मदन महल क्षेत्र में शेख अब्दुल कादिर जीलानी की यौमे-विलादत के अवसर पर भी विशेष आयोजन हुआ।

इस दौरान सैय्यद इकबाल अहमद रब्बानी, मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, सज्जादा नशीन सूफी मुबारक कादरी, खलीफ़ा इनायत अली कादरी, अजय अवस्थी, नरेंद्र त्रिपाठी, दिलीप सिंह भाटिया, विनीत एमरोज सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आज रमज़ान का पहला जुमा

आज रमज़ान का पहला जुमा है। शहर की 100 से अधिक मस्जिदों व नमाजगाहों में दोपहर लगभग डेढ़ बजे जुमा की नमाज़ अदा की जाएगी। नमाज़ से पहले खुत्बा होगा और बाद में मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी जाएंगी।

मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी क़दीर सोनी, हाजी भूरे पहलवान, हाजी शेख जमील नियाज़ी, सरदार हामिद हुसैन, हाजी सरदार अब्दुल हकीम बाबा, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी सहित अनेक समाजसेवियों ने शहरवासियों को रमज़ान की मुबारकबाद दी। सभी ने पर्व को शांति व सद्भाव से मनाने की अपील करते हुए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर निगम से मस्जिदों व मुस्लिम बस्तियों में साफ-सफाई, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।



## वन्य जीव संरक्षणविद नवनीत माहेश्वरी निर्विरोध निर्वाचित

**जबलपुर।** समाजसेवी स्व. मुकुंददास माहेश्वरी के सुपुत्र ख्यातिलब्ध वन्य जीव फोटोग्राफर एवं संरक्षणविद, नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के संचालक नवनीत माहेश्वरी को देश की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित प्रकृति संरक्षण संस्था बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी (BNHS) की गवर्निंग काउंसिल में मध्य भारत का प्रतिनिधि चुना गया है। विगत दिनों संपन्न चुनाव में श्री माहेश्वरी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नियुक्ति पर डॉ. जितेन्द्र जामदार, पवन स्थापक, सुनील फाटक, अशोक परियानी, पीयूष जैन, संजय जैन, कीपी, मनोज चक्रवेश, जितेन्द्र पचौरी, डॉ. बसंत मिश्रा, आशीष मालपानी, एड. रविन्द्र गुप्ता, राकेश गिदरोनिया, राकेश सोनी, शोभित वर्मा, पृथ्वी सिंह परिहार, गणेश थापा सहित अन्य ने बधाई प्रेषित की है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों की बैठक कल

**जबलपुर।** शहर जिला के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों, उत्तराधिकारियों, परिवारजनों की बैठक 22 फरवरी को गांधी भवन टाउन हॉल में दोपहर 02 बजे से आयोजित है। इस बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी तथा इसका एजेंडा तैयार कर संगठन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी को भोपाल प्रदेश मुख्यालय भेजा जाएगा। इस बैठक में समस्त स्वतंत्रता सेनानियों, परिजनों से संबंधित दस्तावेज जमा कराकर संगठन प्रकोष्ठ में अपना नाम पंजीयन कराने की अपील की गई है।

## ग्राम पंचायत घाना में रासेयो छात्रा इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**जबलपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय राँझी जबलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत घाना में मंगलवार से शुरू हुआ। सत्र के प्रथम दिवस कार्यक्रम में डॉ. अमरेश दुबे (MD मनोचिकित्सा, विभागाध्यक्ष) ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता तथा मेन्टल हैल्थ के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में उपस्थित श्री अभिषेक, NSS कार्यक्रम प्रभारी डॉ. माधुरी सिंह, मानसिक स्वा स्थ्य की प्रभारी डॉ. बिन्दु शर्मा, डॉ. दिप्रेन्द्र यादव, डॉ. रेणु बाला घई एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं महाविद्यलय से हरी झंडी दिखाकर छात्राओं को रावाना किया।





## अधारताल बिरसा मुंडा चौक में कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया

**जबलपुर।** कांग्रेस के द्वारा आज आधारताल बिरसा मुंडा चौक में शाम 5:00 बजे मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया, क्योंकि नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग श्रृंगार के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की है जिसका कांग्रेसजन खुला विरोध करते हैं एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफा की मांग करते हैं। इस अवसर पर चमन पासी, आदित्य मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, पूरनलाल, गंगा ठाकुर, जुम्मन सेन, कमलेश मालवीय, सुशील तिवारी, एडवोकेट सुनील राज, राजू तोमर, पी पटेल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक लखन घनघोरिया के जन्मोत्सव पर स्वास्थ्य शिविर 22 से

जबलपुर। पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया के जन्मोत्सव पर इस वर्ष भी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है, कि यह शिविर विगत 15 वर्षों से जनहित में समर्पित हैं। शिविर का आयोजन मानव सेवा के लिए पूर्व विधानसभा के क्षेत्रीय निवासियों हेतु कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया जा रहा है। विगत 15 वर्षों में आयोजित शिविरों से अभी तक लगभग पौने दो लाख लोग स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं। इस वर्ष 05 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर 22/02/2026 रविवार को बीमा हॉस्पिटल कांचघर, 23/02/2026 सोमवार को सिंधी धर्मशाला गोपाल होटल, 24/02/2026 मंगलवार को शुब्बाशाह मैदान, 25/02/2026 बुधवार को भानतलैया स्कूल खेरमाई, 26/02/2026 गुरुवार को धनी की कुटिया अधारताल में आयोजित है।

अलग-अलग दिनों एवं अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाने का आशय यह है कि शिविर का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को प्राप्त हो सके। वृद्धजनों, बच्चों को शिविर तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की परेशानियां न हों।

इन शिविरों में नेत्र परीक्षण के बाद निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन चश्मों की व्यवस्था पूर्वानुसार रहेगी। इस वर्ष भी 01 मार्च को मानव सेवा को समर्पित भावनाओं से सहायता हेतु जबलपुर के नेता विधायक लखन घनघोरिया के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सामुदायिक भवन रामलीला मैदान बाई का बगीचा में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मेगा स्वास्थ्य शिविर में दंत परीक्षण, स्त्री रोग, मेडिसन विभाग, रक्त संबंधी जांच, नाक, कान, गला रोग की जांच, ई.सी.जी. दवा वितरण एवं भोज का आयोजन किया जावेगा एवं शिविर में परीक्षण किये गये हितग्राहियों को चश्मे वितरित किये जावेंगे। पूर्व विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों से निवेदन है कि वे स्वास्थ्य शिविर में आकर आपने स्वास्थ्य संबंधी जांच कराकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें।

## शहर को शीघ्र मिलेगी एक और मेजर रोड की सौगात : दीपक वैद्य सीईओ जेडीए

**जबलपुर।**

जबलपुर विकास प्राधिकरण की नवीन विकासाधीन योजना क्रमांक 64 एवं 65 में चल रहे अधोसंरचना विकास कार्यों तथा अन्य निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का आज जेडीए सीईओ दीपक वैद्य द्वारा मैराथन निरीक्षण किया गया। सीईओ दीपक वैद्य योजनाओं में चल रहे विकास कार्यों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे विकास कार्यों में ठेकेदार द्वारा भी तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।इस संबंध में सीईओ दीपक वैद्य ने बताया कि जबलपुर विकास प्राधिकरण अपने मूल उद्देश्य की पूर्ति के लिए लगातार प्रयासरत है, इसी कड़ी में योजना क्रमांक 41 को नागपुर-कटनी बाईपास की ओर जोड़ने वाली 48 मीटर चौड़ी एवं 2.50 कि.मी. लम्बा बहुप्रतीक्षित एसआर-3 मार्ग शीघ्र आमजनों के आवागमन के लिए उपलब्ध होगा। इस मार्ग से विजय नगर एवं यो.क्र. 31 होते हुए एआरपी-4 मार्ग की कनेक्टिविटी सीधे नागपुर-कटनी बाईपास से हो जाएगी, जिससे 8 किलोमीटर की दूरी से बचत होगी एवं ईंधन की बचत के साथ यातायात सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी, इसके साथ ही पाटन बायपास के यातायात दबाव से भी निजात मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान जेडीए के कार्यपालन यंत्री संजय खरे, सहायक यंत्री राकेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित की छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती महोत्सव सांस्कृतिक संध्या

## मातृभूमि के प्रति समर्पण ही शिवाजी को सच्ची पुष्पांजलि

**जबलपुर।** आई भवानी आई भवानी तुझा चरणी शिवा आला, शिवा तुमचे साष्टांग वर मागले माझा स्वराज दिले, के साथ ही मराठी नृत्य नाटिका आमचा शिवराय, का बाल कलाकारों ने सजीव चित्रण मंच पर किया। "संस्कारधानी जबलपुर में मराठा कालीन विरासत के रूप में संस्कार संस्कृति और सभ्यता का योगदान है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने मातृभक्ति के साथ ही सभी वर्गों को जोड़कर मां भारती के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए जागरूक किया।"

उक्त उदगार हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, मराठा क्षत्रप छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती के अवसर पर क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित सायंकालीन छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा का पूजन अर्चन, आरती दीपोत्सव, सांस्कृतिक संध्या का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान विजय नगर में किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती महोत्सव में समाजसेवी डॉ. जितेन्द्र जामदार, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पार्षद कमलेश अग्रवाल, प्रतिभा विध्येश भापकर, अर्चना सिसौदिया, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, अभय गोरे, संदीप जैन गुडडा, नलिनकांत बाजपेई, तरूण सोनोने, प्रवीण सालुंके, शिवाजी राव ढवले, सुशील जाधव, मधूसुदन वाघ, कृष्णा जाधव, विवेक भोसले, अनिरुद्ध जाधव, राजू जाधव, वैभव मांडले, संतोष सोनोने, बाबू वानखेड़े, सौमित्र शिंदे, राजू सपकाळ, उमेश सरफरे, महिला मंडल की निर्मला हांडे, प्रतिभा जाधव, शोभाताई शिंदे, माया, अर्चना, रंजना, शिखा सोमाटकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।






## एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी के छात्र कुशाग्र वर्मा जेईई मेन्स में जबलपुर जिले में रहे प्रथम स्थान पर

**जबलपुर।** जेईई मेन्स 2026 की परीक्षा में ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. के छात्र कुशाग्र वर्मा ने 99.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान अर्जित करने का गौरव प्राप्त किया। छात्र कुशाग्र की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार की, बल्कि विद्यालय की छवि को भी गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सी.बी.एस.ई. प्रभारी प्राचार्य करन खुराना आदि ने उन्हें अपनी शुभकामनायें प्रेषित करते हुये छात्र कुशाग्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मोबाइल से स्व-गणना आसान

### निगमायुक्त ने शुद्धता और तकनीक का मंत्र

जबलपुर। जनगणना 2027 के आगामी चरणों को लेकर आयोजित दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने उपस्थित अधिकारियों, प्रगणकों और सुपरवाइजरों को संबोधित करते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग और डेटा की शुद्धता पर विशेष जोर दिया।निगमायुक्त ने कहा कि इस बार की जनगणना पहले के मुकाबले काफी सरल, सहज और आधुनिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ₹मोबाइल से स्व-गणना करना अब बहुत आसान है। उन्होंने बताया कि₹ तकनीक ने इस जटिल प्रक्रिया को सरल बना दिया है,



# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

लाइफ Style



# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

*रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।

हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।



# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।




# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।





# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*

**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।



# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी



*__मुंबई।__ एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



# सुपर आठ जंग : पाक स्पिनरों को साधने की रणनीति के साथ उतरेंगे कीवी बल्लेबाज

## पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में आज शाम 7 बजे से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

न्यूजीलैंड की टीम शनिवार 21 फरवरी को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं, जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं, जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है।

### न्यूजीलैंड टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा

न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा जिससे यह और मुश्किल हो सकता है। इसके विपरीत पाकिस्तान ने विश्व कप की शुरुआत से ही यहां की है और वह पहले प्रेमदासा में दो मैच खेल चुका है। पाकिस्तान के गेंदबाज, खासकर स्पिनर इस धीमी पिच पर असरदार होने के लिए लेंथ और रफ्तार जानते हैं, जहां शॉट लगाने के लिए हिम्मत से ज्यादा समझदारी की जरूरत होती है। इसलिए एलेन और सिफर्ट की पावरप्ले की धमाकेदार बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के मध्यक्रम का साथ चाहिए ताकि वे अपनी टीम को लगभग 180 या इससे ज्यादा के स्कोर तक पहुंचा सकें।



### बल्लेबाजी में पाकिस्तान की अपनी चिंता

पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सैम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान उसे बढ़त दिलाते हैं लेकिन बल्लेबाजी में उनकी भी अपनी चिंता हैं। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले साहिबजादा फरहान (220) के बाद शादाब खान (88) दूसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाजों को न्यूजीलैंड जैसी अनुभवी टीम के खिलाफ मिलकर बड़ा योगदान देना होगा। लेकिन पाकिस्तान प्रबंधन को बाबर आजम (चार मैचों में 66 रन) से ज्यादा चिंता किसी और बात की नहीं है क्योंकि यह पूर्व कप्तान टी20 बल्लेबाजों की जरूरतों को समझने में जूझ रहा है। अगर बाबर एक बार और लड़खड़ाते हैं तो पाकिस्तान प्रबंधन फखर जमां जैसे किसी और खिलाड़ी को ला सकता है, जो ग्रुप चरण के मैच में बेंच पर ही बैठे रहे।


### टीमें इस प्रकार

**पाकिस्तान** : सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आज़म, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

**न्यूजीलैंड** : मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सिफर्ट, ईश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

**मैच** : शाम 7 बजे शुरू होगा।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे विजेंदर

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 11वीं कॉग्निजांट नई दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मैराथन में 30 हजार से ज्यादा लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है और यह देश की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता से एक बनने वाली है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से प्रमाणित, 'एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस' से मान्यता प्राप्त और विश्व एथलेटिक्स से स्वीकृत यह मैराथन वैश्विक एथलेटिक कैलेंडर में अपनी जगह मजबूत कर रही है। इस चरण में 31 देशों, 490 शहरों और भारत के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोग हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन चार वर्ग फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 10के और 5के में किया जाएगा भारत का प्रतिनिधित्व एक एलीट टीम करेगी, जिसमें अनीश थापा, एबी बेलियप्पा, मान सिंह, अक्षय सैनी, टी गोपी, भागीरथी बिष्ट, निरमाबेन ठाकोर भारतजी, अश्विनी मदन जाधव, डिस्केट डोलमा और स्टैंजिन डोलकर शामिल हैं।

### 'अंडरडॉग' के बावजूद हम सहज : इब्राहिम



**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के सहायक कोच डॉयन इब्राहिम ने कहा कि भारत के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच से पहले वे छुपेरुस्तम (अंडरडॉग) कहे जाने के बावजूद सहज हैं और उनकी टीम ने तैयारी में सभी चीजें सही की हैं। इब्राहिम ने यह भी कहा कि उनकी टीम के लिए यह भी जरूरी यह है कि इस मौके पर वे घबराएं नहीं। जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को छह विकेट से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुपर आठ चरण में जिम्बाब्वे का सामना मौजूदा चैंपियन भारत, दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज और 2024 के फाइनल में पहुंचे दक्षिण अफ्रीका से होगा। इब्राहिम ने कहा, 'मुझे लगता है कि रैंकिंग और हर दूसरा पैमाना हमें छुपारुस्तम ही बताएगा, जो बिल्कुल ठीक है।

### एफआईएच प्रो लीगः भारतीय टीम की नजरें वापसी पर




**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को यहां स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरुआत में नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नई शुरुआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा, जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है।

## वुमैन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप : श्रीलंका ए को 5 विकेट से हराया, राधा ने किया हरफनमौला प्रदर्शन

# भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका की बल्लेबाजी को किया तहस-नहस, फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को श्रीलंका ए पर 5 विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर 4 विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (20 रन देकर 2 विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (9 रन देकर 2 विकेट) का अच्छा साथ मिला।

### राधा यादव ने पहले झटके 4 विकेट, फिर 18 गेंद में ठोके 31 रन



### भारतीय गेंदबाजों ने सेमीफाइनल में दिखाया दम

सेमीफाइनल मैच में इंडिया ए वुमेंस टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। इस मुकाबले में श्रीलंका की ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ श्रीलंका महिला टीम के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखे। श्रीलंका की पूरी टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 118 रन पर ढेर हो गई। लंका की पारी में सबसे ज्यादा रन संजना कविंदी ने बनाए, उन्होंने 35 गेंदों में 31 रन की धीमी पारी खेली। वहीं, शशिनी गिम्हानी ने 17 गेंदों में 22 रन की तेज पारी खेली। उनके अलावा हंसिमा करुणारत्ने ने 14 रन और सथ्या संदीपनी ने 15 रनों का योगदान दिया। भारत की गेंदबाजी की बात करें तो वहां कप्तान राधा यादव ने 3.4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं, प्रेमा रावत ने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन देकर 2 विकेट लिए। तनुजा कंवर ने भी 2 विकेट झटके।

### वृंदा ने बनाए 42 रन

लक्ष्य का पीछा करते समय भारत ने एक समय 21 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद उसे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। टीम के लिए वृंदा दिनेश 42 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। लेकिन राधा ने बल्लेबाजी में योगदान करते हुए 18 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 31 रन बनाए, जिससे भारत ने 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 22 फरवरी को खेला जाएगा।

# बांग्लादेश 'ए' ने जीता मुकाबला टूटा पाकिस्तानी टीम का सपना

### फाइनल में भारत से मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बैंकाक

बांग्लादेश 'ए' ने महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के फाइनल का टिकट कटा लिया है। टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड पर शुक्रवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश 'ए' ने पाकिस्तान 'ए' को 54 रनों से हरा दिया। इस हार के साथ ही पाकिस्तान का फाइनल खेलने और खिताब जीतने का सपना टूट गया। फाइनल में बांग्लादेश की भिड़ंत भारतीय टीम के साथ 22 फरवरी को होगी।

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। पूरी टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के लिए कप्तान फहीमा खातून ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 40 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी पारी के दौरान फहीमा ने 5 चौके जमाए। उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। शर्मिन सुल्ताना ने 15 रनों का योगदान दिया, जबकि शमिमा ने 13 रन बनाए। गेंदबाजी में पाकिस्तान की ओर से कप्तान हफ्सा खालिद ने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट लिए।

### पाकिस्तानी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखरी

*111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। पाकिस्तान की ओर से सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सकीं। पूरी टीम 56 रन पर ऑलआउट हो गई। सर्वाधिक 14 रन शावाल जुल्फिकार के बल्ले से आए। हफ्सा ने 15 गेंदों में 12 रन बनाए। गेंदबाजी में बांग्लादेश की ओर से संजीदा अख्तर मेघला ने 3.3 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिए। फहीमा खातून ने 6 रन देकर दो विकेट लिए।*

## महिला टी20 क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी के इरादे से उतरेंगीं भारत की महिला ब्रिगेड



एजेंसी ▶▶| एडिलेड

भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को शनिवार 21 फरवरी को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा।

भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारुपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, भारती फूलमाली, क्रांति गौड़, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमालिनी, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**ऑस्ट्रेलियाः** सोफी मोलिनू (कप्तान), तहलिया मैकग्रा, डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम। मैच दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।

### एडिलेड की पिच कैनबरा के मुकाबले अलग

एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक-अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को बल्ले पर आती गेंद पसंद है और उन्हें यहां कुछ मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि मैदान की सतह चिकनी होने से जिम्मेदारी भारतीय तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर पर होगी कि वे अपनी लाइन एवं लेंथ में स्थिर रहें क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज किसी भी ढील का आसानी से फायदा उठा सकती हैं।

**जॉर्जिया वोल सबसे बड़ा खतरा** : युवा खिलाड़ी जॉर्जिया वोल सबसे बड़ा खतरा हो सकती हैं, जिन्होंने अब संन्यास ले चुकी मेग लैनिंग और एलिसा हीली के जाने के बाद पारी के आगाज की भूमिका को जिम्मेदारी से संभाला है। इनकी जगह भरना बहुत बड़ी बात है लेकिन 22 साल की यह खिलाड़ी अब तक कमाल की रही है।

# नॉटिंघम फॉरेस्ट ने फेनरबाचे को 3-0 से हराया

## यूरोपा लीग



एजेंसी ▶▶| लंदन

नॉटिंघम फॉरेस्ट फुटबॉल क्लब ने यूरोपा लीग प्लेऑफ के पहले चरण में फेनरबाचे पर 3-0 से जीत हासिल की। फॉरेस्ट के लिए डिफेंडर मुरिलो, फॉरवर्ड इगोर जीसस और कप्तान मोर्गन गिब्स वाइट ने एक-एक गोल अपनी टीम को जीत दिलाई, जिसमें विटोर परेरा ने अपने पहले ही मैच में प्रभावित किया। वहीं सेल्टिक के मैनेजर मार्टिन ओनील को अपने करियर के 1,000वें मैच में स्टुटगार्ट से 1-4 से हार मिली। विक्टोरिया प्लजन ने एथेंस में पैनाथिनाइकोस के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। चैंपियंस लीग की तरह लीग चरण में शीर्ष आठ टीम स्वतः ही अंतिम 16 में पहुंच गई जबकि नौ से 24 नंबर की टीम दो चरण के प्लेऑफ में खेलेंगी। दूसरा चरण अगले गुरुवार को होना है।

### अनुभव तभी आता है जब बड़ी टीम से खेलते हैं : राशिद खान

चेन्नई। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में कनाडा को हराकर टी20 विश्व कप से शानदार तरीके से विदा लेने के बाद कहा कि क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के साथ और द्विपक्षीय श्रृंखलाएं होनी चाहिए क्योंकि इनसे अनुभव मिलता है। अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट रोमांचक क्रिकेट खेला और एक मुकाबले में स्कोर बराबर होने के बाद दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका से हार गया। हालांकि स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज ने कहा कि अगर अफ़गानिस्तान को नियमित रूप से क्रिकेट खेलने वाले मजबूत देशों के खिलाफ मौके मिलते हैं तो वह काफी आगे बढ़ सकता है। राशिद ने कहा, ' कुछ विभाग में सुधार की जरूरत है। बड़ी टीमों के खिलाफ मध्यक्रम बल्लेबाजी बिखर गई और डेथ ओवर में गेंदबाजी में भी सुधार चाहिए। पर यह सुधार तब होता है जब आप द्विपक्षीय सीरीज में बड़ी टीमों के साथ खेलते हैं।' राशिद ने कहा, ' हम (टूर्नामेंट के लिए) अच्छी तरह तैयार थे। हमने जबरदस्त क्रिकेट खेला। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच ने सच में सभी को दुखी किया। हमें उन (पहले दो) मैचों में से एक में जीत दर्ज करनी थी और देखना था कि टूर्नामेंट कैसा होता है। हम इस विश्व कप से सकारात्मक चीजें लेकर आगे बढ़ेंगे। '

## राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया वीडियो

# वैभव का दमदार शॉट, तोड़ दिया पानी का पाइप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे के तौर पर तेजी से पहचान बना रहे वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और लंबी हिट लगाने की क्षमता के कारण वे पहले ही क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रैक्टिस के दौरान उनका जोरदार शॉट पानी का पाइप तोड़ देता है। यह क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

### प्रैक्टिस सेशन में दिखी जबरदस्त ताकत

राजस्थान रॉयल्स द्वारा शेयर किए गए वीडियो में बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी नेट्स में अभ्यास करते नजर आ रहे हैं। एक गेंद पर उन्होंने स्क्वायर लेग की दिशा में जोरदार पुल शॉट खेला। गेंद इतनी ताकत से गई कि पास लगा पानी का पाइप टूट गया। यह दृश्य उनकी पावर-हिटिंग क्षमता का शानदार उदाहरण है। कोचिंग स्टाफ और साथी खिलाड़ी भी इस शॉट को देखकर हैरान रह गए।



### आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन

वैभव ने आईपीएल 2025 सीजन में अपने आक्रामक खेल से खास पहचान बनाई। मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वे आईपीएल इतिहास के सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल हो गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मुकाबले में 14 साल की उम्र में उन्होंने टी20 क्रिकेट में शतक जड़कर नया कीर्तिमान बनाया। वे आईपीएल में सबसे कम उम्र में अर्धशतक और शतक लगाने वाले भारतीय बने।

### अंडर-19 वर्ल्ड कप में रिकॉर्डतोड़ पारी

वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। हरारे में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 80 गेंदों में 15 चौके और 15 छक्के लगाए। यह अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने सात मैचों में 439 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।

### छक्कों की बारिश, तोड़े कई रिकॉर्ड

टूर्नामेंट के दौरान वैभव ने कुल 30 छक्के लगाए, जो अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास में एक नया रिकॉर्ड है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने 2022 संस्करण में 18 छक्के लगाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 169 से अधिक रहा, जो दर्शाता है कि वे केवल रन बनाने में ही नहीं, बल्कि तेज गति से रन जुटाने में भी माहिर हैं। अंडर-19 वनडे में वे भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हो चुके हैं।




# हाई कोर्ट ने कहा नियमितीकरण पर विचार करें जिम्मेदारों ने ऑउटसोर्स श्रेणी में शामिल कर दिया

हरिभूमि जबलपुर।

एक अवमानना मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने लोक स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग के सचिव, निदेशक आयुष निदेशालय सोनाली वायंगंकर, संभागायुक्त जबलपुर धनंजय सिंह भदौरिया और शासकीय आयुर्वेद कॉलेज जबलपुर के प्राचार्य एलएल अहिरवार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



जबलपुर निवासी गीता बाई की ओर से अधिवक्ता केके पांडे, कौशलेश पांडे व सिद्धार्थ एस पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, ग्वारीघाट, जबलपुर में वर्षों से दैनिक वेतन/कलेक्टर दर पर कार्यरत हैं। पूर्व में हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ताओं के नियमितीकरण के दावे पर 90 दिनों के भीतर विचार कर निर्णय लें। आरोप लगाया गया कि ऐसा करने की बजाय संबंधित अधिकारियों ने कर्मचारियों को आउटसोर्स श्रेणी में सम्मिलित कर दिया। ये न्यायालय के आदेश की की अवहेलना है।

## अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत का फैसला

# युवक के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा सुनायी

हरिभूमि जबलपुर।

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक सक्सेना की अदालत ने हत्या के आरोपी का दोष सिद्ध पाते हुये उसे अजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।



राजेन्द्र सोनी के घर पर लगा नल खुला था जिससे पानी बह रहा था। पहली मंजिल में किराए से रहने वाले आशीष श्रीवास्तव ने इस पर एतराज किया और कहा सुनी होने पर गालीगलौच करते हुये नीचे उतरकर आया और राजेन्द्र सोनी के साले शिव उर्फ मनोज सोनी ने उसे गाली देने से मना किया। घर से लाए चाकू आरोपी आशीष ने मनोज के सीने में उतार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। गोहलपुर पुलिस ने धारा 302 के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। घटना का मुख्य साक्षी मृतक का बहनोई और घटना में घायल हुआ दोस्त राहुल उर्फ लकी सोनी था। मामले के विचरण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से श्रीमती बविता नागदेव व कृष्ण गोपाल तिवारी विशेष लोक अभियोजक ने गवाहों व सबूतों को न्यायालय के सामने पेश किया। तमाम दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने अभियोजन पक्ष से सहमत होकर आरोपी को सजा सुना दी।

## मारपीट के आरोपी को एक साल की कैद

जबलपुर। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री किरण वर्मा की अदालत ने रांझी थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले में एक आरोपी का दोष सिद्ध पाया और एक साल के कठौर कारावास की सजा सुनाई। वहीं दो अभियुक्तों को सबूतों के आभाव में दोष मुक्त कर दिया गया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रांझी क्षेत्र में 10 मई 2016 को रात 11 बजे श्रीमती सावन मलिक घर से बाहर निकली तो आरोपी ढोनी पाल बबुआ उर्फ राजकुमार व गगन विरहा ने गाली गलौच कर मारपीट की जिससे उसका बाएं पैर का घुटना खिसक गया और उसके सीने कमर सिर व दाए हाथ में चोट आई। इस मामले में रांझी पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 325 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्षक की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने पैरवी की। इस मामले में कोर्ट ने सबूतों के आभाव में आरोपी बबुआ उर्फ राजकुमार एवं गगन विरहा को दोष मुक्त कर दिया, जबकी टोनी उर्फ सायमन का दोष सिध्द पाते हुये उसे एक साल की सजा सुनाई।

## फ्रीज बैंक अकाउंट चालू करने के निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता का फ्रीज बैंक अकाउंट चालू करने के निर्देश दिए। जबलपुर निवासी रवींद्र कुमार पटेल की ओर से अधिवक्ता रत्न भारत तिवारी ने बताया कि याचिकाकर्ता का खाता ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक में है जो कि उनकी दुकान मीनाक्षी किराना के नाम से संचालित है। नवंबर 2024 में बैंक द्वारा याचिकाकर्ता के उपरोक्त बैंक अकाउंट को कर दिया गया और सभी लेन देन पर रोक लगा दी गई। बैंक ने बताया कि उक्त अकाउंट में किसी फर्जी स्कैम के तहत कुछ राशि आई है। साइबर सेल गुवाहाटी और बंगलौर द्वारा सूचना देने के उपरांत अकाउंट को फ्रीज किया गया है। दलील दी गई कि बिना किसी सूचना और अपराध में संलिप्त न होने पर उसके अकाउंट पर केवल साइबर सेल की नोटिस के आधार पर होल्ड नहीं लगाया जा सकता। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त आदेश जारी करते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

# दो संभागों में 13 करदाताओं के विरूद्ध हुई कुर्की की कार्रवाई

जबलपुर। नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान के दौरान संभाग क्रमांक 2 और 11 में बार-बार सूचना देने के बाद भी जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राषि जमा नहीं की जाती है वैसे 13 करदाताओं के विरूद्ध निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देषानुसार संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह एवं कुलदीप तिवारी के द्वारा टीम के साथ करदाताओं की सम्पत्ति की कुर्की की कार्रवाई की गयी। दोनो संभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन करदाताओं की क्रमशः संभाग क्रमांक 2 मदन महल वार्ड अंतर्गत करदाता पर बकाया राशि 82 हजार 8 सौ 27 रूपये होने पर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी, वहीं श्रीमती रजनी गुलाटी भवन स्वामी पर 1 लाख 30 हजार 8 सौ 57 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई, तालाबंदी एवं नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी। नगर निगम प्रशासन का लक्ष्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करना है जहाँ हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। जब राजस्व समय पर प्राप्त होता है, तभी निगम जनहित के कार्यों को बिना किसी बाधा के पूरा कर पाता है। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला के वार्ड क्रमांक 67 में भवन स्वामी पी.एस. आनंद पर ब्लॉक सी 511 शुभम रेसीडेन्सी पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लाक बी 310 शुभम रेसीडेन्सी पर 53 हजार 8 सौ 66, ब्लॉक सी 516 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 211 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक ए 105 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 513 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 518 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 514 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 517 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ललित यादव पर 34 हजार 7 सौ 15 रूपये, एवं ब्लॉक सी 316 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, पर कुर्की की कार्रवाई कर नोटिस चस्पा किया गया। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी कुलदीप तिवारी, राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक स्नेह शुक्ला, सुभम रघुवंशी, लक्ष्मण कोल आदि उपस्थित रहे।

## दो भाईयों पर कातिलाना हमला

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत चंदन कालोन में मोटर सायकल ओव्हर टेक करने के विवाद पर कल रात 10 बजे बाईक सवार बदमाशों ने दो भाईयों पर कातिलाना हमला कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यास मोहल्ला निवासी श्रृषभ विश्वकर्मा अपने छोटे भाई देवांश विश्वकर्मा के साथ मुख्य मार्ग पर टहल रहा था। उसी समय आरोपी अर्जुन कुशवाहा ने मोटर सायकल ओवहर टेक कर देवांश को टक्कर मार दी। इसी बात पर विवाद हुआ, इसके बाद अर्जुन कुशवाहा के साथी सुमित बर्मन, दुर्गेश कुशवाहा, शिवम कुशवाहा दौड़कर आ गये और सबने मिलकर कटर से हमला किया और लात घूसों से मारपीट की जिससे दोनों भाई घायल हो गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## शातिर बदमाश एनएस में गिरफ्तार

जबलपुर। रांझी पुलिस ने शातिर बदमाश संजू पटेल को एनएसए में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रांझी थाना प्रभारी उमेष गोल्हानी ने बताया कि विश्वकर्मा मोहल्ला पुरानी बस्ती निवासी संजू पटेल के खिलाफ 27 अपराधिक मामले दर्ज हैं। क्षेत्र में उसका आतंक होने के कारण प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई, फिर भी उसमें सुधार नहीं आया। जिला दंडाणिकारी द्वारा एनएसए का वारंट जारी किये जाने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



# कक्षा पांचवी-आठवीं वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

जबलपुर। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशअनुसार जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा सुचारू रूप से 63 जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत 315 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जा रही हैं। जिले के 2485 शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्यनरत कक्षा पांचवी के 34128 तथा कक्षा आठवीं के 31005 विद्यार्थी अर्थात कुल 65133 विद्यार्थी परीक्षा में सहभागिता कर रहे हैं। आज दिनांक 20 फरवरी 2026 को परीक्षा के प्रथम दिवस प्रथम भाषा विषय का पेपर संपन्न हुआ। जिला शिक्षा केंद्र से डीपीसी योगेश शर्मा, एपीसी राजेश तिवारी, बीएसी अजय रजक ने सरस्वती शिक्षा मंदिर विजयनगर, सेपियंट हाइट इंटरनेशनल स्कूल, एमडीबंगाली स्कूल, अंजुमन इस्लामिया स्कूल माढ़ोताल परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सभी अपने निर्धारित दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। परीक्षा दिवस को ही जनशिक्षा केंद्रों से परीक्षा केंद्र तक प्रश्न पत्रों का वितरण किया जा है। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा केंद्र समस्त स्टाफ द्वारा, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों के द्वारा सतत मॉनिटरिंग की गई। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की गई।

## पुलिस ने आरोपी का पैदल मार्च निकाला

# सूचना पर पुलिस ने दी दबिश आपत्तिजनक कुछ नहीं निकला

जबलपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 42 किलोमीटर दूर खितौला थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 में देह व्यापार की सूचना मिलने पर पुलिस ने एक घर में दबिश दी हालांकी वहां आपत्तिजनक कुछ भी नहीं मिला. आरोपी के पुराने अपराधिक रिकार्ड को ध्यान में रखकर पूरे क्षेत्र में पैदल घुमाया। आरोपी हर कदम पर कान पकड़कर माफी मांगते नजर आया।

खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खितौला-मझगवां रोड निवासी 49 वर्षीय बंटी उर्फ सुनील के घर में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की सूचना पुलिस को लगातार मिल रही थी। थाना प्रभारी रमन सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस बल ने आरोपी के घर पर छापेमारी की। सर्चिंग के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और अनैतिक गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप लगते रहे हैं। स्थिति की गंभीरता और ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

### क्षेत्र में कराया गया पैदल मार्च

क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने आरोपी को पैदल घुमाया। इस दौरान आरोपी बीच सड़क पर कान पकड़कर भविष्य में अपराध न करने की कसम खाता दिखाई दिया।

## बिटक्वाईन में निवेश कर मुनाफा कमाने के नाम पर 19 लाख की ठगी

जबलपुर। मदनमहल थानान्तर्गत एक युवक को अज्ञात जालसाज ने ऑनलाईन करेंसी बिटक्वाईन में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 19 लाख रूपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराकर हड़प लिये। अचानक साईड बंद होने पर युवक को पता चला कि वह साईबर ठगी का शिकार हुआ है। मदन महल पुलिस ने बताया कि मदन महल निवासी शिवम सोनी जो शाजापुर का रहने वाला है फिलहाल शहर में रहकर टीवी सेलिंग का काम करता है उसके मोबाईल पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाईन सम्पर्क कर बिटक्वाईन के माध्यम से निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने की बात बतायी। शिवम का खाता एक्सेस बैंक में एएसएल के नाम पर है जिसके माध्यम से उसने गुना स्थित अभिषेक किराना स्टोर के खाता धारक को आरटीजीएस एवं आईएमपीएस से साढ़े नौ लाख रूपए एवं लाईव ब्रिक फील्ड खाता एक्सेस बैंक में एक लाख रूपए यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर किये।

मुख्य परीक्षाओं के साथ साथ, स्कूलों के संबंध्दता शुल्क भी बढ़े

# शिक्षा मंडल ने घोषित की नई शुल्क संरचना

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संशोधित शुल्क संरचना घोषित कर दी है। बोर्ड की कार्यपालिका समिति द्वारा लिए गए निर्णय के बाद अब हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं के साथ-साथ नामांकन और स्कूलों की संबद्धता के लिए नई संरचना के मुताबिक शुल्क देना होगा। इस संशोधित सूची में मुख्य परीक्षाओं के शुल्क के साथ-साथ द्वितीय परीक्षा, डीएलएड और माइग्रेशन फीस में बदलाव किया गया है। नियमित छात्रों के लिए सभी विषयों के लिए परीक्षा शुल्क 1500 रुपये देना होगा।

छात्र अब उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्राप्त करने के लिए भी निर्धारित नए शुल्क का भुगतान करेंगे। इसके अतिरिक्त, निजी स्कूलों के लिए हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर पर संबद्धता और नवीनीकरण शुल्क की दरें भी स्पष्ट कर दी गई हैं।



नये शुल्क के अनुसार अब नियमित छात्रों के लिए सभी विषयों के लिए परीक्षा शुल्क 1500 रुपये होगा. वहीं स्वाध्यायी छात्रों के लिए सभी विषयों के लिए परीक्षा शुल्क 1600 रुपये होगा, अतिरिक्त प्रति विषय के लिए 700 शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं द्वितीय परीक्षा के लिए शुल्क एक विषय के लिए 500 एवं दो विषयों के लिए 1000, तीन या चार विषय तक 1500 और चार से अधिक विषय के लिये 2000, डीएलएड नियमित संपूर्ण विषय परीक्षा शुल्क 7000 एवं डीएलएड परीक्षा द्वितीय अवसर- दो विषय तक 3000, चार विषय तक 5000, चार से अधिक विषय 7000 शुल्क होगा।

### स्कूलों की संबंधता शुल्क भी बढ़े

हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी संबद्धता शुल्क अब 10वीं नवीन संबद्धता शासकीय के लिये 20 हजार रुपये एवं 10वीं नवीन संबद्धता अशासकीय के लिये शुल्क 22 हजार रुपये निर्धारित किया गया है. इसी प्रकार शासकीय स्कूलों के लिये 12वीं के लिये नवीन संबद्धता शुल्क 27 हजार होगा वहीं अशासकीय के लिये यह राशी 30 हजार रुपये होगी।

इसी प्रकार शासकीय के लिये 12वीं नवीनीकरण शुल्क 9 हजार एवं 10वीं नवीनीकरण अशासकीय स्कूलों के लिये 10 हजार रुपये होगा. अन्य फीस क बात करें तो ग्राहयता शुल्क 12 सौ, परीक्षा केंद्र परिवर्तन शुल्क 1 हजार - विषय/माध्यम/संकाय परिवर्तन (प्रति विषय) शुल्क 700 रुपये, प्रतिलिपि अंकसूची/ प्रमाण-पत्र/ माईग्रेशन 10 वर्ष के अभिलेख तक 1000 रुपये निर्धारित किया गया है।

- प्रतिलिपि अंकसूची/प्रमाण-पत्र/माईग्रेशन (10 वर्ष से पुराने अभिलेख): 1200
- सत्यापन अंकसूची/प्रमाण पत्र/माईग्रेशन (10 वर्ष तक): 1000
- सत्यापन अंकसूची/प्रमाण-पत्र/माईग्रेशन (10 वर्ष से पुराने): 1200
- अंकसूची/प्रमाण-पत्र/माईग्रेशन में संशोधन (परीक्षाफल घोषणा से तीन माह तक):निःशुल्क
- अंकसूची/प्रमाण-पत्र/माईग्रेशन में संशोधन (तीन माह से एक वर्ष तक) प्रति अभिलेखः 600
- अंकसूची/प्रमाणपत्र/माईग्रेशन में संशोधन (एक वर्ष से पुराने) प्रति अभिलेखः 1000
- उत्तरपुस्तिकाओं की पुर्नगणना हेतुः 400- 18 उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति हेतुः 350।

## अवैध वाहन काटकर क्रैप में बेच रहे थे

# खजरी खिरिया कबाड़ खाने में चल रहा था खेल

हरिभूमि जबलपुर।

अधारताल थाना क्षेत्र के खजरी खिरिया में अवैध रूप से ट्रक और कार काटकर स्क्रैप बेचने के कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। क्राइम ब्रांच और अधारताल पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर करीब 50 लाख रुपये कीमत के वाहन, कटे हुए पाट्र्स और गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। टीम ने खजरी खिरिया स्थित गैरेज को चारों ओर से घेर लिया। क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया जांच में पाया गया कि छोटी ओमती निवासी आतिफ अली पिता मुजफ्फर अली यहां अवैध रूप से वाहनों की कटिंग कर उन्हें स्क्रैप में तब्दील कर रहा था। मौके पर ट्रक क्रमांक एमपी 46 एच 0163 आधा कटा हुआ मिला, जिसका सामान अन्य ट्रकों में लोड किया जा रहा था।



### बिना अनुमति चल रहा था खेल

गैरेज की तलाशी में ट्रक क्रमांक डीएल 1 पी 1469 और एमपी 20 जी 9040 भी मिले, जिनमें भारी मात्रा में कटा हुआ स्क्रैप भरा हुआ था। इसके अलावा इंडिका विस्टा, सेंट्रो और अन्य कारें भी खड़ी पाई गईं। जब गैरेज संचालक से वाहनों के दस्तावेज और कटिंग का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मौके से दो एचपी कंपनी के सिलेंडर, दो ऑक्सीजन सिलेंडर तथा एक बिना नंबर का इंजन भी जप्त किया है।

### टैक्स चोरी और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि

प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी बिना रजिस्ट्रेशन निरस्त कराए वाहनों को काट रहा था और टैक्स चोरी कर अवैध लाभ कमा रहा था। शासन के नियमों का उल्लंघन कर यह कारोबार संचालित किया जा रहा था। अधारताल पुलिस ने आरोपी आतिफ अली के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 01/26, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 106 तथा बीएनएस की धारा 318(1), 61(2) और मध्य प्रदेश मोटर वाहन कराधन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

पश्चिमी विक्षोभ से बदले मौसम के मिजाज

# जिले में बारिश के आसार बने

जबलपुर। मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। शुक्रवार को आसमान एकदम साफ होने पर दिन और रात का तापमान औसत से 1 ड्रिगी उपर चला गया। दिनभर गर्मी रही और रात में ठंडी हवाएं चलनी लगीं। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है की आज जिले के कई स्थानों पर वर्षा की संभावना है।पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में बदलाव आ रहा है। अगले एक हफ्ते तक मध्य प्रदेश में हलकी वर्षा होने और दिन का तापमान सामान्य से कम व रात का तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है।



अब दिन में लोगों को गर्म कपड़ों की आवश्यकता महसूस नहीं होती। रात में जरूर उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण शरीर में हवा चुभती है और लोग गर्म वस्त्रों का सहारा लेते है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जम्मू कश्मीर में मौसम के परिवर्तन के संकेत मिल रहे है। लिहाजा एक दो दिनों में तापमान में आंशिक गिरावट आ सकती है। लेकिन अब ठंड सिर्फ सुबह और शाम ही रहेगी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटो के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.07 सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 72 प्रतिशत एवं सायंकाल 46 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय 6.38 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.09 मिनिट पर हुआ। उत्तरी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंण्टे की रफ्तार से चलीं गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.5 और न्यूनतम तापमान 14.02 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कहीं कहीं गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240